# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




हजारीबाग डाक प्रमंडल द्वारा आयोजित डाक महामेला में भारत सरकार की विभिन्न डाक सेवाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई


• बोकारो, बुधवार 11 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 265 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# झारखंड में गांव से लेकर शहरों तक में दिखेगा विकास : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आज के राजनेताओं का जेल जाना ईडी और सीबीआई के एक्शन के तहत है। अंत में तो जनता के दरबार में जाना होता है। हम तो सदैव जनता की अदालत में जाते हैं। आज आप व्यक्ति को बांध कर रख सकते हैं लेकिन विचारों को नहीं बांध सकते हैं। हमारी जेएमएम सिर्फ पार्टी नहीं बल्कि विचार है। राज्य बनने के बाद सूबे के प्रति संवेदनाएं दिखाई गई होती तो ज्यादा बदलाव देखने को मिलते। यह बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को एक टीवी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को जहां होना चाहिए था वो नहीं पहुंच पाया। अब हमने मोर्चा संभाला है। हर वर्ग के लिए या आने वाली पीढ़ी हो और उन सबके विकास को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। जेएमएम ने कई उतार चढ़ाव देखें हैं। देश में कई राज्य भाषा या प्रशासनिक कारणों से बने लेकिन इस राज्य का सृजन आंदोलन के कारण है। ये वीरों की भूमि है। राज्य के हर कोने में ऐसा समूह है जो पिछड़े समूहों से आते हैं, जिन्होंने अपनी लड़ाई लड़ी है। शिबू सोरेने ने राज्य को पाने के लिए एक लंबी



लड़ाई लड़ी है और उसको पाया है। झारखंड के लोगों ने देश और राज्य के इतिहास में बहुत योगदान दिया है। देश के आजाद होने और उसके बाद भी लोगों ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। टाटा और बिरला जैसा समूह पहले हमारे राज्य में पहुंचे। इस देश के सर्वांगीण विकास के लिए हमारे राज्य के लोगों ने अपनी जमीन जानें दी। इस तरह से कई सारे योगदाान हमारे राज्य के लोगों ने दी है। आज जो स्थिति है वो अनुभव कड़वे रहे। यही वजह है कि यहां के लोगों ने हमें दूसरी बार बड़ी जीत दिया है और आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हम लोगों ने जो लकीरें खींची है वो बहुत मजबूत है। आने वाले समय में गांव से लेकर शहरों में विकास देखने को मिलेगा। श्री सोरेन ने कहा कि जमीन एक्ट हमारे विकास में बाधा नहीं है बल्कि आदिवासियों के हित को लेकर बने रहे हैं। इससे लोगों को फायदा हुआ है। कई जगह बाधाएं जरूर आई हैं लेकिन सड़क बन रही है। रेल लाइन बिछ रही हैं और इंड्रस्टी लग भी रही हैं। इस कानून के बावजूद विकास के पैमाने में हमारे राज्य में रेल लाइन बन रही है, सड़क बन रही है। विकास में कानून से कोई बाधा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जो लंदन में उच्च शिक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से स्कॉलरशिप देगा। हर साल 25 बच्चों को पढ़ाई के लिए भेजा जाएगा। इस पहल को वहां की सरकार ने भी काफी सराहा है।

# निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को हर दिन देना होगा खर्च का हिसाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव में धन-बल के आधार पर चुनाव जीतने की चाहत रखने वाले प्रत्याशियों के मंसूबों पर पानी फ़ेरने के लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। पिछले चुनाव के अनुभव को देखते हुए आयोग ने इस बार के चुनाव में नजर रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी 48 शहरी निकायों में व्यय पर्यवेक्षक के साथ-साथ सामान्य पर्यवेक्षकों की तैनाती की है जो प्रत्याशियों के खर्चे और गतिविधि पर नजर रख रही है। इसके अलावा प्रत्याशियों और उनके समर्थकों द्वारा चुनाव के दौरान गैर कानूनी हड़कत किए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान कराना आयोग की प्राथमिकता में है। ऐसे में प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि जारी दिशा-निर्देश के तहत ही कार्य करें। उन्होंने कहा कि हर जिले में नजर रखने के लिए कंट्रोल रुम बनाया गया है जिसमें अधिकारियों को तैनात किया गया है। नगर निकाय चुनाव में 10 लाख से अधिक वाले जनसंख्या क्षेत्र के महापौर/अध्यक्ष के लिए अधिकतम 25 लाख रुपए निर्वाचन की सीमा रखी गई है। वहीं वार्ड पार्षद के लिए 5 लाख निर्धारित किए गए हैं। वहीं दस लाख से कम जनसंख्या वाले क्षेत्र के महापौर/अध्यक्ष के लिए 15 लाख रुपये और वार्ड पार्षद के लिए 3 लाख रुपया निर्धारित किया गया है। इस सीमा के अंदर ही प्रत्याशी खर्च करेंगे। चुनाव आयोग के निर्देश पर इसके लिए हर प्रत्याशियों का बैंक एकाउंट खोला गया है। साथ ही हर प्रत्याशियों को प्रत्येक दिन खर्च का ब्यौरा संबंधित नगर निकाय क्षेत्र में जमा करना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग के सचिव ने कहा कि चुनाव के दौरान होनेवाले सामग्री के व्यय के लिए खर्च का दर तय है। उसी के अनुसार व्यय पंजी में दाखिल कर प्रत्याशी को समेकित रुप से चुनाव के बाद दाखिल करना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर को जान से मारने की धमकी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां एक डॉक्टर को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी गई है। मामला नावाडीह इलाके में बिरसा मुंडा पार्क के पास महाकेश्वर कॉम्प्लेक्स का है। यहां संचालित किडनी केयर क्लिनिक के संचालक डॉ मिहिर कुमार को अज्ञात व्यक्ति ने धमकी भरा पत्र भेजा है। यह पत्र क्लिनिक के आइसीयू के बाहर चिपका हुआ मिला जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। डॉ मिहिर की शिकायत पर धनबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### चार दिनों से लापता नेहा सकुशल बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र से चार दिनों से लापता 11 वर्षीय बच्ची नेहा को रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई से सकुशल बरामद कर लिया है। रांची पुलिस द्वारा नेहा की कुशल बरामदगी को लेकर 21 हजार के इनाम की घोषणा भी की गई थी। रांची पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज के अनुसार अपने घर से चार दिनों से लापता 11 वर्षीय बच्ची नेहा को पुलिस ने बरामद कर उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। नेहा को मंगलवार को चुटिया थाना क्षेत्र के प्रेमाश्रय के पास से बरामद किया है।

### कार से नौ लाख रुपये नकद बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की राजधानी रांची में नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। चुनाव के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और सीमावर्ती इलाकों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ स्थित चौरा टांगरा के समीप बने चेक पोस्ट पर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच के दौरान पुलिस ने एक कार से नौ लाख रुपये नकद बरामद किए हैं, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

### कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत किनामाड़ स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास एनएच-39 पर मंगलवार को एक कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान लातेहार के बोड़ा, सबानो निवासी पवन यादव के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक कढ़िमा, लातेहार निवासी मुकेश यादव है।

### महिला की गोली मारकर हत्या

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गयघाट गांव में सोमवार रात एक 25 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश से जुड़ी है। गयघाट गांव निवासी पूनम कुमारी का शव उसके घर से लगभग 50 मीटर दूर खून से लथपथ मिला। पूनम की हत्या गोली मारकर की गई थी।

# झारखंड के विश्वविद्यालयों में गठित होगी शिकायत निवारण समिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अब छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक संगठित व्यवस्था तैयार की जा रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसके लिए शिकायत निवारण तंत्र (ग्रिवांस रिड्रेसल मैकेनिज्म) का प्रारूप तैयार कर सभी सरकारी विश्वविद्यालयों को भेज दिया है। विभागीय प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में अलग-अलग स्तर पर शिकायत निवारण समितियों का गठन किया जाएगा। संबंधित विश्वविद्यालय अब इस ड्राफ्ट को अपने सिंडिकेट से मंजूरी दिलाकर विभाग को वापस भेजेंगे। नई व्यवस्था के तहत छात्र अब शैक्षणिक सुविधाओं में कमी, प्रोस्पेक्टस में वर्णित सुविधाएं उपलब्ध न होने, भेदभाव, उत्पीड़न, नामांकन से जुड़ी अनियमितता, छात्र संघ चुनाव, नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा न मिलने जैसी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। कॉलेज स्तर पर गठित होने वाली समिति के अध्यक्ष प्राचार्य या प्रोफ़ेसर-इन-चार्ज होंगे। कुलपति द्वारा नामित एक विभागाध्यक्ष या वरिष्ठ शिक्षक, प्राचार्य द्वारा नामित दो वरिष्ठ शिक्षक समिति के सदस्य होंगे। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी को सदस्य सचिव बनाया जाएगा। इसके साथ ही एक छात्र प्रतिनिधि को आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता डीएसडब्ल्यू करेंगे। समिति में प्रॉक्टर, कुलपति द्वारा नामित पांच प्रोफ़ेसर, अंतिम वर्ष के दो छात्र सदस्य होंगे। रजिस्ट्रार को समिति का सदस्य सचिव बनाया जाएगा। अध्यक्ष के विवेक से अन्य सदस्यों को भी नामित किया जा सकेगा। समिति में एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग से कम से कम एक सदस्य का होना अनिवार्य होगा। सभी सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष निर्धारित किया गया है।

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में मंगलवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो लोगों की मौत की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांदी श्रीरामपुर पंचायत के चुंगलो गांव में हुई। यहां गरहाटांड टांड़ रेलवे पटरी के पास लगभग 60 वर्षीय किशोरी पंडित का शव मिला। स्थानीय लोगों ने मंगलवार को शव देखकर जीआरपी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को सदर अस्पताल, गिरिडीह भेजा। मृतक की पहचान चुंगलो गांव निवासी किशोरी पंडित के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि वे अपनी बेटी के घर जमुई गए थे और मधुपुर-गिरिडीह ट्रेन से लौट रहे थे। आशंका है कि ट्रेन से गिरने के कारण उनकी मौत हुई। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना पीरटांड प्रखंड के हरलाडीह ओपी क्षेत्र के बड़की टांड़ गांव में हुई। यहां 26 वर्षीय विवाहित महिला यशोदा कुमारी (पति विकास कुमार महतो) का शव खेत में एक पेड़ से साड़ी के फंदे में लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे फंदे से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार, यशोदा कुमारी और उसकी सास के बीच पिछले कुछ दिनों से कहासुनी चल रही थी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आत्महत्या का कारण यही था या कोई अन्य वजह।

# छह सप्ताह में हो जाएगी लोकायुक्त की नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लोकायुक्त के अलावा सभी ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष और सदस्यों के पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इससे जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि इस दिशा में काम चल रहा है और छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जाएगी। सरकार का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 17 मार्च की तारीख तय कर दी है। इस मामले की जानकारी अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी है। दरअसल लोकायुक्त का पद साल 2021 से रिक्त है। साथ ही कई ट्रिब्युनल में अध्यक्ष और सदस्यों का पद भी खाली पड़ा है। इसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर है। आज चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने नियुक्ति में विलंब का कारण पूछा। जवाब में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इस काम को छह सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट का बताया था कि लोकायुक्त, सूचना आयुक्त और मानवाधिकार आयोग के पद वर्षों से लंबित पड़े हैं। हर बार सरकार की ओर से टालमटोल किया जाता है। लिहाजा, प्रमुख पदों के रिक्त होने की वजह से मामले लंबित पड़े हैं। बता दें कि 29 जनवरी को जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के रिक्त पद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हुई थी तब खंडपीठ ने सरकार से जानना चाहा था कि सूचना आयोग कबतक कार्यशील हो जाएगा। इसपर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने खंडपीठ को बताया कि चार सप्ताह में आयोग फंक्शनल हो जाएगा। दलील सुनने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को चार सप्ताह का समय दिया था। इस मामले की सुनवाई 27 फरवरी को होनी है।






# अत्याधुनिक सेटेलाइट स्टेशन बनेगा आदित्यपुर : जीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा एक दिवसीय प्रस्तावित दौरे के तहत आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आदित्यपुर से लेकर चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया। जीएम के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार और आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए आदित्यपुर रेलवे स्टेशन को एक 'सेटेलाइट स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव और परिचालन इसी स्टेशन से सुनिश्चित किया जाएगा जिससे टाटानगर जाने वाले यात्रियों को



एक सुगम विकल्प मिल सकेगा। जीएम ने नवनिर्मित आदित्यपुर रेलवे स्टेशन के भवन का जायजा लिया और कार्य की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निम्न सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण कुमार हुरिया समेत मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जीएम ने स्पष्ट किया कि चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आदित्यपुर की भूमिका आने वाले समय में बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही को मिला नया नेतृत्व, पुष्प कुमार झा बने चौथे प्राचार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरही (हजारीबाग)** । डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में पुष्प कुमार झा ने विद्यालय के चौथे प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्हें प्रभारी प्राचार्य नरसिंह शर्मा ने औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने नवपदस्थापित प्राचार्य का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

पदभार संभालने से पूर्व श्री झा एनटीपीसी बड़कागांव स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। वे रसायन विज्ञान के पीजीटी शिक्षक भी हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और सह-शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्थान शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण की परंपरा का निर्वहन करता है और इन्हीं मूल्यों के आधार पर विद्यालय की निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संस्थान नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया था। अब पुष्प कुमार झा के पदभार ग्रहण करने के साथ ही विद्यालय को स्थायी नेतृत्व मिल गया है।

# चार दिवसीय पंचायत प्रशिक्षण का समापन, मनरेगा व पीएम आवास योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चूरचू (हजारीबाग)** । पंचायती राज विभाग, झारखंड राज्य के निदेर्शानुसार आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज दिनांक 10/02/2026 को किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी श्री ललित राम उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलती है।




इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्रतिमा कुमारी एवं आलोक कुमार द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीडीएस, पंचायत ज्ञान केंद्र सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चूरचू मुखिया सह अध्यक्ष देवकी महतो, बहेरा पंचायत मुखिया पुनम बेसरा, हेंडेगडा मुखिया गिरजा कुमारी, चरनारो मुखिया बृज बिहारी महतो, अंगो मुखिया सीतामढ़ी देवी, चरही मुखिया संजली मुर्मू, जरबा मुखिया सुनीता देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा पंचायत सचिव अनिता राय, अंगारे, ललिता कुमारी, पंचायत सेवक रूबी कुमारी, मदन किस्को, अर्चना कुमारी, पंचायत सहायक रवि कुमार, विनोद कुमार, शंकर चौधरी, फूल केरिया, किशोरिया, संजू कुमारी, भुनेश्वर महतो, राजू शर्मा सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

## मेयर चुनाव : तस्लीम अंसारी के समर्थन में कांग्रेस का जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कांग्रेस समर्थित मेयर प्रत्याशी मोहम्मद तस्लीम अंसारी के समर्थन में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में मंगलवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने हजारीबाग कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं, बुद्धिजीवियों और आम मतदाताओं के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और तस्लीम अंसारी को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस बार नगर निगम चुनाव में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने दावा किया कि तस्लीम अंसारी की जीत केवल एक उम्मीदवार की जीत नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता की जीत होगी। नेताओं ने कहा कि शहर की जनता विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है और यही सोच इस चुनाव में निर्णायक साबित होगी।



कांग्रेसजनों ने विश्वास जताया कि तस्लीम अंसारी के नेतृत्व में नगर निगम का चहुंमुखी विकास होगा और हजारीबाग को साफ, सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाने की दिशा में ठोस काम किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान आम लोगों में भी उत्साह देखा गया और मतदाताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इस अभियान में पूर्व जिला अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह, कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुमार कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष सह मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष आबिद अंसारी, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव, नगर अध्यक्ष परवेज अहमद, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगंबर कुमार मेहता, प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, प्रदेश सचिव विनोद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता शशिकांत ओझा, अधिवक्ता मोहम्मद इजहार, अधिवक्ता आनंद कुमार, अधिवक्ता शशि कुमार, अधिवक्ता आनंद सिंह, अधिवक्ता कमाल अमरोही, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप, जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, जिला उपाध्यक्ष मकसूद आलम, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष गुड्डू सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाविर, इंटक जिला अध्यक्ष कजरू साव, डॉ. भैया असीम कुमार, निसार अहमद भोला, वरिष्ठ कांग्रेसी सलीम रजा, राजू चौरसिया, मोहम्मद वारिस, राजीव कुमार मेहता, युवा कांग्रेस जिला महासचिव मोहम्मद दानिश, युवा कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शाबान, मोहम्मद माशूक, हैदर अली, अजीत मेहता, अनिल कुमार भुईंया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड संख्या -01 से अनिल कुमार गुप्ता ने जारी किया संकल्प पत्र

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्याझ01 से प्रत्याशी अनिल कुमार गुप्ता ने आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर अपना संकल्प व घोषणा पत्र जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड के सर्वांगीण विकास एवं नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी संकल्प पत्र के अनुसार, पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु ओपन कास्ट माइंस से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाकर पंचवा स्थित सदर अस्पताल के समीप वाटर फिल्टर लगाते हुए वार्ड के प्रत्येक टोला एवं घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा उन्होंने बताया कि बुढ़वा आहार एवं सोना आहार तालाब में छठ व्रतियों की सुविधा के लिए छठ घाट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही वार्ड में शेष बची सड़कों एवं नालियों का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकारी योजनाओं से वंचित जरूरतमंद लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा तथा वृद्धजनों एवं बुजुर्गों को पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के जनता की समस्याओं को सुनेंगे और त्वरित समाधान करेंगे। साथ ही वार्डवासियों के सुख-दुख में 247 साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया गौरतलब है कि वार्ड संख्याझ01 से अनिल कुमार गुप्ता अलमारी छाप चुनाव चिन्ह पर चुनाव मैदान में हैं।

### सात दिवसीय मधु मक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** उद्यान विभाग द्वारा पचम्बा स्थित कृषि फार्म हाउस प्रशिक्षण भवन में सात दिवसीय मधु मक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ट्रेनर योगिया उरांव के द्वारा प्रशिक्षुओं को मधु मक्खी पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और बताया कि अन्य मधु मक्खियो के अपेक्षा रानी मधुमक्खी पालन के लिए अच्छा है। प्रशिक्षण में तेलहन उत्पादन क्लस्टर में मधुमक्खी पालन अपनाने से उपज, गुणवत्ता आय और पर्यावरण चारों में सुधार होता है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक प्रभावी, टिकाऊ एवं लाभकारी तकनीक है। गांव की महिलाओं में जीविकोपार्जन का साधन होगा तथा आय के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगी।साथ ही इनके शहद में होने वाले लाभकारी गुण भी बताया गया। संयोजक नौशाद आलम ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बगोदर, सरिया, देवरी, जमुआ, गिरिडीह प्रखंड के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया । प्रशिक्षण में सुरेश कुमार, संगीता देवी,कंचन देवी, महेंद्र प्रसाद वर्मा, पिंकी देवी, बबीता देवी,बीना देवी,सरीता देवी गुड़िया देवी कविता कुमारी रुपा देवी जहुर अंसारी, अमिताभ वर्मा, गीता देवी भवन्ति देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सिजुआ गांव में उत्पाद विभाग की छापेमारी, अवैध शराब नष्ट

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगर पंचायत निर्वाचन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अधीक्षक उत्पाद, गिरिडीह के निदेर्शानुसार गुप्त सूचना के आधार पर गावा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ गांव में उत्पाद विभाग द्वारा छापेमारी की गई यह कार्रवाई दिनांक 10 फरवरी 2026 को 02:30 बजे से 03:20 बजे के बीच की गई। छापेमारी के दौरान अवैध चुलाई शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण, जावा महुआ एवं भट्टी को मौके पर ही विनष्ट किया गया, जबकि तैयार अवैध चुलाई शराब को जप्त किया गया कार्रवाई के क्रम में अवैध चुलाई शराब के कारोबार से जुड़े एक फरार अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है जप्त सामग्री जावा महुआ 2000 किलोग्राम अवैध चुलाई शराब 185 लीटर छापेमारी अभियान का नेतृत्व रवि रंजन, अवर निरीक्षक उत्पाद, गिरिडीह द्वारा किया गया, जिसमें जिला बल एवं गृह रक्षक जवानों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## गिरिडीह नगर निगम चुनाव 2026 : वार्ड 16 से सुमीत कुमार ने पार्षद पद हेतु की जनसमर्थन की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर वार्ड संख्या 16 से पार्षद पद के प्रत्याशी सुमीत कुमार ने जनता से समर्थन की अपील की है। सुमीत कुमार चुनाव चिन्ह ह्लबेबी वॉकरह्व क्रम संख्याझ2 के साथ मैदान में हैं प्रेस को जारी बयान में सुमीत कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में वार्ड 16 की जनता के साथ ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य किया है।



उन्होंने विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का विवरण साझा करते हुए बताया कि 880 से अधिक लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया गया 800 से अधिक लाभुकों को मइया सम्मान योजना से जोड़ा गया 1500 से अधिक पात्र लाभुकों का राशन कार्ड बनवाया गया।1000 से अधिक वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया 450 से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाया गया वार्ड की 200 से अधिक गलियों में सोलर लाइटें लगवाई गईं 500 से अधिक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट व एलईडी लाइटें स्थापित कराई गईं तथा उनका नियमित रख-रखाव कराया जा रहा है बिजली समस्या के समाधान हेतु कई मोहल्लों में नए ट्रांसफॉर्मर लगवाए गए।कोरोना महामारी के दौरान जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया तथा वार्ड में नियमित सैनिटाइजेशन कराया गया।लगभग 4 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराए गए, जबकि कई योजनाएं अभी प्रक्रियाधीन हैं। सुमीत कुमार ने कहा कि वे पिछले 13 वर्षों से लगातार वार्ड की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय हैं और आगे भी जनसेवा को प्राथमिकता देते रहेंगे। उन्होंने वार्ड 16 की देवतुल्य जनता से अपील की कि विकास कार्यों को देखते हुए एक बार फिर सेवा का अवसर प्रदान करें। उन्होंने अपने संदेश में कहा- ह्लसबका साथ, सबका विकास विकास मेरा वादा नहीं, मेरी जिम्मेदारी है।

## जेंडर समानता की ओर कदम, आमझोर में किशोरियों का नेतृत्व प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** ग्राम आमझोर में किशोरियों के नेतृत्व विकास, जेंडर समानता तथा लैंगिक संवेदीकरण को लेकर क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को अधिकारों, समानता एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता गीत के साथ की गई, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों का परिचय कराया गया।



प्रशिक्षण सत्र में प्रमिला द्वारा जेंडर समानता विषय पर विस्तृत चर्चा की गई, वहीं उषा ने हिंसा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से यौनिक हिंसा के मुद्दे पर खुलकर और विस्तारपूर्वक जानकारी दी इसके पश्चात मेरी द्वारा सत्ता एवं निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को लेकर चर्चा की गई। प्रशिक्षण को और अधिक सहभागितापूर्ण बनाने के लिए किशोरियों को समूहों में विभाजित कर चार्ट पेपर के माध्यम से लड़की और लड़के की आजादी एवं पाबंदियों पर खुलकर विचार-विमर्श कराया गया, जिसमें किशोरियों ने उत्साहपूर्वक अपनी बात रखी अंत में सेवन अप गेम के माध्यम से सवाल-जवाब का सत्र आयोजित किया गया, जिससे किशोरियों की समझ को और मजबूती मिली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से किशोरियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा जेंडर समानता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित होने की उम्मीद जताई गई।

## 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । असंगठित मजदूर मोर्चा, शाखा मधुबन की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हटिया मैदान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड अजीत राय ने की। बैठक में आगामी 12 फरवरी 2026 को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) पर गहरी चिंता जताई। उनका कहना था कि ये कानून कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे मजदूरों के अधिकारों का हनन होगा और शोषण बढ़ेगा।




नेताओं ने आशंका जताई कि इन श्रम संहिताओं के लागू होने से कर्मचारियों का हड़ताल करने का मौलिक अधिकार भी सीमित हो जाएगा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में भी कई संस्थानों में वर्षों तक काम करने के बावजूद मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी, बोनस, ईपीएफ और ईएसआई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। 10 से 20 वर्षों तक कार्यरत मजदूरों को भी सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखा जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है बैठक में यह भी बताया गया कि केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं को संसद से पारित कर रखा है और इन्हें 1 अप्रैल 2026 से लागू करने की तैयारी है। यदि ये कानून लागू हुए तो मजदूर वर्ग के हितों पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।अंत में असंगठित मजदूर मोर्चा ने सभी संगठित एवं असंगठित मजदूरों से अपील की कि वे 12 फरवरी को आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लें और चार लेबर कोड के विरोध में निकाली जाने वाली रैली को सफल बनाएं।

## इमली ग्राउंड में प्रथम पीवीयूएनएल क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज, 16 टीमों ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हेसला स्थित इमली ग्राउंड में प्रथम पीवीयूएनएल क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य शुभारंभ माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी (बरकागांव) एवं पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्री ए. के. सहगल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की 13 पंचायतों के मुखिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिनमें 13 पंचायतों की टीमें तथा 3 बाहरी टीमें शामिल हैं। आयोजन के तहत सभी भाग लेने वाली टीमों को खेल किट बैग वितरित किए गए, जिनमें खेल पोशाक एवं आवश्यक खेल सामग्री शामिल थी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। वहीं पीवीयूएनएल के सीईओ श्री एके सहगल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आश्वस्त किया कि पीवीयूएनएल भविष्य में भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग करता रहेगा। इस मौके पर पीआर हेड ऑफ एचआर श्री ज़ियाउर रहमान भी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## वार्ड 8 में अनीता गुप्ता का जनसंपर्क तेज, समर्थन में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 8 में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। इसी कड़ी में प्रत्याशी अनीता गुप्ता ने सोमवार को डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से सीधे संवाद किया। सुबह से ही वे अपने समर्थकों के साथ घर-घर पहुंचीं और लोगों से मिलकर आशीर्वाद व समर्थन मांगा।

जनसंपर्क के दौरान वार्ड की गलियों में अलमीरा चुनाव चिन्ह के समर्थन में नारों की गूंज सुनाई दी। अनीता गुप्ता ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और



उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वार्ड में साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा।

साथ ही महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर विशेष फोकस करने की बात कही। अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय महिलाएं शामिल रहीं, जिससे पूरा क्षेत्र चुनावी रंग में रंगा नजर आया। कई जगहों पर लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। अनीता गुप्ता ने कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। वार्ड नंबर 8 में अब चुनावी मुकाबला और भी रोचक होता दिख रहा है और ह्यअलमीराह्न चुनाव चिन्ह के समर्थन में माहौल लगातार तेज होता जा रहा है।

# भंडारीडीह पुल निर्माण के दौरान जाम, 24 घंटे पुलिस तैनाती नहीं हुई तो हो सकता है हादसा : राजेश सिन्हा

### अधिकारियों को सौंपा जाएगा आवेदन, वस्तुस्थिति का लिया जायजा, जल्द काम और सुरक्षा की गारंटी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह** । गिरिडीह-पचंबा फोरलेन पर भंडारीडीह के समीप पुल निर्माण कार्य के कारण आए दिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस समस्या को लेकर माले नेता राजेश सिन्हा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा 24 घंटे शिफ्ट-वाइज सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता राजेश सिन्हा ने बताया कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने गए थे।





उन्होंने कहा कि समस्या का मुख्य कारण कार्य स्थल पर सही माइंड मैनेजमेंट और ट्रैफिक प्लानिंग का अभाव है। कभी काम शुरू होता है, तो कभी कई-कई दिनों तक पूरी तरह बंद रहता है। पुल निर्माण आवश्यक है, लेकिन यह कार्य अब तक पूरा हो जाना चाहिए था उन्होंने कहा कि गिरिडीह फोरलेन परियोजना एक ओर जहां जिले के लिए वरदान साबित हो सकती है, वहीं दूसरी ओर अव्यवस्था के कारण यह आम जनता के लिए अभिशाप बनती जा रही है। एक वर्ष में पूरा होने वाला काम अब दो वर्षों के बाद भी अधूरा है। इसके लिए जितनी जिम्मेदारी संवेदक की है, उससे कहीं अधिक जिम्मेदारी संबंधित विभाग की भी बनती है राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन को पूरी जानकारी होने के बावजूद अपेक्षित सख्ती नहीं दिखाई जा रही है। जिस विधानसभा क्षेत्र में मंत्री का निवास हो, वहां प्रशासन की कार्यशैली में ढिलाई दिखना दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि संबंधित विभाग अतिक्रमण हटाने और कार्य में तेजी लाने में असमर्थ है, तो जिला प्रशासन को खुलकर हस्तक्षेप करना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि जिन लोगों का रोजगार प्रभावित हो रहा है, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था या उचित मुआवजे की व्यवस्था पहले की जाए। हाल के दिनों में नगर निगम क्षेत्र में 24 वर्षों से दुकानदारों से किराया वसूले जाने का मामला सामने आया, जबकि बाद में पता चला कि वह भूमि नगर निगम की नहीं, बल्कि आरसीडी की थी। ऐसे मामलों में आम जनता ही सबसे अधिक शोषित होती है राजेश सिन्हा ने कहा कि अधिकारी अधिकारी के लिए होते हैं, लेकिन मध्यम वर्ग और गरीबों की सुनवाई नहीं होती। यही कारण है कि गिरिडीह में जन समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि हालात में सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता को सड़कों पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा।

## वार्ड नंबर 14 से नीलम झा मैदान में बल्ला छाप के साथ विकास का दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 14 में चुनावी माहौल तेज हो गया है। इसी क्रम में कर्मठ, शिक्षित, संघर्षशील एवं समाजसेवी महिला प्रत्याशी नीलम झा ने वार्ड पार्षद पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूती से पेश की है नीलम झा का चुनाव चिह्न बल्ला छाप है, जो मतपत्र पर क्रम संख्या 3 पर अंकित है।



चुनाव प्रचार के दौरान वे ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मानह्व के नारे के साथ जनता के बीच पहुँच रही हैं प्रत्याशी नीलम झा ने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद मिला, तो वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास, साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि ह्यबल्ला छापह्न पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाएं वार्ड में उनके समर्थन में महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों में उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे मुकाबला रोचक होता जा रहा है।

# 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर कार्यशाला आयोजित

## सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग को लेकर दी गई जानकारी, अत्याधुनिक युग में इंटरनेट के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो**। सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, कांड्रा चास के सभागार में साइबर सुरक्षा विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और आम नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानापुर प्रमंडल सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, चास अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी लिली कुजूर, संस्थान से तरसेम सिंह और सुरेंद्र पाल सिंह, निदेशक प्रियदर्शी जरूहार तथा पल्लवी प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और




शिक्षाविद उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, इसलिए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी और केवाईसी से जुड़ी धोखाधड़ी जैसी घटनाओं से सतर्क रहना आवश्यक है।पुलिस अधीक्षक ने ओटीपी साझा न करने तथा संदिग्ध कॉल और लिंक से बचने की सलाह दी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि डिजिटल सशक्तिकरण के साथ साइबर सुरक्षा को भी अनिवार्य रूप से अपनाना होगा। इस अवसर पर प्रोफेसर स्मिता किशोर ने साइबर सुरक्षा विषय पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षित डिजिटल भविष्य के लिए प्रशासन, पुलिस और समाज के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन और मंच समन्वय में कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर रोहित वर्मा, प्रोफेसर रश्मि ठाकुर, प्रोफेसर हुसैन अंसारी, प्रोफेसर शाहनाज फरहीन, शफाक रहमत, वैभव गुप्ता और प्रोफेसर सुमित कुमार का विशेष योगदान रहा।

# नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026: द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। नगर पालिका चुनाव 2026 के सफल संचालन हेतु उपायुक्त आर. रॉनिटा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय, खूंटी में कुल 124 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान अधिकारी द्वितीय एव तृतीय शामिल थे। उक्त प्रशिक्षण का सामान्य प्रेक्षक राज्य निर्वाचन आयोग, रश्मि लकड़ा द्वारा जायजा लिया गया इस दौरान उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, डीसीएलआर अरविंद कुमार ओझा, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सामान्य प्रेक्षक एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने बारी-बारी से प्रशिक्षण कक्ष में प्रशिक्षण कार्यो का जायजा लिया एवं प्रशिक्षण ले रहे द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। इस क्रम में उक्त पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण ले रहे मतदान अधिकारियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम प्रशिक्षण की गम्भीरता से अवगत कराया। प्रशिक्षण के क्रम उक्त मतदान कर्मियों को नगर पंचायत चुनाव 2026 के आदर्श आचार संहिता के मूल निर्देशों से अवगत कराते हुए मतदान की पूरी प्रक्रिया जैसे- बुथ का निर्माण, पीठासीन पदाधिकारी के साथ सभी मतदान अधिकारी के लिए बैठने की व्यवस्था, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति, उनके बैठने की व्यवस्था समेत अन्य के संबंध में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान में प्रयुक्त होने वाले सभी प्रपत्र, पैकेट सहित मतपेटिक को खोलने, सील करने की सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। मौके पर मतपेटियों के संचालन की व्यवहारिक प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

# एकादशी व्रत को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)**। जयनगर प्रखंड अंतर्गत घरौंजा पंचायत के घुड़मुंडा गांव में श्री श्री 108 श्री एकादशी व्रत उद्यापन सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अवसर पर मंगलवार को कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया इंदु देवी,पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम,महेश रजक,मुश्ताक खान आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए उत्तरवाहिनी नदी बड़ानो पहुंची। जहां आचार्य मदन मोहन पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 101 कन्याओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर यज्ञ स्थल



पहुंचे। यज्ञ का आयोजन यज्ञकर्ता बैजनाथ पाण्डेय, चंचला देवी एवं नीतू देवी के द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा के दौरान पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर मनोज चौधरी, प्रकाश पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, राजेंद्र पाण्डेय, राहुल पांडेय, कृष्णा पांडेय, गोपाल पांडेय, विनय पांडेय, शिवम पांडेय, अंजू पांडेय, शतभामा, गायत्री देवी, सुभाष यादव, विजय पांडेय, मुना पांडेय, महेश पाण्डेय, अर्जुन पांडेय, नारायण पांडेय, सूरज राणा, रामदेव यादव, धनेश्वर यादव, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सर्वांगीण विकास व शांति व्यवस्था ही प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। भाजपा समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर ने मंगलवार को बैरिया चौक, टीवी टॉवर रोड, बाजार समिति के सामने, सत्संग मंदिर सहित वार्ड 3, 7 व 9 में जनसंपर्क अभियान चलाया। अपार जनसमर्थन आशीर्वाद से अभिभूत प्रथम मेयर अरुण शंकर ने कहा कि अब उनके संकल्प को और भी मजबूत कर दिया है। आने वाले दिनों में नगर निगम क्षेत्र को विकसित करने का काम करेंगी। अरुणा शंकर ने कहा कि पिछले वर्षों में हमने मिलकर विकास की जो नींव रखी है, उसे अब एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। नागरिकों के अटूट विश्वास व समर्थन के साथ वे मेदिनीनगर को और भी स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बैरिया की जनता का आभार किया। अरुणा शंकर ने कहा कि मेदिनीनगर का सर्वांगीण विकास व शांति व्यवस्था उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर को एक आदर्श नगर निगम बनाने के लिए निरंतरता व स्पष्ट विजन की आवश्यकता है। शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने व विकास की गति को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए वह सभी नागरिकों से आशीर्वाद मांगने आई हैं। मौके पर उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया व युवाओं से शहर के भविष्य के लिए मतदान करने का आग्रह किया।

# पाइपलाइन से घर-घर स्वच्छ पेयजल होगा उपलब्ध : नम्रता त्रिपाठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। नम्रता त्रिपाठी मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की चातुर्दिक विकास करेंगी। ये समझदार व उच्च शिक्षा योग्यताधारी हैं। कानून की जानकार, एलएलबी में पीएचडी हैं। यही कारण है कि मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के युवक व युवतियों की आइकॉन हो गई हैं। अपने नाम से ही नम्रता को परिभाषित करती हैं। इसी कारण बुजुर्गों व भाइयों- बहनों का इन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की पलामू जिला अध्यक्ष विमला कुमारी ने कही। वे मंगलवार को नम्रता त्रिपाठी के साथ जेलहाता व आरडीएस रमाडा होटल क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क कर रही थी। नम्रता त्रिपाठी घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। साथ ही बेंच छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने का आह्वान किया।

कांग्रेस अध्यक्ष विमला कुमारी ने कहा कि नम्रता त्रिपाठी अपने चुनाव प्रचार में केवल सड़क से नहीं गुजर रही हैं बल्कि एक-एक घर में जनसंपर्क कर रही हैं व आशीर्वाद



ले रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद अपनी पूरी काबिलियत के साथ मेदिनीनगर नगर निगम का व्यापक ढंग से विकास करेंगी। मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के विकास की सोच इनके बड़े ही ऊंचे हैं। कहा कि वे नम्रता त्रिपाठी की सोच व समझ से बड़ी ही प्रभावित हैं। विमला कुमारी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नम्रता त्रिपाठी मेयर बनेगी तो मेदिनीनगर वासियों का नगर निगम पर राज होगा। नम्रता त्रिपाठी जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से लगाम लगाएंगी।

मौके पर मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की स्थिति काफी दयनीय है। निगम विकास से कोसो दूर है। नगर निगम में शामिल किए गए गांव व अन्य क्षेत्र में विकास की एक भी किरण नहीं पहुंची है। बदले में ग्रामीणों को दोहरा टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर वे मेयर बनती हैं तो निगम क्षेत्र को सुविधायुक्त करेंगी। एक सवाल के जवाब में नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि वे पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का काम करेंगी। इसके पश्चात नाली व सड़क का निर्माण कराएंगी। मौके पर बड़ी संख्या में नम्रता त्रिपाठी समर्थक मौजूद थे।

# मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह को महिलाओं का मिल रहा है व्यापक जन समर्थन : राजेंद्र प्रसाद सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह को महिलाओं का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कही। वे मंगलवार को जगत कुटीर स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यालय से झामुमो महिला मोर्चा पलामू जिला कमिटी में शामिल महिलाओं को पूनम सिंह के पक्ष में जनसंपर्क के लिए रवाना करने के पूर्व बोल रहे थे। राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि महिलाओं में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन की प्रति बड़ी आस्था व विश्वास है। मईंया सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को मिल रहे सम्मान से काफी खुश हैं। इसका लाभ झारखंड मुक्ति मोर्चा की समर्थित मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर



नगर निगम क्षेत्र की जनता वर्तमान मेयर की कार्यप्रणाली से खुश नहीं हैं। वे बदलाव चाहते हैं। कहा कि नगर निगम क्षेत्र में तनिक भी विकास नहीं हुआ है बल्कि व्यवसायीकरण हो गया है। कहा कि इस बार हर हाल में पूनम सिंह मेयर बनेंगी। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र का बेहतर ढंग से विकास करेंगी। मौके पर महिला मोर्चा की अध्यक्ष मंजू चंद्रवंशी व रिया चंद्रवंशी ने कहा कि वे सभी झारखंड मुक्ति महिला मोर्चा की महिलाएं घर-घर जाकर पूनम सिंह का प्रचार करेंगी। द्वय नेताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही नगर निगम क्षेत्र का विकास कर सकती है। मौके पर सानू सिद्दीकी,सनी शुक्ला, हाजी ललन मंजु चंद्रवंशी, रिया सिंह कौशर परवीन कलावती देवी जुलेखा बीबी कुसुम लता चंद्र राहत प्रवीण अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# दो वर्ष की आयु से अधिक लोगों के लिए फाइलेरिया की दवा खाना अनिवार्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)**। चंदवारा प्रखंड के चंदवारा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 में फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा खिलाई गई। इस दौरान पंचायत के मुखिया संतोष कुशवाहा ने भी दवा का सेवन किया। वही मुखिया संतोष कुशवाहा ने लोगो से कहा कि यह दवा 2 वर्ष के आयु से अधिक सभी लोगो के लिए अनिवार्य है।उम्र के अनुसार दवा की खुराक अलग अलग निर्धारित की गई है। यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जाएगा।आप सभी पंचायत के लोगो से अपील है कि अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंच कर फाइलेरिया का दवा अवश्य खाए। ताकि यह अभियान सफल हो और क्षेत्र फाइलेरिया बीमारी से मुक्त बन सके। मौके पर सहिया गायत्री देवी, चिंतामणि देवी, ममता कुमारी यादि लोग मौजूद थे।

# वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ट्री मैन ऑफ इंडिया, पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ. कौशल किशोर जायसवाल के शुरू किए गए ऐतिहासिक पर्यावरण आंदोलन पर स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 1967 में जंगल लगाओ- जंगल बचाओ अभियान की शुरुआत छतरपुर प्रखंड के ग्राम डाली से की थी। उस समय उन्होंने अपनी निजी भूमि की 7.72 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण किए थे। स्वर्ण जयंती समारोह 12 फरवरी को डाली बाजार, कौशल नगर में आयोजित होगा। मौके पर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क में विश्व के 22 देशों से लाए गए लगभग 200 प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। मौके पर पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भी होंगे। पद्म विभूषण स्व. सुंदरलाल बहुगुणा की जीवनी पर आधारित



पुस्तक का विमोचन डालटनगंज बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन, आकाश बाग में 3 बजे होगा। इसके मुख्य अतिथि नेपाल सरकार के सलाहकार व प्रख्यात पर्यावरणविद सरोज कुमार शर्मा होंगे। पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर एवं कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिकी लेखक, रिसर्चर एवं पर्यावरणविद जॉर्ज जेम्स करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिला से एपिको आंदोलन के प्रणेता पांडुरंग हेगड़े उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में डॉ. कौशल किशोर जायसवाल, ग्राम डाली की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, पार्क अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल, शिशिर शुक्ला, मिट्ठू ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की जानकारी दी।

# प्रथम पीवीयूएनएल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पतरातू**। इमली ग्राउंड, हेसला में प्रथम पीवीयूएनएल क्रिकेट टूर्नामेंट का संयुक्त रूप से शुभारंभ विधायक रोशन लाल चौधरी (बरकागांव) एवं ए. के. सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ), पीवीयूएनएल द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की 13 पंचायतों के मुखिया भी उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को खेल किट बैग वितरित किए गए, जिनमें खेल पोशाक एवं आवश्यक खेल सामग्री शामिल थी। विधायक ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। पीवीयूएनएल के सीइओ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आश्वस्त किया कि पीवीयूएनएल क्षेत्र के समग्र विकास हेतु भविष्य में भी हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सं. : 268_2025-26 (खुली निविदा) जो पूर्व में वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी। **कार्य का नाम:** (i) एसएसई/पी.वे/हावड़ा के तहत गैंग नं. 1,3,4,5,6,7,8,9,11,12, 13,14,17 एवं 18 और एसएसई/पी.वे/ बामनगाछी के तहत गैंग नं. 2,3,4,6 और 7 के लिए गैंगहट का प्रावधान। (ii) वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन एसएसई/वर्क्स/हावड़ा के अंतर्गत सीटीआई/जी/इनडोर, सीआईटी/आउटडोर, प्लेटफॉर्म-12, हावड़ा के पास, कारशेड, टिकियापाड़ा, हावड़ा झील साइडिंग, एआरटी/बामनगाछी और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में तथा एसएसई/वर्क्स/बामनगाछी की शाखा के अधीन एआरटी/बामनगाछी एवं सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में सभी महिला कर्मचारियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण। **अंतिम तिथि :** दिनांक 02.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का **विज्ञापित मूल्य** रु.3,06,42,113.19 के बदले **रु.3,06,42,113.31** पढ़ा जाएगा।

HWH-607/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफओबी-बीडब्ल्यूएन-26, दिनांक: 06.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफओबी-बीडब्ल्यूएन-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** शेड्यूल ए-हावड़ा मंडल के बर्द्धमान स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के विस्तार के संबंध में विस्तृत सिग्नलिंग सब-एस्टीमेट। शेड्यूल बी-हावड़ा मंडल के बर्द्धमान स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का विस्तार (टेलीकॉम)। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,08,48,947.85, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,04,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 06.02.2026 को 18.37 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 18.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-603/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ/एसी/टी/142/25-26 (खुली), दिनांक 09.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **केस सं. ओ-एसी-टी-142-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एसएसई/पी-वे/सीतारामपुर जंक्शन के अंतर्गत ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 83,35,712.49, **बयाना राशि:** रु. 1,66,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.03.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-342/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/9, दिनांक: 09.02.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि : (1); 10252469;** फिल्टर असेंबली का सेट आदि; रु.181060, **(2); 10251146;** मैग्नेट वाल्व असेंबली; रु.175870, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.02.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए), **(3); 10251058;** उच्च धारा वहन क्षमता वाले कॉन्टैक्टर की खरीद आदि; रु.153410, **(4); 10251094;** पोर्ट के साथ सी2डब्ल्यू रिले वाल्व; रु.190160, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.03.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 के लिए), **(5); 10251095;** 1/2 इंच टाइप-टी एयर स्ट्रेनर कम्प्लीट; रु. 107150, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(6); 20251363;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए कप स्लीव की जोड़ी आदि; रु. 100260, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(7); 20251063ए;** ईएमयू कोचों के शाकू कपलर के लिए सेमी-परमानेंट कपलर एंड-"बी" का क्रय; रु. 307870, **निविदा खुलने की तिथि:** 24.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(8); 12265132;** यूटीवी, फूलटास के लिए व्हील एक्सल असेंबली; रु. 200320, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(9); 21251221;** टेफ्लॉन टेप 0.003" मोटा 20 मिमी का क्रय; रु.156280, **(10); 10255020बी;** डब्ल्यूएपी-5 के लिए गियर बॉक्स केस (मशीन्ड); रु. 184690, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.03.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 9 एवं 10 के लिए), **(11); 11251518;** फुट स्टेप कम्प्लीट आदि का क्रय; रु.320720, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(12); 11261531;** 2 आइटमों से संलग्न कंट्रोल आर्म असेंबली लेफ्ट का क्रय आदि; रु.338380, **निविदा खुलने की तिथि:**25.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(13); 10262308;** फायर डिटेक्शन इक्विपमेंट आदि; रु. 294530, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(14); 11251121;** एलएचबी कोचों के लिए ब्रेक पैड; रु.1568720, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(15); 15265013;** ट्रैक मशीन के लिए स्मार्ट एएलसी की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ; रु. 1900790, **निविदा खुलने की तिथि:** 26.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(16); 20265004;** आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/ईएमयू/0096-2008 (रिव 4) के तहत, ईएलजीआई (मॉडल नं. आरआर 10070 ऑफ) या फैविली ट्रांसपोर्ट (मॉडल नं. एफटी0052441-101) के समरूप 25 केवी 3 फेज एसी ईएमयू के लिए उपयुक्त 3 फेज इंडक्शन मोटर, कूलर यूनिट एवं एयर ड्रॉयर आदि के साथ असेंबल किए हुए मॉडुलर माउंटिंग फ्रेम के साथ मेन एयर कम्प्रेसर, ऑयल फ्री; रु. 320850, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(17); 07261073;** आरडीएसओ के स्पेसि नं. सी-9407, टाइप-II, अगस्त 2023 के रिव. 4 के तहत साइज: 2400 मिमी X 1200 मिमी X 4 मिमी में लकड़ी आधारित इम्प्रेग्नेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट का क्रय; रु.134530, **निविदा खुलने की तिथि:** 24.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(18); 10252101;** पार्ट. नं. 5510740 के तहत एओएच किट; रु.157070, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(19); 10251142ए;** मोमेंटरी कॉन्टैक्ट लिमिट स्विच; रु.115790, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(20); 14251183;** पॉइंट मशीन 220 मिमी स्ट्रोक के लिए क्लैंप टाइप ग्राउंड कनेक्शन हेतु कम्पोनेंट का क्रय। निम्नलिखित से संलग्न:- (1) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ/एस3395ए-ऑल्ट-पीटीजे-2 के तहत बी.जी. के लिए क्लैंप पॉइंट लॉक 60 केजी (टीडब्ल्यूएस): 1 सेट, (2) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3460 ऑल्ट-पीटीजे-3 के तहत ड्राइव रॉड: 1 अदद, (3) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3461 ऑल्ट-पीटीजे-6 के तहत ड्राइव रॉड लग: 1 अदद, (4) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3591 ऑल्ट-पीटीजे-2 के तहत स्विच एक्सटेंशन ब्रैकेट: 2 अदद, (5) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3463 के तहत बुश: 1 अदद, (6) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3592 के तहत इंसुलेटिंग प्लेट (आरएच): 1 अदद, (7) ड्रॉ. नं. आरडीएसओ.एस.3593 के तहत इंसुलेटिंग प्लेट (एलएच): 1 अदद, (8) ड्रॉ. नं. एस.8640 के तहत इंसुलेटिंग वाशर: 8 अदद, (9) ड्रॉ. नं.एसए 54 ए/एम ऑल्ट/पीटीजे-1 के तहत पिन कम्प्लीट: 1 अदद, (10) ड्रॉ. नं. एस23199 के तहत बुश: 4 अदद, (11) ड्रॉ. नं. एसए 9158 ऑल्ट पीटीजे-1 के तहत बोल्ट स्पेशल हेड (कैसल नट के साथ):4 अदद। आपूर्ति लॉक बार असेंबली, लॉक आर्म, स्टॉक रेल ब्रैकेट, ड्राइव लग एवं ड्रॉइव रॉड आदि में "एस एंड टी/पीटीजे" के एम्बॉसिंग के साथ की जाएगी; रु. 117910, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(21); 10252593;** मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट के सेट की खरीद आदि; रु. 107050, **(22); 10251811;** डीसी-डीसी कंवर्टर के साथ संपूर्ण ट्विन बीम हेड लाइट; रु. 127440, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.03.2026, **समय:** 13.30 बजे (क्रम सं. 21 एवं 22 के लिए), **(23); 10261005;** सस्पेंशन स्प्रिंग (प्राइमरी) आदि; रु. 152760, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(24); 10261006;** सस्पेंशन स्प्रिंग सेकंडरी आदि; रु. 122640, , **निविदा खुलने की तिथि:** 23.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(25); 10252419ए;** पिनियन शैफ्ट 21 टीथ आदि; रु.188260, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(26); 21251011बी;** साइड फ्रेम की आदि; रु. 553610, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(27); 10262614;** एक्सल गाइड रॉक के लिए स्फेरिब्लॉक; रु. 190420, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(28); 10262318;** हेडलाइट एवं हेडलाइट इंटेंसिटी के लिए स्प्रिंग लोडेड स्विच आदि; रु. 161760, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.03.2026, **समय:** 13.30 बजे **(29); 07251090ई;** सीएलडब्ल्यू के ड्रॉ. नं. 4डब्ल्यू.12000.054/बी, ऑल्ट. नं. बी के तहत वुडन वेज का क्रय साइज: 250 मिमी X 100 मिमी X100 मिमी, सामग्री: सीएसआई>88 के साथ सीजन्ड साल वुड, कॉन्वेंशनल एवं 3 फेज लोकोमोटिव के लिए; रु.104440, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.02.2026, **समय:** 13.30 बजे **(30); एसपीएससीएलपीएससीस्लीपर26-28;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपर्स का क्रय; रु. 2000000, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.03.2026, **समय:** 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 30 के लिए] ।

**(ख) क्रम सं.; निविदा सं.; संक्षिप्त विवरण; अनुमानित निविदा मूल्य : (1); 52256477ए;** मेकैट्रॉनिक्स लैब की स्थापना के साथ ट्रेनिंग का आधुनिकीकरण; रु. 9941500/-**निविदा की अंतिम तिथि:** 28.02.2026

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-68/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डीएम ने बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर की कार्यक्रम की शुरूआत

## फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से ठीक होने वाला रोग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु मॉडल सदर अस्पताल बिहार शरीफ में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने स्वयं बच्चों को फाइलेरिया से बचाव हेतु निर्धारित दवा की खुराक खिलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी भ्रांति में न पड़ें और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें। जिलेभर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10- 24 फरवरी 2026 तक एमडीए कार्यक्रम नालंदा जिला के 11 प्रखंडों (बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र , बिंद, चंडी,एकंगरसराय ,इस्लामपुर, नूरसराय, परवलपुर, रहुई, सरमेरा, सिलाव एवं थरथरी प्रखंड में प्रारंभ किया गया है। 10 से 24 फरवरी 2026 तक (घर घर कार्यक्रम 14 दिनों तक,) एवं 25 फरवरी से 27 फरवरी तक बूथ कैंप स्कूल, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर कार्यक्रम तीन दिनों तक। वहीं 11 फरवरी 2026 से मेगा कैंप आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाए जाएंगे। जिलेभर में कुल लाभार्थियों की संख्या - 1812203, कुल प्रवेक्षक की संख्या - 82, कुल टीमों की संख्या - 847, कुल टीम के सदस्यों की संख्या - 1694, कुल अनुमानित जीविका के सदस्यों की संख्या ( मेगा कैंप 11 फरवरी 2026) - 158728 है। कुल आयोजित होने बाले मेगा कैम्प 11 में बुथों की संख्या (लगभग) - 56 है।

इस दौरान बताया गया कि फाइलेरिया बीमारी जो कि हाथीपांव के नाम से जाना जाता है, मच्छर के काटने से होती है । यह दिव्यांगता करने वाली विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जिसके कारण इसे काफी गंभीर माना जाता है, यह शरीर के हाथ,पैर, स्तन और अंडकोष यानी हाइड्रोसिल को प्रभावित करता है। इस बीमारी का पता चलने में 5 से 15 वर्ष तक लग जाते हैं, इस बीमारी से बचाव के लिए साल में सिर्फ एक बार फाइलेरिया रोधी दवा से ही बचाव संभव है। यह दवा दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिला एवं अत्यधिक बीमारी बीमार वयस्क को छोड़कर सभी लोगों को खाना है। भरपेट नाश्ता एवं खाना खाने के बाद ही इस दवा का सेवन करना है इसका विशेष ख्याल रखना है। यह दावा आशा कार्यकर्ता, एएनएम के द्वारा घर-घर जाकर खिलाया जा रहा है । कुछ लोगों को इन दवाओं के मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं जो कि शुभ संकेत है। शरीर के अंदर फाइलेरिया के कीड़े मरने के कारण सरदर्द, उल्टी, चक्कर , बुखार इत्यादि हो सकते हैं। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है । अगर ऐसा होता है तो चिंता करने के बजाय इस बात की खुशी मनाएं कि आपको इस खतरनाक बीमारी से मुक्ति मिल रही है।

जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित चिन्हित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए एम्बुलेंस एवं अस्पताल में उपचार ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस बीमारी के बचाव हेतु दो प्रकार की दवा डीइसी एवं एल्बेंडाजोल ही खिलाई जा रही है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (महादलित विकास मिशन) विभाग की महत्वपूर्ण गतिविधियों के तहत विकास मित्र, महादलित टोले में एम.डी.ए. कार्यक्रम के संबंध में प्रचार-प्रसार करेंगे एवं लोगों को दवा खाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम प्रबंधक जिला स्वास्थ्य समिति, नालंदा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने परिवादों का किया निस्तारण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। आज की सुनवाई में आठ परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से छह मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद में प्रखंड रजौली के रौनक कुमार द्वारा पुस्तकालय निर्माण के संबंध में, वारिसलीगंज के विश्वमोहन प्रसाद द्वारा कचरा एवं सफाई हेतु एग्रीमेंट तथा एकरारनामा के विरुद्ध कार्य करवाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर के अंकित कुमार एवं अमित कुमार पांडेय द्वारा दखल-कब्जा दिलाने के संबंध में, अंचल अकबरपुर अंतर्गत ग्राम कुहिला के पिंटु कुमार द्वारा सोलर लाईट लगाने के संबंध में तथा पार नवादा रेलवे लाइन के राजेश कुमार द्वारा सरकारी रास्ते पर अवैध रूप से ठेला लगाकर किए गए अतिक्रमण के संबंध में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर परिवादों का निष्पादन किया गया।

उल्लेखनीय है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर अधिकतम दो माह के भीतर निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के लिए अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण की प्रक्रिया में दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष रूप से निर्णय लिया जाता है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। शिकायत दर्ज करने, निवारण कराने तथा आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में निःशुल्क अपील की व्यवस्था उपलब्ध है। अब शिकायतों एवं अपीलों को ऑनलाइन माध्यम से भी दर्ज किया जा सकता है, जिससे शिकायत निवारण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं सुलभ हो गई है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# नालंदा विश्वविद्यालय को अधिक समावेशी बनाए जाए : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने नालंदा विश्वविद्यालय को अधिक समावेशी बनाए जाने के संबंध में लोकसभा में नियम-377 के तहत के मामला उठाते हुए कहा कि पुराना नालंदा विश्वविद्यालय भारत का गौरवशाली इतिहास का प्रतीक रहा है। भारत सरकार के द्वारा उद्घाटित नया नालंदा विश्वविद्यालय को बनाने में बहुत सारी धनराशि खर्च की गयी है साथ ही बिहार सरकार के द्वारा मुफ्त में जमीन भी उपलब्ध करायी गयी। लेकिन स्थापना के 12 साल बाद भी विश्वविद्यालय में कुल मिलाकर 500 छात्र भी नहीं हैं। बिहार प्रदेश के तो इसमें 20 छात्र भी नहीं है। सांसद ने कहा कि विश्वविद्यालय को अंतराष्ट्रीय स्वरूप देने एवं विशिष्ठ पहचान बनाये रखने के लिए मूल रूप से समावेशी शिक्षा की अवहेलना की जा रही है। समावेशी शिक्षा सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी होनी चाहिए, जिसमें स्थानीयता को भी निश्चित रूप से तरजीह देनी चाहिए। विश्वविद्यालय की ऊँची फीस एवं भारतीय छात्रों के लिए स्कालरशिप का अभाव कई योग्य उम्मीदवार को प्रवेश लेने से वंचित कर देता है। सांसद ने मांग करते हुए कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय जो विदेश मंत्रालय के अधीन है, में स्थानीयता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोर्सेज शुरू किए जाएं, जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान भी हो सके। साथ ही कर्मचारियों की भर्ती में भी नालंदा जिले के स्थानीय लोगों को तरजीह दी जाए। भारतीय छात्रों को अधिक से अधिक स्कालरशिप का प्रावधान किए जाए। लोगों में यह विश्वविद्यालय आकर्षण का केंद्र भी है इसलिए प्रत्येक दिन एक विशेष समय के लिए पर्यटकों के लिए भी कुछ भाग में प्रवेश की अनुमति दी जाए।

# इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का सातवां दिन कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा मंगलवार को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा-2026 का सातवां दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# एच-एल ब्रिज के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया के तहत लोक सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत नवादा–कुंज पथ पर सकरी नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल के निर्माण हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की प्रक्रिया भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत की जा रही है। उक्त परियोजना के लिए मौजा–कुंज, अंचल–रोह, थाना संख्या–565 के प्लॉट संख्या–78, 80, 81, 82 एवं 83 में प्रस्तावित भूमि अर्जन के संबंध में सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) का कार्य अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना (बिहार) द्वारा संपन्न किया गया है, जिसकी प्रारूप (ड्राफ्ट) रिपोर्ट 29 जनवरी 2026 को संस्थान के परियोजना निदेशक द्वारा अधिसूचित की गई है। सामाजिक प्रभाव आकलन के प्रमुख निष्कर्षों को सार्वजनिक करने, उन पर प्रभावित रैयतों एवं आम जनता से मत एवं आपत्तियाँ आमंत्रित करने तथा प्राप्त अभिमतों को अभिलेख में सम्मिलित करने के उद्देश्य से आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट-2013 की धारा-05 एवं नियम-11 के अंतर्गत एक लोक सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। यह लोक सुनवाई 18 फरवरी 2026 को सामुदायिक भवन/प्राथमिक विद्यालय, कुंज में आयोजित की जाएगी।

लोक सुनवाई के दौरान सामाजिक प्रभाव आकलन करने वाले संस्थान के सदस्य स्थानीय लोगों को परियोजना तथा सामाजिक प्रभाव आकलन के निष्कर्षों से अवगत कराएंगे। साथ ही संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी लोक सुनवाई में उपस्थित रहकर सामाजिक प्रभाव आकलन दल की सहायता करेंगे तथा प्रभावित रैयतों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सूचना प्रदान करेंगे। लोक सुनवाई में जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय स्वैच्छिक संगठन एवं मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है।

# राजद के प्रदेश महासचिव ने बंधाया ढाढस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की गुलनी पंचायत के अटारी गांव के दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत पर राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मंगलवार को उन्होंने पीड़ित परिवारों से भेंटकर उन्हें ढाढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने यातायात डीएसपी से बात कर सहायता राशि की मांग की।

# रेलमंत्री से नवादा सांसद ने की भेंट



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु बजट आवंटन के लिए रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही तिलैया–कोडरमा नई रेल लाइन के निर्माण कार्य की प्रगति स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा किया।

सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि ये दोनों नई रेल परियोजनाएं विकसित नवादा की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नवादा सीधे पटना एवं दिल्ली मेन लाइन से जुड़ेगा, जिससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी सशक्त होगी। इससे स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ-साथ व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन के क्षेत्र में भी नई गति आएगी। यह परियोजना नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के समग्र विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

सांसद विवेक ठाकुर ने मुलाकात के दौरान नवादा संसदीय क्षेत्र में रेलवे द्वारा संचालित वर्तमान विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुझाव भी रेलमंत्री के समक्ष रखे।

सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेलवे विकास के प्रत्येक चरण में नवादा की जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों, यही उनका संकल्प है।

# लंबे समय से फरार एनवीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** जिला पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रजौली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम घासियाडीह में छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे गैर-जमानती वारंटी सुरेश प्रसाद को उसके पैतृक आवास से विधिवत गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त सुरेश प्रसाद पिता रामेश्वर महतो, पुलिस की पकड़ से बचने के लिए लंबे समय से ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के पश्चात पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं, जिसके बाद आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच माननीय न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया गया है। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप व्याप्त है।

# उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में मंगलवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसका उदघाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह व विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,रौशन कुमार,अंगद कुमार, रजत रंजन, कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले शुरू हुए इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के विभिन्न जिलों (गया, नवादा,शेखपुरा, जहानाबाद, जमुई, नालंदा) के 100 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उदघाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता नहीं, बल्कि कृषि तकनीकी सलाहकार की भूमिका में सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं और टिकाऊ कृषि की दिशा में सहयोग करें।

# धनुष खंडन, परशुराम के क्रोध का दृश्य रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सदर प्रखंड के ओरैना पंचायत अंतर्गत गोड़धोबा गांव में आयोजित तारकनाथ भगवान महादेव की प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर मंगलवार को शिवपुराण कथा का अत्यंत रोचक एवं भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया। विगत 6 फरवरी से चल रहे इस महायज्ञ में हजारों की संख्या में नर-नारी श्रद्धालु संगीतमय कथावाचन का श्रवण कर रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

बैजनाथधाम देवघर से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक नंदलाल पांडेय जी महाराज ने शिवपुराण कथा के विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने शिवपुराण माहात्म्य, द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य, शक्ति वियोग, शिव विवाह एवं गणेश अवतरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। मंगलवार को राम-जानकी विवाह की संगीतमय कथा सुनाई गई, जिसमें शिव धनुष खंडन के पश्चात परशुराम के क्रोध का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक ने बताया कि सतयुग में तपस्या, त्रेता में यज्ञ, द्वापर में पूजा तथा कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मोक्ष का प्रमुख साधन है, इसलिए भक्ति का मार्ग सभी के लिए आवश्यक है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष देवनन्दन यादव एवं कोषाध्यक्ष अभय यादव ने कहा कि मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा से गांव की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इससे नई पीढ़ी में आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का विकास हो रहा है तथा बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना सुदृढ़ हो रही है।

# वाहन स्वामी ने बिहार के अधिकारियों पर लगाया गाड़ी चोरी और साजिश का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली (नवादा)।** नवादा–कोडरमा सीमा पर अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ हुई कार्रवाई अब गंभीर कानूनी विवाद में बदल गई है। नवादा के खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा के बयान पर एफआईआर दर्ज कर दो ट्रकों को जब्त किया गया है, जबकि वाहन स्वामी राजेंद्र मेहता ने बिहार के अधिकारियों पर गाड़ी चोरी और साजिश के गंभीर आरोप लगाए हैं। मेहता के अनुसार 8 फरवरी की रात उनके ट्रक डोमचांच (झारखंड) से वैध चालान के साथ गिट्टी लादकर जा रहे थे। आरोप है कि झारखंड सीमा में ट्रकों के लॉक तोड़कर उन्हें जबरन बिहार लाया गया और बाद में ओवरलोड दिखाने के लिए अतिरिक्त सामग्री डाली गई। विभागीय रिकॉर्ड में इसे संयुक्त छापेमारी बताया गया है और चालक के फरार होने का दावा किया गया है। मेहता ने दोनों जिलों के अधिकारियों को शिकायत देकर सीसीटीवी व लोकेशन जांच की मांग की है। अधिकारियों ने मीडिया में टिप्पणी से परहेज किया है।

# हत्या के मामले में नौ आरोपित गिरफ्तार व किशोर निरुद्ध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के रोह थाना क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने इस मामले में अब तक नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। घटना के संबंध में 23 जनवरी 2026 को रोह थाना को सूचना मिली थी कि ग्राम कोशी में अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर शव को जला दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन तथा डॉग स्क्वायड की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर रोह थाना कांड संख्या 30/26 23 जनवरी 2026 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान मृतक के बैंक खाते की जांच में खुलासा हुआ कि हत्या के बाद उसके खाते से रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर किए गए तथा निकासी भी की गई। तकनीकी साक्ष्य और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रांजैक्शन से जुड़े संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ में यह बात सामने आई कि पैसों के लालच में हत्या की साजिश रची गई थी। जेल से छूटे कुछ अपराधियों ने मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी और अवसर मिलते ही गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी गई तथा मृतक का मोबाइल फोन भी गायब कर दिया गया।

पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने दावा किया है कि मामले में अन्य आरोपितों की भी जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# सदर अस्पताल में एआई कैमरा व्यवस्था की डीएम ने की जांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सदर अस्पताल में लगाए जा रहे एआई कैमरों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से कैमरे लगाए जाने वाले स्थानों की विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने कहा कि सदर अस्पताल को बिचौलियों से पूरी तरह मुक्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आए दिन शिकायतें मिलती हैं कि बिचौलिये मरीजों और उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिकों में भेज देते हैं। ऐसे में एआई कैमरे बेहद जरूरी हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने करीब आधे घंटे तक सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह, डीपीएम श्याम कुमार निर्मल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने पर विस्तृत चर्चा की। डीपीएम श्याम कुमार निर्मल ने बताया कि सदर अस्पताल से मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिक भेजने के आरोप में तीन टेक्नीशियन को ड्यूटी से हटा दिया गया है। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इमरजेंसी में तैनात सभी कर्मियों को हर समय मुस्तैद रहना होगा।

# नालंदा सीनियर ए डिवीजन क्रिकेट लीग में राजपूताना और गेटवे का जलवा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला क्रिकेट संघ नालंदा के तत्वावधान में आयोजित नालंदा जिला सीनियर क्रिकेट लीग (ए डिवीजन) मंगलवार को रोमांच, रिकॉर्ड और जबरदस्त प्रदर्शन की साक्षी बनी। खेले गए दो अहम मुकाबलों में राजपुताना क्लब और गेटवे क्लब ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित कर लीग में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। दोनों मैचों में खिलाड़ियों का आक्रामक खेल और अनुशासित गेंदबाजी दर्शकों के लिए यादगार साबित हुई।

एनसीए मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में राजपुताना क्लब ने क्रांतिकारी क्लब को एकतरफा अंदाज में शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजपुताना क्लब ने 35 ओवर में 8 विकेट पर विशाल 386 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की इस ऐतिहासिक पारी के नायक कुश कुमार रहे, जिन्होंने 14 छक्कों और 24 चौकों की बरसात करते हुए 192 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ अमृतांशु (73), आदित्य (43) और निर्मल (31) ने भी रनगति को धार दी। जवाब में क्रांतिकारी क्लब की पूरी टीम मात्र 22 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। राजपुताना की ओर से मनीष राज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। कुश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मुकाबला पावापुरी ग्राउंड पर गेटवे क्लब और स्टार क्लब के बीच खेला गया। गेटवे क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 280 रन का मजबूत स्कोर बनाया। अर्णव किशोर ने शानदार शतक (100 रन) जड़कर टीम की पारी को मजबूती दी, जबकि सुजल (82) और चंद्रशेखर (60) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार क्लब की टीम 9 विकेट पर 183 रन ही बना सकी। गेटवे के गेंदबाज अंकित और अभय ने निर्णायक भूमिका निभाई। अर्णव किशोर मैन ऑफ द मैच बने।

# एमएलसी ने पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल के दर्जे की उठायी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** एमएलसी अशोक कुमार ने विधान परिषद में पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि चार प्रखण्डों के आठ लाख लोगों को नवादा आना पड़ता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि वर्षों से पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल बनाने की मांग उठती रही है। एमएलसी द्वारा उठाये गए इस मांग पर लोगों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया है। इसके पूर्व सोमवार को एमएलसी ने धमौल को प्रखण्ड बनाने का मामला विधान परिषद में उठाया।

# अंचल कार्यालय में सीएससी सेवा शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली(नवादा)।** रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का उद्घाटन किया गया। बीडीओ संजीव झा और सीओ मो. गुफरान मजहरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीएओ रौशन कुमार, सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार और सीएससी संचालक नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

सीएससी जिला प्रबंधक कुंदन कुमार ने बताया कि इस सेंटर के माध्यम से अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों के रैयतों को जमीन की रसीद, परिमार्जन, जमीन दाखिल-खारिज, एलपीसी समेत अन्य सेवाएं बाजार के अपेक्षाकृत कम खर्च में मिलेंगी। इसके अलावा जाति, आवासीय, आय, ओबीसी, एनसीएल, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, बिजली बिल पेमेंट, वाहनों के इंश्योरेंस, वृद्ध पेंशन केवाईसी समेत अन्य दर्जनों सुविधाएं किफायत दर पर आमलोगों को दी जाएंगी।

इस सेंटर के खुलने से ग्रामीण लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निजी सायबर कैफे जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# बियाडा की पीसीसी बैठक में 13 औद्योगिक इकाइयों को 11.52 एकड़ भूमि आवंटित

## 139.57 करोड़ निवेश और 1010 रोजगार अवसरों की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी की बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा और आईडा के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद योग्य आवेदकों को औद्योगिक भूखंड और शेड आवंटित करने का निर्णय लिया गया तथा नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई। बैठक में कुल 13 औद्योगिक इकाइयों को बिहार के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों पटना, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, औरंगाबाद, बक्सर और वैशाली में 11.52 एकड़ भूमि आवंटित की गई। आवंटन पाने वाली इकाइयां टेक्सटाइल और लेदर, खाद्य प्रसंस्करण, औषधि निर्माण, प्लास्टिक, संपीड़ित जैव गैस और सामान्य विनिर्माण जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं जिससे राज्य की औद्योगिक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। पीसीसी की बैठक में जिन प्रमुख इकाइयों को भूमि आवंटित की गई उनमें सीएफ बायोटेक गुजरात प्राइवेट लिमिटेड, जे एंड जे एग्रोवेट प्राइवेट लिमिटेड, बरौना फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, केम्प्टी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और ओलट्रेडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा कुल 139.57 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है जिससे लगभग 1010 प्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बियाडा पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से उद्यमियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। समिति के इस निर्णय से बिहार में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, निवेश वातावरण को बढ़ावा और रोजगार सृजन के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होने की संभावना है। राज्य सरकार और बियाडा के संयुक्त प्रयासों से बिहार को प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# नितिन नवीन का बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना बिहार को बड़ा तोहफा : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के पहले आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन अपने अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के हजारों समर्थकों के साथ बापू सभागार में किया। उक्त बातें बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने दी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नितिन नवीन दुनिया के सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के लिए देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड के बिहार के जनता की ओर से आभार प्रकट किया। नितिन नवीन का बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना बिहार के प्रति केंद्रीय नेतृत्व के तरफ से बिहार को बड़ा तोहफा है। इस तोहफा को बचा कर रखना बिहार की जनता की जिम्मेवारी है। नितिन नवीन के माध्यम से बिहार का लाल देश का नेतृत्व करने का रास्ता खुला है यह रास्ता बंद कभी नहीं हो इसके लिए बिहार के जनता को संकल्पित होना पड़ेगा। नितिन नवीन सरल, व्यक्तित्व के धनी हैं, नेतृत्व करने की अपार क्षमता है, दक्षता से परिपूर्ण उनकी क्षमता है। बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने इन्हीं सब कारणों से उन्हें पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नितिन नवीन अपने राजनैतिक अनुभव, कुशल नेतृत्व, अपार संगठनिक क्षमता, दक्षता से पार्टी को पूरे देश में मजबूत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि देश के जिस राज्य में बीजेपी का कमल नहीं खिला वहां इनके नेतृत्व में कमल खिलेगा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नितिन नवीन को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं बिहार के जनता की ओर से अभिनंदन करते हैं।

# एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव।** एनटीपीसी कहलगांव में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर 2026 के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुजाता सभागार, एनटीपीसी कहलगांव में संपन्न हुआ। इस शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, युवा सहभागिता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है, ताकि सांस्कृतिक आदान प्रदान और सामूहिक सीख के माध्यम से युवाओं में एकता की भावना को मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख रवीन्द्र पटेल, महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण मनोरंजन परिदा, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार सहित एनटीपीसी के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रबिंद्र पटेल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में विविधता में एकता की भावना को मजबूत करते हैं और राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 15 राज्यों से आए लगभग 250 राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही एनटीपीसी टाउनशिप के विद्यालयों के छात्र छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन के दौरान विभिन्न राज्यों की राष्ट्रीय सेवा योजना टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी द्वारा सतत सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण में किए जा रहे प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने युवाओं से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर 2026 के इस आयोजन ने युवाओं के बीच आपसी समझ, भाईचारे और सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त करने का संदेश दिया।

# शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाया जाएगा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाया जाएगा। मंगलवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इस संदर्भ में विधान परिषद को आश्वस्त किया। प्रो. वीरेंद्र नारायण यादव के गैर-सरकारी संकल्प का उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है। जनगणना, निर्वाचन और आपदा में सहायता को छोड़कर शिक्षकों की सेवा किसी दूसरे गैर-शैक्षणिक कार्य में नहीं ली जा रही। वर्ष 2023 में ही प्राथमिक शिक्षा निदेशक की ओर से इसका आदेश दिया जा चुका है। इसके अलावा गैर-शैक्षणिक कार्यों में लिप्त शिक्षकों की सूची भी विभाग ने सभी जिलों से मांगी है। किसी राज्य में आवारा कुत्तों की गणना में शिक्षकों को लगाए जाने और उसके प्रतिरोध में एक हिंदी अखबार में प्रकाशित लेख का हवाला देते हुए वीरेंद्र पठन-पाठन की स्थिति पर चिंता प्रकट कर रहे थे। सरकार के उत्तर से संतुष्ट होने के बाद उन्होंने संकल्प वापस ले लिया। मंत्री ने सदन से कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। अगर कहीं समस्या या कोई शिकायत है, तो व्यक्तिगत रूप से मुझे भी अवगत करा सकते हैं या पोर्टल पर जानकारी दे सकते हैं।

# बी.डी. कॉलेज, पटना में स्टार्टअप एवं एमएसएमई विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के स्टार्ट-अप सेल द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्या रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में 'बिहार में स्टार्ट-अप एवं एमएसएमई की वृद्धि' विषय पर एमसीए कांफ्रेंस हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने उद्यमिता, नवाचार तथा बिहार के आर्थिक विकास में स्टार्ट-अप और एमएसएमई की भूमिका पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अरुण कुमार, सलाहकार, आईक्यूएसी तथा डॉ. मौसमी गुप्ता, एमसीए संकाय सदस्य रहीं। दोनों निर्णायकों ने प्रतिभागियों की विषयवस्तु की समझ, आत्मविश्वास एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना की प्रतियोगिता में अभ्या आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान ने द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि साक्षी कुमारी एवं इशिका राय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्टार्ट-अप सेल के प्रभारी विशाल विजय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सचिन राज, स्टार्ट-अप समन्वयक के नेतृत्व में किया गया जिसमें स्टार्ट-अप सेल के छात्र प्रतिनिधि सपना कुमारी, दीप्ति, कुणाल एवं राहुल का सक्रिय सहयोग रहा।

# नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर चयन सभी कार्यकर्ताओं को नई दिशा दे रहा है : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने विधानसभा पहुंचे। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि आज न केवल सदन के लिए बल्कि हम सभी के लिए गौरवशाली दिन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज यह ऐतिहासिक क्षण है कि युवा, कर्मठ, जनप्रिय और लोकप्रिय साथी नितिन नवीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका विनीत स्वभाव, जनता के प्रति लगाव और अपने कार्यों के प्रति आपका समर्पण बोध हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आज आपको राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पाकर बिहार की राजनीति अंगड़ाई ले रही है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में आपका सक्षम नेतृत्व देश की राजनीति को विश्व में एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि यह सदन आज इस बात का गवाह भी बन रहा है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सबसे युवा अध्यक्ष हमारे साथी नितिन नवीन हैं।

# सबका सपना, स्वच्छ भारत हो अपना : डॉ हनीफ मेवाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गांधी मैदान में चल रहे खादी मेला एवं प्रदर्शनी में पटना नगर निगम की ओर से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ मोहम्मद हनीफ मेवाती, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पटना तथा पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने किया। उद्घाटन के समय लोक गायक राजेश केसरी एवं अन्य लोक कलाकार उपस्थित रहे। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में डॉ मोहम्मद हनीफ मेवाती, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पटना ने कहा कि स्वच्छता का स्वप्न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और ग्रामीण स्वरोजगार के साथ-साथ स्वच्छता को भी बहुत महत्व दिया क्योंकि उनका मानना था कि स्वच्छता देवत्व के समीप है और इसीलिए पूरे देश को साफ रहना जरूरी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सामाजिक राजनीतिक आंदोलन के दौरान भी स्वच्छता को बराबर महत्व दिया। हम सबका कर्तव्य है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाई रास्तों पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दें, स्वच्छता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने पटना को नंबर वन बनायें। हर रंग के डस्टबिन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने सभी युवाओं को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बिहार की लोक गायिका नीतू नवगीत ने पारंपरिक गीतों एवं स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छ भारत स्वच्छ पटना का संदेश दिया और सभी लोगों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में भाग लेने का निवेदन किया। लोगों के आग्रह पर उन्होंने बहुत सारे होली गीतों से भी दर्शकों को झुमाया। वादक कलाकारों ने बहुत अच्छी संगत की।



# प्रदेश कांग्रेस ने कुछ नेताओं के जिला भ्रमण कार्यक्रम से पार्टीजनों को दूर रहने का जारी किया आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस ने कार्यालय आदेश जारी कर सूचना जारी की है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जानकारी मिल रही है कि निम्नलिखित लोग जिला-दर-जिला भ्रमण कर कांग्रेसजनों को भ्रमित कर रहे हैं और कांग्रेस पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। ये लोग विधानसभा चुनाव के समय से ही पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं, अतः पार्टी अनुशासन समिति द्वारा इन लोगों पर अनुशासनिक कार्रवाई की गई है जिनमें छत्रपति यादव, आनंद माधव, सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी, राज कुमार राजन, नागेंद्र पासवान विकल, मधुरेंद्र कुमार सिंह, प्रद्युम्न यादव, शकीलुर रहमान, उर्मिला सिंह नीलू, सुधा मिश्रा, वसी अख्तर, कैसर खान, कुंदन गुप्ता, राज कुमार शर्मा आदि शामिल हैं।

पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार सूचित करना है कि जिला कांग्रेस या प्रखंड कांग्रेस की तरफ से इन लोगों को कोई सहयोग न दिया जाए। इन लोगों का मुख्य काम सीधे-साधे कांग्रेसजनों को भ्रमित कर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करना और भाजपा एवं जदयू जैसी पार्टियों को मदद करना है।

# वैशाली जिले के एक एनजीओ पर 25 लाख गबन का आरोप, विजिलेंस जांच की मांग : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली / पटना।** वैशाली जिले में पंजीकृत एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) पर कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) से जुड़े कार्य में गंभीर वित्तीय अनियमितता एवं 25 लाख के गबन का आरोप लगा है। सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकरण संख्या 710/2008-09 वाले इस संगठन पर आरोप है कि 'विशाल युवा केंद्र' के तहत समस्त कार्य पूर्ण होने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। उक्त केंद्र का संचालन आनंद रंजन झा द्वारा किया गया। आरोप है कि संगठन ने केंद्र संचालन के लिए 80 प्रतिशत भुगतान का स्पष्ट आश्वासन दिया था, जो उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के माध्यम से किया जाना था, किंतु देनदारी स्वीकारने के बावजूद राशि जानबूझकर रोक ली गई। इतना ही नहीं पांच-पांच लाख रुपये के दो चेक भी बाउंस हो गए जिनसे संबंधित मामले व्यवहार न्यायालय, हाजीपुर में वाद संख्या 2308/2024 एवं वाद संख्या 966/2025 के रूप में विचाराधीन हैं। इसके अतिरिक्त संगठन से संबंधित आपराधिक वाद संख्या 30/2023 भी दर्ज है।

शिकायतकर्ता के अनुसार दबाव बनाने और डराने की नीयत से उनके विरुद्ध झूठा वाद संख्या 2673/2022 दायर किया गया था जिसे न्यायालय ने निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। इन सभी तथ्यों के आलोक में आनंद रंजन झा ने सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।



# बिहार विद्यापीठ का 106वां स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम में मंगलवार को संस्थान का 106वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्सवी वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का आयोजन देशरत्न सभागार में किया गया जिसकी अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश (आईएएस) ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विजय प्रकाश ने कहा कि 'बिहार विद्यापीठ केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय मूल्यों, लोक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत केंद्र है। उन्होंने बिहार विद्यापीठ के संस्थापक सदस्यों – महात्मा गांधी, मौलाना मजहर-उल-हक, बाबू ब्रजकिशोर प्रसाद, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद तथा विद्यापीठ के छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण को नमन करते हुए कहा कि इन सभी विभूतियों ने अपने पेशे त्यागकर स्वतंत्रता संग्राम में पूरे जुनून के साथ सहभागिता की। समारोह के मुख्य अतिथि, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित, प्रख्यात पटकथा लेखक, नाट्य एवं सिनेमा निर्देशक-निर्माता अरविन्द रंजन दास ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि 'जब जुनून को पेशे से जोड़ा जाता है, तभी सफलता कदम चूमती है।' उन्होंने अपनी जीवन यात्रा साझा करते हुए एक स्वतंत्र रचनात्मक प्रतिभा के विकास में आने वाली पारिवारिक व सामाजिक बाधाओं की चर्चा की तथा युवाओं को दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। उन्होंने रचनात्मकता, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना को समाज निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात सचिव डॉ. राणा अवधेश ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए बिहार विद्यापीठ की राष्ट्रीय चेतना, शैक्षिक परंपरा और सामाजिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। समारोह के सांस्कृतिक सत्र में पटना की चर्चित नाट्य संस्था अतुल्या आर्ट्स द्वारा मंचित एकल नाट्य प्रस्तुति 'आपकी सरिता' (लेखक-सतीश चित्रावंशी; निर्देशन एवं अभिनय-लाडली कुमारी; पार्श्व संगीत-श्रीपर्णा तिवारी) ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक में लाडली कुमारी ने एक साथ कई भूमिकाएं निभाईं। यह नाटक छात्राओं की शिक्षा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक तानों और मानसिक तनाव जैसे समसामयिक विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करता है। नाटक की नायिका सरिता के संघर्ष, आत्मबल, परिश्रम और आत्मनिर्भरता की कथा ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। नाटक का कथानक एक इंटर की छात्रा सरिता के संघर्ष पर आधारित है जो असफलताओं, पारिवारिक सहयोग के अभाव और सामाजिक दबावों के बावजूद हार नहीं मानती।



# रोटरी क्लब ऑफ पटना ने किया मॉडर्न एक्यूप्रेशर वर्कशॉप व मर्म दाब चिकित्सा हेल्थ कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना की ओर से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर, कंकड़बाग, पटना में एक दिवसीय मॉडर्न एक्यूप्रेशर वर्कशॉप एवं मर्म दाब चिकित्सा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध विशेषज्ञ रो. डॉ. सैकत सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को पैन मैनेजमेंट एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित जांच एवं थेरेपी की जानकारी दी गई। उन्होंने बिना दवा उपचार पद्धति के लाभों पर प्रकाश डालते हुए मर्म दाब चिकित्सा की उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी क्लब ऑफ पटना की अध्यक्ष रो. रश्मि मंडल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था एवं रोटरी क्लब ऑफ पटना के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एमपी जैन ने बताया कि उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पी.पी. रो. मिथिलेश मंडल, बी.के. संगीता, बी.के. स्नेहा, अनूप सिंह चौहान, युवराज कुमार, ऋत्विक राज एवं रो. राजेश पांडे सहित अतिथि कल्याणी चंद्रा भी शामिल थीं। कार्यक्रम के अंत में यह निर्णय लिया गया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए आगामी 15 फरवरी 2026 को एक मॉडर्न एक्यूप्रेशर हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा। साथ ही 22 फरवरी 2026 एवं 1 मार्च 2026 को चार घंटे का सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग इस वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित हो सकें।




# चेन पुलिंग में 1030 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 3567 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत जनवरी माह में 1 से 31 जनवरी 2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1030 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 496 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 200, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 108, सोनपुर मंडल में 130 तथा धनबाद मंडल में 96 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया।

# यूएमएसएएस में हैंडीक्राफ्ट कारीगरों के बच्चों को एचएससी ने निफ्ट में नामांकन के बताए गुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में मंगलवार को हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर ने विशेष मोबिलाइजेशन सह जागरूकता कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से निफ्ट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी) पटना में प्रवेश पर फोकस था। इसका उद्देश्य हैंडीक्राफ्ट कारीगरों एवं उनके बच्चों को डिजाइन शिक्षा के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की डिजाइन शिक्षा से जोड़ना तथा उनके कौशल को आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक संभावनाओं से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर-निफ्ट प्रेरणा नारायण, फैकल्टी सदस्य पिंटू पंडित, एचएससी के सहायक निदेशक मुकेश कुमार, यूएमएसएएस के डिप्टी डेवलपमेंट ऑफिसर सत्यानंद शर्मा आदि थे। कार्यक्रम में बताया गया कि निफ्ट में हैंडीक्राफ्ट श्रेणी के अंतर्गत 40 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। इसके लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों के पास मान्य आर्टिजन कार्ड होना अनिवार्य है।



CMYK

# संपादकीय

## असुरक्षित खदानें क्यों बन रही मजदूरों की क्रब

मेघालय में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में अठारह मजदूरों की मौत हो गई, एक गंभीर रूप से जख्मी मजदूर अस्पताल में भर्ती है और अंदेशा है कि कुछ अन्य मजदूर अभी भी खदान में फंसे हों। यह 'रैट होल' खदान है, जिसमें इतनी संकरी सुरंगें बनाकर खनन किया जाता है, जिनसे मजदूर रेंगकर ही घुस या निकल सकते हैं। ये खदानें पर्यावरण के लिए भी बहुत घातक हैं। इनकी असुरक्षित व अमानवीय परिस्थिति की वजह से ही सुप्रीम कोर्ट और ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इनको प्रतिबंधित किया हुआ है, लेकिन पूर्वोत्तर भारत में ऐसी खदानें धड़ल्ले से चल रही हैं। अनुमान है कि सिर्फ मेघालय में लगभग 25,000 ऐसी गैर-कानूनी खदानें चल रही हैं। जाहिर है, इतने बडे पैमाने पर यह अवैध काम बिना प्रशासनिक मिलीभगत और भ्रष्टाचार के संभव नहीं है। इसके पहले मेघालय में ही 2018 में बड़ी दुर्घटना हुई थी, जिसमें पंद्रह मजदूर मारे गए थे। बहुत संभव है कि और भी दुर्घटनाएं इन खदानों में होती हों, जिनकी खबर तक बाहर नहीं आ पाती हो। ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक नेकनीयती व सख्ती से ऐसे गैर-कानूनी और अमानवीय कारोबार पर रोक नहीं लगाई जा सकती, लेकिन प्रशासनिक तंत्र में भ्रष्टाचार का जाल इतना मजबूत है कि उसके आगे तमाम कानून और आदेश व्यर्थ हो जाते हैं। देश में कई बार भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन हुए, कुछेक बार इन आंदोलनों की वजह से सरकारें भी बदलीं, लेकिन भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत ही होती गईं। 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट से तो यही जाहिर होता है। भ्रष्टाचार कम करने के लिए जरूरी है कि सरकारी तंत्र और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता व सरलता लाई जाए, पर होता यह है कि भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर प्रक्रियाओं को ज्यादा जटिल और अपारदर्शी बना दिया जाता है, जिससे अधिकारियों व संस्थानों की जवाबदेही और कम हो जाती है। ऐसे में, भ्रष्टाचार की गुंजाइश बढ़ जाती है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने वाली संस्थाओं को स्वतंत्र व मजबूत बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने की इच्छा हमारी राजनीतिक संस्कृति में नहीं है, इसलिए इसमें पकड़े जाने की गुंजाइश जितनी कम है, पकड़े जाने पर सजा मिलने की गुंजाइश उससे भी कम है।सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत के आम नागरिक की गरिमा, उसके अधिकार, उसकी जान की परवाह भी हमारे तंत्र में कम ही है, बल्कि यह परवाह हमारे समाज में ही नहीं है, जो इन आम नागरिकों से बना है। हमारे समाज के लोगों में ही दूसरे लोगों, खासकर अलग वर्ग, समुदाय या क्षेत्र के, यानी अपने से अलग लगने वाले लोगों के दुख-दर्द या समस्या के प्रति वैसी हमदर्दी नहीं देखने को मिलती, जैसी एक देश में अपेक्षित है और भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में तो हमेशा ही ज्यादातर लोग हमसे अलग ही होंगे।

## मूगा की खेती के लिए कोई भौगोलिक सीमा नहीं

**मूगा सिल्क, जो अपनी प्राकृतिक सुनहरी चमक और जबरदस्त मजबूती के लिए दुनिया भर में मशहूर है, भारत के सबसे कीमती प्राकृतिक रेशों में से एक है. पारंपरिक रूप से, मूगा रेशम उत्पादन को असम और उत्तर-पूर्वी भारत की पहचान माना जाता रहा है. वैज्ञानिक प्रयोगों और खेतों के सफल अनुभवों से यह संकेत मिल रहे हैं कि मूगा की खेती को केवल एक ही भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित रखने की जरूरत नहीं है. दक्षिण भारत मूगा रेशम उत्पादन के लिए एक नए और आशाजनक क्षेत्र के रूप में उभर सकता है. प्राकृतिक रेशम की दुनिया में मूगा सिल्क की आर्थिक चमक बेजोड़ है. ऑफ-सीजन के दौरान, मूगा के एक कोकून की कीमत 15-20 रुपये तक पहुंच सकती है, जबकि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाला कच्चा मूगा रेशम 45,000 से 50,000 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिकता है.**

## मूगा सिल्क का नया अध्याय: मप्र और उत्तराखंड में सफल प्रयोग के बाद अब दक्षिण भारत की बारी

धारावत साईंचरण

आर्थिक दृष्टि से देखें तो, सोम या सोआलु (मूगा के पौधों) के एक एकड़ के बागान से एक बार में लगभग 35,000 से 40,000 कोकून पैदा किए जा सकते हैं. अगर सरकार द्वारा तय 6 रुपये प्रति कोकून की कीमत को भी आधार मानें, तो एक एकड़ से सिर्फ एक फसल में ही 2.1 से 2.4 लाख रुपये तक की सकल कमाई हो सकती है. रेशम के बीजों और पालन-पोषण के खर्चों को हटा देने के बाद भी, मूगा पालन एक बहुत ही अधिक मुनाफा देने वाला काम है.


इतनी अच्छी कीमत और कम लागत के कारण, मूगा रेशम पालन उन छोटे किसानों, आदिवासी परिवारों और ग्रामीण समुदायों के लिए कमाई का एक बेहतरीन जरिया है, जिनके पास जमीन तो कम है लेकिन मेहनत करने वाले हाथों की कमी नहीं है.

हालांकि 'एंथेरिया असामेंसिस' (मूगा रेशम का कीड़ा) मुख्य रूप से उत्तर-पूर्व में ही पाया जाता है. लेकिन, हाल के घटनाक्रमों ने इस धारणा को चुनौती दी है कि मूगा कहीं और नहीं पनप सकता.

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मूगा की खेती की सफल शुरुआत ने यह साबित कर दिया है कि ये कीड़े अपने पारंपरिक क्षेत्र के बाहर भी खुद को ढाल सकते हैं. ये अनुभव स्पष्ट करते हैं कि मूगा की खेती के लिए कोई भौगोलिक बंधन नहीं हैं. इसके लिए सही वातावरण, वैज्ञानिक देखरेख और किसानों व संस्थाओं का दृढ़ संकल्प ही मायने रखता है.

महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्तर-पूर्व से बाहर यह सफलता मजबूत संस्थागत सहयोग से संभव हुई है. केंद्रीय रेशम बोर्ड (सीएसबी) के तहत काम करने वाली गुवाहाटी की संस्था 'मूगा एंड एरी सिल्कवर्म सीड ऑर्गेनाइजेशन' (एमईएसएसओ) ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड को बीमारी-मुक्त बीज उपलब्ध कराए हैं. स्थ्रस्स्ह ने गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मुख्य भूमिका निभाई है.

इस प्रयास में राज्य के रेशम विभागों ने भी बीजों की खरीद, वितरण और किसानों को तकनीकी सलाह देने में सक्रिय रूप से मदद की है. इससे यह सिद्ध होता है कि केंद्र और राज्यों के तालमेल से मूगा रेशम पालन को नए क्षेत्रों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा सकता है. मूगा रेशम के कीड़े मुख्य रूप से सोम (पर्सिया बॉम्बेसिना) और सोआलु



(लिट्सा पोलियांथा) के पेड़ों की पत्तियों को खाते हैं, जो कि जंगली पेड़ों की प्रजातियां हैं. इन पेड़ों को लगाने के बाद मूगा पालन के लायक तैयार होने में लगभग तीन साल का समय लगता है. पेड़ों की यह विशेषता मूगा रेशम पालन को वृक्षारोपण कार्यक्रमों, कृषि-वानिकी और सामुदायिक वन पहलों के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है. विशेष रूप से, सोआलु के पेड़ों को खराब हो चुकी वन भूमि और सामुदायिक जंगलों में उगाया जा सकता है. इससे पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़े बिना, स्थानीय लोगों के लिए लंबे समय तक चलने वाला और नवीकरणीय आजीविका का साधन तैयार किया जा सकता है. मूगा रेशम के कीड़ों के लिए आवश्यक जलवायु- 20 से 30 डिग्री सेल्सियस तापमान और 65 से 85% की नमी है. दक्षिण भारत के कई वन और अर्ध-वन क्षेत्रों की परिस्थितियों से काफी मिलती-जुलती है. विशेष रूप से, मानसून और मानसून के बाद का मौसम यहां की खेती के लिए बहुत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है. तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में बड़े वन क्षेत्र हैं, जहां रणनीतिक रूप से मूगा पालन शुरू किया जा सकता है. खेती के लिए संभावित समय -तेलंगाना और आंध्र प्रदेशः जुलाई से सितंबर और अक्टूबर से दिसंबर तक. कर्नाटक और केरलः जून से नवंबर तक. तमिलनाडुः मानसून से जुड़े मौसम के दौरान चुनिंदा वन क्षेत्रों में. समय के ये विकल्प मूगा रेशम पालन को अलग-अलग चरणों में और क्षेत्र के हिसाब से अपनाने का बेहतरीन अवसर देते हैं. दक्षिण भारत में मूगा रेशम पालन को बढ़ावा देने के पक्ष में सबसे ठोस तर्क यह है कि यह आदिवासी और वन क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के लिए बहुत उपयोगी है. मूगा पालन के लिए बहुत अधिक खेती-बाड़ी के संसाधनों या खाद-पानी की ज़रूरत नहीं होती. इसके बजाय, यह वन संसाधनों के सुरक्षित उपयोग के जरिए कमाई का जरिया बनता है. यह काम स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर पैदा करता है और साथ ही जंगलों के अंधाधुंध दोहन को रोकने में भी मदद करता है. आदिवासी परिवारों के लिए मूगा रेशम पालन अतिरिक्त आय का एक भरोसेमंद स्रोत बन सकता है, जिससे काम की तलाश में होने वाले मौसमी पलायन में कमी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. सामुदायिक वनों, संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रमों और क्षतिपूरक वनीकरण योजनाओं में सोम और सोआलु के बागानों को शामिल करके, मूगा रेशम पालन के जरिए एक साथ दो लक्ष्य साधे जा सकते हैं. हरियाली बढ़ाना और आर्थिक लाभ कमाना, यह दोहरा लाभ मूगा रेशम को एक शक्तिशाली माध्यम बनाता है, जिससे टिकाऊ आजीविका, जलवायु लचीलापन और जैव विविधता संरक्षण से जुड़े राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है. दक्षिण भारत में मूगा रेशम पालन का विस्तार भारत के रेशम उद्योग को एक नई पहचान देने का एक रणनीतिक अवसर है. एमईएसएसओ और केंद्रीय रेशम बोर्ड जैसी संस्थाओं के सहयोग से मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में मिले सफल अनुभवों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गुणवत्तापूर्ण बीजों, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और राज्य स्तर के सहयोग से मूगा की खेती अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पूर्व) से बाहर भी फल-फूल सकती है. मूगा रेशम पालन केवल एक कृषि व्यवसाय नहीं है. यह

## चुनाव को करीब देख फिर धर्म की शरण में द्रमुक

(एस श्रीनिवासन)

बीते इतवार को जब दिल्ली बजट भाषण पर बहस में डूबी हुई थी, ठीक उसी दिन तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने अपने विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। दरअसल, 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा थी और इसी दिन तमिल त्योहार 'थाईपुसम' मनाया जाता है। तमिलनाडु के धर्मपरायण लोगों के लिए इस दिन का बहुत महत्व होता है।

लंबे समय तक खुद को नास्तिक कहने वाले दल (द्रमुक) ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत के लिए इसी त्योहारी दिन को चुना। 'थाईपुसम' थाई और पुसम शब्दों से मिलकर बना है। थाई एक तमिल महीने का नाम है, जिसकी पहली पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान मुरुगन (कार्तिकेय) ने इसी दिन अपनी मां पार्वती द्वारा दिए गए दिव्य हथियार से सूरपद्मण नामक राक्षस का संहार किया था। तमिलनाडु में इस दिन सरकारी छुट्टी होती है, लेकिन इस बार यह त्योहार इतवार को ही पड़ गया। इस दिन लोग शिव मंदिरों, खासकर भगवान मुरुगन के मंदिरों में उमड़ पड़े और पूजा-अर्चना की। जाहिर है, द्रमुक ने श्रद्धालुओं को खुश करने के लिए इस दिन का चयन किया, इससे यही संदेश गया है कि इस पार्टी को भी धर्म के समर्थन की आवश्यकता महसूस होने लगी है। द्रमुक को सत्ता विरोधी लहर के साथ-साथ अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके की चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। अन्नाद्रमुक तो है ही।

द्रमुक और अन्नाद्रमुक- दोनों परंपरागत प्रतिद्वंद्वी दलों ने अपने गठबंधन लगभग तय कर लिए हैं। छोटी-मोटी कुछ अड़चनें हैं, जिनको वे आने वाले दिनों में सुलझा लेंगे। समय की कसौटी पर खरे उतरे द्रमुक गठबंधन के इस चुनाव में भी बने रहने की पूरी संभावना है। हालांकि, इसके एक प्रमुख घटक कांग्रेस ने आधिकारिक रूप से अपने रुख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह सौदा तय लग रहा है। तमिलनाडु और पुडुचेरी इकाइयों के कांग्रेस प्रभारी गिरीश चोडणकर द्रमुक नेतृत्व से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही पार्टी के महासचिव के सी वेणुगोपाल समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आने वाले हैं।

कांग्रेस 234 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए 33 सीटों पर दावा कर रही है, जबकि पिछले चुनावों में उसे 25 सीटें मिली थीं। हालांकि, उसे पुडुचेरी में ज्यादा परेशानी हो रही है। वहां उसका दबदबा है और वह अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। दिलचस्प बात यह है कि द्रमुक भी वहां नेतृत्व का दावा कर रही है और उसके नेता जगतरक्षकन ने मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर अपनी दावेदारी भी पेश कर दी है। दिल्ली में कांग्रेस के डाटा एनालिसिस विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती के नेतृत्व वाला गुट अभिनेता विजय के साथ गठबंधन पर जोर दे रहा है। चक्रवर्ती का कहना है कि विजय के पास चुनाव जीतने के बेहतर मौके हैं। प्रवीण और विजय, दोनों चुनावी राजनीति में नए हैं, पर वे अपनी राजनीतिक समझ के लिए जाने जाते हैं।

द्रमुक का दूसरे घटकों से कमोबेश गठबंधन हो गया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम के भी संपर्क में है। इधर, अन्नाद्रमुक के सभी गुटों को एकजुट करने में नाकाम रही भाजपा ने अब यह प्रयास छोड़ दिया है। वैसे, उसका गठबंधन टीटीवी दिनाकरन को अपने साथ जोड़ने में कामयाब रहा है। इस बार उसे पीएमके से भी समझौता किया है, जिसका तमिलनाडु के उत्तरी हिस्सों में काफी प्रभाव है। अन्नाद्रमुक 150 से 160 सीटें अपने पास रखेगी और बाकी सहयोगियों के लिए छोड़ सकती है। भाजपा 30 सीटें मांग रही है, मगर वह 22 पर मान सकती है।

अभिनेता विजय ने धमाकेदार शुरुआत की और कई दलों को गठबंधन के लिए बुलाया। दुर्भाग्य से, किसी ने उनकी बात नहीं मानी। अब विजय ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने का एलान किया है। उनके प्रत्याशी पारंपरिक पार्टियों के वोटों में सेंध लगा सकते हैं। लाख टके का सवाल यही है कि विजय किसको ज्यादा नुकसान पहुंचाएंगे? द्रमुक और अन्नाद्रमुक- दोनों तमिल दल दावा कर रहे हैं कि अभिनेता के आने से उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन वे भी जानते हैं कि उनकी यह बात विश्वसनीय नहीं है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार) (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# तेहरान अब एक सीख है

**तेहरान की सरकार ने जल-संकट से निपटने के लिए 'स्मार्ट मीटरिंग' के साथ पानी के दबाव में कटौती की है, परंतु यह समस्या को वक्ती तौर पर टालने से अधिक कुछ भी नहीं। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो अमेरिकी प्रक्षेपास्त्रों से ज्यादा पानी की कमी यहां के लोगों के लिए घातक साबित होगी। तेहरान क्या 'डे जीरो' की ओर बढ़ रहा है? मेरे इस सवाल से गफलत में न आएं। मैं अमेरिका के संभावित हमले का नहीं, बल्कि वहां उपजे अभूतपूर्व जल-संकट की ओर इशारा कर रहा हूं। चौतरफा समस्याओं से जूझ रही यह महानगरी बाहरी जंग के साथ इस कभी न खत्म होने वाली आपदा से भी पीड़ित है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने पीड़ापूर्वक कहा है कि देश की राजधानी को स्थानांतरित करना अब विकल्प नहीं, मजबूरी है।**

(शशि शेखर)

तेहरान पर ये दुर्दिन अचानक नहीं टूटे हैं। इसका सिलसिला लंबा है। यहां की जलापूर्ति का मुख्य स्रोत अल्बोर्ज पर्वतमालाओं की बर्फ है। जितनी बर्फ पड़ेगी, उतनी ही पिघलेगी और पिघलती हुई हर बूंद यहां के लोगों के सूखते हलक भिगोने के काम आएगी। सदियों पुराना यह सिलसिला 'ग्लोबल वार्मिंग' की चपेट में आ गया है। बर्फ पड़नी कम हो गई है और साल-दर-साल आबादी की बढ़ोतरी के साथ यहां से प्राप्त होने वाली जल-संपदा में घटोतरी हो रही है। नतीजतन, भूजल का भयंकर दोहन जारी है और इसकी वजह से यहां आबादी वाले इलाकों में भी जमीन का धंसना जारी है।

क्या आपको यहां भारतीय शहरों की याद नहीं आ रही? हमारा हाल भी कुछ जुदा नहीं, मगर इस पर आगे चर्चा करेंगे। पहले ईरान की पूरी बात। तेहरान की सरकार ने इससे निपटने के लिए 'स्मार्ट मीटरिंग' के साथ पानी के दबाव में कटौती की है, परंतु यह समस्या को वक्ती तौर पर टालने से अधिक कुछ भी नहीं। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो अमेरिकी प्रक्षेपास्त्रों से ज्यादा पानी की कमी यहां के लोगों के लिए घातक साबित होगी। तेहरान आधुनिक युग में उजड़ने वाली दूसरी राजधानी साबित हो सकती है।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पर यह आफत पहले से तारी है। जकार्ता को जलसंकट के चलते नुसंतारा स्थानांतरित किया जा रहा है। वजह? जकार्ता में पाइप के जरिये पानी की आपूर्ति सिर्फ 40 फीसदी आबादी तक ही है। भूजल जकार्तावासियों को पालता-पोसता है। नतीजतन, यह शहर 20 से 28 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से नीचे की ओर धंस रहा है। एक तरफ जमीन धंस रही है, तो दूसरी तरफ समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अब तक इस महानगर के 40 फीसदी हिस्से को सागर की लहरें लील चुकी हैं। आशंका जताई जा रही है कि अगले 25 वर्षों में इसका रहा बचा इलाका समुद्र में गुम हो जाएगा।

हमारे देश के 21 शहर भयंकर जल-संकट की चपेट में हैं। इनमें नई दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे अति-महत्वपूर्ण महानगर शामिल हैं। बंगाल की खाड़ी के किनारे बसे चेन्नई में तो सन् 2019 में 'डे जीरो' जैसे हालात पैदा हो गए थे और आसपास के शहरों से ट्रेन के जरिये पानी पहुंचाना पड़ा था।

भूजल के अत्यधिक दोहन की वजह से बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में भी वैसे लक्षण प्रकट होने लगे हैं, जैसे शुरुआत में तेहरान या जकार्ता में हुए थे। यहां भी भूजल स्तर रसातल की ओर जा रहा है और जमीन धंसने की घटनाएं बढ़ रही हैं। बेंगलुरु को देश की 'डिजिटल कैपिटल' कहा जाता है, लेकिन यह आधुनिकता भला किस काम की, जब यहां के लोग



और सरकार इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा पा रहे? देश की राजधानी दिल्ली के हालात भी दयनीय हैं। यहां बरसों से पानी की राशनिंग लागू है। रोहिणी जैसे तमाम जनसंकुल इलाके ऐसे हैं, जहां दिनवार तरीके से जलापूर्ति की जाती है। यमुना के किनारे बसे इस शहर में कभी 24 घंटे पानी आता था। अब यमुना में अमोनिया की मात्रा इतनी अधिक हो गई है कि उसका जल ग्रहण करने योग्य नहीं रह बचा है। नतीजतन, यहां टैंकर माफिया सक्रिय हैं और एक बड़ी आबादी को उनसे मनमाने दामों पर आवश्यकता का पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। राजधानी की 90 फीसदी जलापूर्ति उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। अवर्षण या अत्यधिक गरमी की वजह से जब इन राज्यों में जलसंकट शुरू होता है, तब दिल्लीवासी इसका सर्वाधिक शिकार बनते हैं। ऐसा नहीं है कि हुकूमत ने इस मुद्दे पर आंखें मूंद रखी हैं। केंद्र सरकार ने अटल भूजल योजना, नदी जोड़ो अभियान, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और डिजिटल वाटर ग्रिड जैसी तमाम योजनाएं लागू की हैं। अटल भूजल योजना के जरिये लोगों को जल-वितरण में साझी जिम्मेदारी सौंपने का प्रयास है। जल संबंधी जागृति बढ़ाने के लिए कई शहरों में पीजो मीटर स्थापित किए गए हैं। ये मीटर लोगों को गिरते भूगर्भीय जल की ताजातरीन स्थिति से वाकिफ कराते हैं। इजरायल से 'ड्रिप इरिगेशन' की तकनीक भी हासिल की गई है, ताकि 60 से 70 फीसदी जल सिंचाई के दौरान बचाया जा सके। जल की रिसाइक्लिंग के जरिये 90 फीसदी के करीब जलभंडार को पुनः रोजमर्रा के काम में लाने की कवायद भी जोरों से जारी है। विदेश की कुछ कंपनियां वायु से जल बनाने में महारत हासिल कर चुकी हैं। एक नामचीन मंत्री तो अपने आवास में इस विधि से हासिल जल का ही उपयोग करते हैं। यह बात अलग है कि ऐसी तकनीक तक आम आदमी को पहुंचने में वर्षों लग जाएंगे। मैं आपका ध्यान नदी जोड़ो अभियान की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार सम्हालते ही इस अभियान की शुरुआत की थी और इसके प्रथम चरण में केन और बेतवा नदी को जोड़ने का काम चालू है। अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो हम तेजी से पनपते जल-संकट पर काफी कुछ काबू पा सकेंगे।

हालांकि, बहुत से जानकार इसे खर्चीला और दूरगामी बताते हैं। जल-संकट, जलवायु और बिगड़ते पर्यावरण में घनिष्ठ संबंध है। दुनिया के साथ भारत में तेजी से इनके बिगड़ने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। ईरान के अल्बोर्ज पर्वत की तरह हिमालय की चोटियां भी अब पहले जैसी घनी बर्फ का इंतजार करती हैं। हिमपात में कमी और बढ़ती गर्मी की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और गंगा, यमुना सतलुज, रावी जैसी सदानीराएं बेहाल हैं। इन्हें प्रदूषण ने भी अपनी जकड़न में ले रखा है।मैं अपनी एक आपबीती बताता हूं। गुजरी वसंत पंचमी को मैं देहरादून में था। शिवालिक की गोद में बसी एक घाटी में उस दिन जबरदस्त बारिश हुई और ओले पड़े। साथ ही पड़ोस की पर्वत श्रृंखलाओं पर मौसम की पहली बर्फबारी भी हुई। बताने की जरूरत नहीं कि वसंत पंचमी का दिन उत्तर भारत में शीत ऋतु की विदाई का मौका माना जाता था। उस दिन कड़ाके की सर्दी, बर्फबारी और वर्षा को देख एक सहयोगी की टिप्पणी थी- अब वसंत का मौसम खत्म हो गया है। बातों ही बातों में वह बहुत गहरी बात कह गए थे। यह सिर्फ एक मौसम का अंत नहीं, बल्कि हमारी आपकी जिंदगी से वसंत की स्थायी विदाई का त्रासद संकेत भी है।

# ट्रक एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

## ट्रक चालक गिरफ्तार, घटनास्थल पर लगी आमजनों की भीड़ एवं वाहनों की लगी कतार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** एनएच 31 पर प्रखंड मुख्यालय जाने वाली सड़क पर कालेश्वर चौक के पास बाइक एवं ट्रक के बीच टक्कर में बाइक सवार आफताब आलम (25) पहाड़पुर, थाना अमदाबाद निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।वहीं बाइक का परखचा उड़ गया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक लाभा की ओर से तेजी में कटिहार की ओर आ रहा था तो बाइक सवार कटिहार की ओर से जा रहा था। दोनो में आमने सामने की टक्कर हो गई।




टक्कर में बाइक सवार उछल कर उपर से मूंह के बल सड़क पर गिरा। जिससे उसके मूंह से काफी गिरा और बाइक चकनाचूर हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक भागने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया।सूचना मिलते हीं प्राणपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चालक सहित ट्रक और बाइक को हिरासत में ले लिया तथा गंभीर रौप से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस आधारकार्ड के आधार पर मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।वही मामले में अग्रेतर कारवाई की जा रही है।घ।टना को लेकर आगे कार्रवाई की जा रही है। अरविंद कुमार, बबलू कुमार, सुरेंद्र ऋषि,अजीत कुमार, प्रमोद सिंह आदि प्रत्यक्ष दर्शियों ने घटना को वीभत्स बताते हुए सड़क पर वाहनों के रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की है।

# भेड़माड़ा संकुल में विद्यालय शिक्षा समिति का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़मारा में तीन दिवसीय विद्यालय शिक्षा समिति का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षक प्रेम कुमार परदेशी ने बताया कि संकुल अंतर्गत पांच विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं तीन सदस्य उपस्थित हुए जिन्हें विद्यालय खुलने से लेकर बंद होने के बीच में शैक्षणिक गतिविधि, मध्यान भोजन, विद्यालय का विकास आदि पर चर्चा की गई।



वहीं प्रत्येक दिन एनजीओ के द्वारा दिए जाने वाले भोजन को एक शिक्षकों के द्वारा चखना हैं, खाना कैसा एनजीओ बना कर दिया हैं, उसे चखना पंजी में लिखना हैं एवं प्रधानाध्यापक को खाना की गड़बड़ी के बारे में लिखित जानकारी देना हैं । वहीं विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष को भी प्रत्येक दिन विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि जांच करने के बारे में कहा। वहीं विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव को विद्यालय के विकास कैसे हो इस पर ध्यान देने की बात कही। वहीं संकुल समन्वयक मोहम्मद कमरुल हक ने बताया कि संकुल अंतर्गत मध्य विद्यालय हरिप्रसाद, प्राथमिक विद्यालय बाजीपुर संथाली, उर्दू कन्या मध्य विद्यालय मनोहर राघोपुर, प्राथमिक विद्यालय कजरा संथाल, उर्दू प्राथमिक विद्यालय भेड़मारा के प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं तीन सदस्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक में मो. कमरुल हक, चंद्रशेखर यादव, मो. तनवीर आलम, शरदेंदु चौधरी, अमिता जार्ज आदि उपस्थित रहे ।

# अवैध पशु तस्करी का कटिहार पुलिस ने किया भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के निर्देश विशेष समकालीन अभियान चलाया । अभियान चलाते हुए जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों से भारी मात्रा में पशुओं को मुक्त कराया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष समकालीन अभियान में पुलिस ने 57 मवेशियों को बरामद किया है और इस काले कारोबार में शामिल 11 तस्करों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की यह कार्रवाई तीन मुख्य थाना क्षेत्रों में केंद्रित रही, कोढ़ा थाना क्षेत्र के दादपुर चौक के पास से एक ट्रक को जब्त किया गया। जिसमें 25 मवेशी लदे थे। यहाँ से 05 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। कदवा थाना क्षेत्र के चौक के पास से तीन पिकअप वाहनों को पकड़ा गया, जिनमें 22 मवेशी लदे थे। यहाँ से भी 05 तस्करों की गिरफ्तारी हुई। बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के मीनापुर चौक के पास से एक पिकअप जब्त की गई, जिसमें 10 मवेशी लदे थे। यहाँ से 01 तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस पूरे ऑपरेशन के दौरान तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे ।कुल मवेशीः 57 ट्रकः 01पिकअपः 04 है। वही गिरफ्तार किए गए तस्करों में मोहम्मद फिरोज, मेहबुर आलम,मोहम्मद मणीरुल, तवाबुर रहमान, असीम अकरम, ललन कुमार, मिथिलेश राम, मोहम्मद समर, अब्दुल अफ्फार, मोहम्मद अनारुल और एक विधि-विरुद्ध बालक शामिल है। ये तस्कर कटिहार के अलावा दरभंगा और मालदा पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



कटिहार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध तस्करी और अपराध के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पशु क्रूरता और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## चार सौ लीटर शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**मनिहारी /कटिहार।** नशे के सौदागरों पर नकेल के लिए नशीली पदार्थों व शराब तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने नशे के तीन सौदागरों सहित चार सौ लीटर से अधिक देशी विदेशी शराब एवं कोडीन कफ शिरफ अलग अलग जगहों में छापेमारी कर बरामद की है।मंगलवार को मनिहारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिंगलटोला गंगाघाट किनारे इन्दिरा नगर वार्ड संख्या दो निवासी 35 वर्षीय महेश महतो को हिरासत मे ले लिया। इनके पास से पुलिस ने तस्करी कर लाये गये 336 लीटर देशी शराब एवं 66.125 लीटर विदेशी शराब कुल 402.125 लीटर शराब बरामद की है।इस संदर्भ में मनिहारी थाना में कांड संख्या 38/26 दर्ज की ली गयी हैधारा 30(ए) सहित मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं में विधिवत गिरफ्तार कर पकडे गये शराब तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# बरारी में एंटी फाइलेरिया अभियान की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 फरवरी से विशेष अभियान की शुरूआत की गई। प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज,बीपीआरओ राज कुमार सिंह, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुसर्रफ हुसैन एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एखलाक आलम ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर आम लोगों को जागरूक होने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए इसका सेवन अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि अभियान के तहत 11 फरवरी को बरारी प्रखंड क्षेत्र में लगभग 1



लाख 13 हजार से अधिक लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। 21 पंचायत और नगर पंचायत क्षेत्र में 1 लाख से अधिक लोगों को दवा इस अवसर पर बीसीएम मरगूब आलम, पिरामल संस्था के नीरज कुमार, बीपीएम संजीव कुमार सिंह, धीमन मालाकार एवं वेक्टर जनित रोग पर्यवेक्षक सुबोध कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने संयुक्त रूप से लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## प्रसव पूर्व 65 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रसव पूर्व 65 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेम राज ने बताया कि आशा के द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्र से लाए हुए गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया उचित दिशा निर्देश दिए एवं प्रत्येक माह अस्पताल में जांच कराने की बात कही। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेमराज, क्लर्क पुष्कर राज, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनवर आलम, लेखापाल अनिमेष कुमार, लैब के राजीव रमण, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सुधीर कुमार, बीसीएम कल्पना कुमारी बीएमसी मधु कुमारी, आशा सुधा कुमारी, शीला कुमारी, चंदा कुमारी, फूल मायारानी, आशा कुमारी,जोशनारा खातून, शबनम आरा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के जनता दरबार में 26 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी के कार्यालय वेश्म में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी स्वयं उपस्थित रहकर विभिन्न प्रखंडों से आये 26 लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जिसमें कुछ की समस्याओं का तत्काल समाधान हुआ तो शेष के लिए संबंधित विभाग को शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया गया।प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक 12 मामला राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित था।




जिसमें भू-मापी, नामांतण, बासगीत पर्चा, अतिक्रमण, मुआवजा जैसे मामले थे। जबकि अन्य मामला आपदा, वन, शिक्षा, अनुमंडल आदि विभागों से जुड़ा रहा। समस्याओं की सनवाई करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियो को प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को उनके कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर प्रतिवेदन मुख्यालय को भेजने का निर्देश दिया। बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3' के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' इजी टू लिविंग के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी कार्यालयों में पदाधिकारी को उपस्थित रहकर लोगों की समस्या का समाधान करने का निर्देश प्राप्त है। इस जनता दरबार में अपर समाहर्ता डा.बिनोद कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार ,सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा अभिषेक कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पोठिया थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के पोठिया थाना का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने करीब डेढ़ घंटे तक थाना डायरी,अपराध संचिका सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कागजातों का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के बाद एसपी शिखर चौधरी ने बताया कि थाना के समस्त रिकॉर्ड्स का बारीकी से अवलोकन किया गया है।



- रिकॉर्ड से लेकर अपराध नियंत्रण तक की गहन समीक्षा
- लापरवाही पर कार्रवाई के संकेत

विशेष रूप से गुंडा पंजी, लूट और डकैती जैसे संगीन अपराधों से संबंधित अभिलेखों के अलावा सीडी पार्ट-2, एमवाई अल्फाबेटिकल इंडेक्स तथा हाल-फिलहाल के क्राइम पैटर्न जैसे हत्या, लूट और डकैती के मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में लंबित पुराने मामलों की भी समीक्षा की गई है और संबंधित अनुसंधानकताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सभी पेंडिंग मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। एसपी शिखर चौधरी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि नियमित गश्ती के साथ-साथ समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाए। इसके अलावा लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन, वारंट के त्वरित क्रियान्वयन तथा कांडों के उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांड समीक्षा या अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अनुसंधान में किसी भी प्रकार की ढिलाई बख्शी नहीं जाएगी। एसपी ने यह भी निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र में अपराधियों की पहचान कर उन पर सतत निगरानी रखी जाए तथा थाना आने वाले पीड़ितों के साथ हर हाल में अच्छा, संवेदनशील और मानवीय व्यवहार किया जाए। इस मौके पर सदर एसडीपीओ टु रंजन कुमार सिंह, इंस्पेक्टर साजिद आलम, पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक डोली कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# विधानसभा में गूंजी रैयांपुर घाट पर पुल निर्माण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी ने विधानसभा सत्र के दौरान सरकार से कुम्हड़ी-कुरुम भाया चौकी सड़क पर महानंदा नदी के रैयांपुर घाट पर पुल एवं पहुंच पथ निर्माण की मांग रखी। मांग के पक्ष में विधायक ने कहा कि महानंदा नदी कदवा प्रखंड को दो भागों में बांट देती है।



कम दूरी होने से नदी के रैयांपुर घाट से क्षेत्र की बड़ी आबादी आवागमन करती है। घाट पर पुल नहीं रहने से लोगो को जान हथेली पर रखकर नाव से नदी पार कर प्रखंड मुख्यालय, जिला मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा है कि पुल बन जाने से जहां क्षेत्रीय संपर्क आसान होगा। वहीं कृषि, व्यवसाय जैसी अन्य गतिविधियों में भी विकास होगी।

# जिला पदाधिकारी ने दवा खिलाकर किया फाइलेरिया महाअभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने मध्य विद्यालय बुधनगर में आयोजित शिविर में बच्चों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्ति महाअभियान का शुभारंभ किया। इस उन्होने उपस्थित शिक्षकों, आमजनों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। जिससे बचाव हीं एक मात्र उपाय है। इससे बचने के लिए साल में एक बार फाइलेरिया की दवा खाना अति आवश्यक होता है।



उन्होंने कहा कि जिले में प्राणपुर सहित जिसमें 6 प्रखंडों में फाइलेरिया बीमारी है।दवा नहीं खाने वालों को अगर फाइलेरिया का मच्छर काट लेता है, तो यह बीमारी शरीर में तेजी से फैलने लगता है। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव को लेकर 10 से 27 फरवरी तक आयोजित इस महाअभियान को हर एक व्यक्ति के सहयोग से हीं सफल बनाया जा सकता है। अभियान के तहत आशा, जीविका दीदी घर-घर दवा खिलाने जाएगी। दवा को उसके सामने हीं खाद लेना है। खिलाना है।किसी कारणवश अगर दवा खाने से छूट गये तो कैंप में आकर दवा खा लेना है। उन्होंने कहा कि हमें 2026 में भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प लेना है।जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा के दौरान प्राणपुर में होने वाली सभा के स्थल पर की जा रही तैयारियों का भी पदाधिकारियों के साथ जायजा लिया। प्रमुख अमित साह ने जिला पदाधिकारी को गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। मौके पर एडीएम डा. बिनोद कुमार, डीडीसी अमित क्मार, एसडीओ प्रदुम्न सिंह यादव, सिविल सर्जन डा. जेके सिंह, जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक किसलय कुमार, बीडीओ, सीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विधालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रेलवे भारत स्काउट गाइड की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** पूसी रेलवे भारत स्काउट गाइड मंडल कार्यालय कटिहार में मीटिंग का आयोजन कर स्काउट गाइड संस्था के जन्मदाता लॉर्ड वेंडन पॉवेल एवं लेडी वेंडन पॉवेल के जन्मदिवस के अवसर पर 22 फरवरी को "चिंतन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वधर्म प्रार्थना,ध्वजारोहण, क्विज,चित्रकला प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया !



इस बैठक में सर्वप्रथम जिला मुख्यालय कटिहार एवं स्काउट गाइड फेलोशिप के दो सदस्य गणेश कुमार ठाकुर एवं अनूप कुमार उपाध्याय को जिला संगठन आयुक्त सुनील मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ बुके देकर संस्था में शामिल कर और उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव मिथिलेश कुमार, ग्रुप लीडर जय प्रकाश सिंह, प्रवीण झा, वीरेन्द्र कुमार राम, रोहित कुमार, अमित कुमार, महावीर प्रसाद, तनवीर आलम, चंचल दास, सोनू कुमार, राज रजक, अनीता, रानी, अन्नपूर्णा कुमारी, बुलबुली कुमारी डे, निभा कुमारी, नैना कुमारी आदि स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन इस अवसर पर स्काउट हट में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नए सदस्य का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। गणेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि मैं अपने स्काउट जीवन के अनुभव को अपने स्काउट गाइड बंधुओं के बीच साझा करूंगा। संस्था के कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करूंगा। श्री ठाकुर ने जिला संगठन आयुक्त का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया।

# मनरेगा की नई पहल से ग्रामीण रोजगार और आय को मिलेगा मजबूत आधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मनरेगा योजना को नए रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार ने इसे विकसित भारत जी-राम जी कार्यक्रम के तहत विस्तारित करते हुए मजदूरों और किसानों के हित में कई अहम बदलाव किए हैं।प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस संवाद में कार्यक्रम पदाधिकारी श्यामदेव कुमार ने बताया कि अब जॉब कार्डधारकों को पहले की तुलना में अधिक दिनों तक काम मिलेगा। योजना के तहत मजदूरों को वर्ष में 125 दिन तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।काम नहीं मिला तो बेरोजगारी भत्ता, गांवों में स्थायी विकास पर रहेगा।



विशेष फोकस कार्यक्रम पदाधिकारी ने जानकारी दी कि नई व्यवस्था में मनरेगा का उद्देश्य केवल मजदूरी देना नहीं, बल्कि गांवों में ऐसी योजनाओं को बढ़ावा देना है जो लंबे समय तक लाभकारी साबित हों। इसके अंतर्गत जल संरक्षण, आजीविका से जुड़ी संरचनाएं, मजबूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर तथा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही यह प्रावधान भी लागू किया गया है कि यदि प्रशासन समय पर रोजगार उपलब्ध कराने में असफल रहता है, तो संबंधित जॉब कार्डधारी को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। किसानों को अपनी निजी भूमि पर सरकारी सहयोग से पौधरोपण कराने का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य में आय के नए स्रोत विकसित हो सकेंगे।प्रेस वार्ता का उद्देश्य दूरस्थ गांवों तक योजना की जानकारी पहुंचाना था। इस दौरान रोजगार सेवकों को निर्देश दिया गया कि वे घर-घर जाकर मजदूरों को रोजगार अवधि बढ़ने और नए नियमों की जानकारी दें। बैठक में लेखापाल धनश्याम कुमार, तकनीकी सहायक रणविजय सिंह, पंचायत रोजगार सेवक राजकुमार साह सहित कई कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकसित भारत जी-राम जी योजना गांवों को केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पत्नी से मारपीट करने के आरोप में पति गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के बस्तौल पंचायत अंतर्गत जौनियां गांव में शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार मामला थाना पहुंचते हीं पुलिस ने तत्काल कारवाई करते हुए जौनियां गांव से शराब के नशे में धूत मो. मिस्टर साकिन को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि पत्नी की लिखित शिकायत पर प्राणपुर थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराबी पति को शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पति मो. मिस्टर को जेल भेज दिया गया है।

# न छिड़काव कार्य का उप निदेशक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र में चल रहे केला छिड़काव अभियान का जायजा लेने हेतु उप निदेशक,पौधा संरक्षण पूर्णिया प्रमंडल राम कुमार ने क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण रोमी कुमारी भी उनके साथ मौजूद रहीं।निरीक्षण के दौरान उप निदेशक ने कीट एवं व्याधि नियंत्रण को लेकर विभिन्न फसलों के किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा वैज्ञानिक एवं तकनीक आधारित खेती की जानकारी साझा की। उन्होंने मनसाही प्रखंड में तेजी से चल रहे केला छिड़काव कार्य पर संतोष जताते हुए ऑनलाइन आवेदन के बावजूद शेष बचे किसानों के खेतों में शीघ्र छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए सेवा प्रदाता ग्रीन एग्रीटेक को आवश्यक निर्देश दिए।अधिकारियों ने पपीता, अमरूद समेत अन्य फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों से भी मुलाकात कर कीट,रोग नियंत्रण, उन्नत किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की।



किसानों ने भी जमीनी समस्याओं और देशी कीट-व्याधि नियंत्रण उपायों को खुलकर साझा किया। सहायक निदेशक रोमी कुमारी ने फसल सुरक्षा हेतु सक्नी ट्रैप कीट पकड़ने की तकनीक के उपयोग की जानकारी देते हुए किसानों को इसके लाभ बताए। इस अवसर पर कृषि क्लीनिक मनसाही के राहुल आनंद, अमदाबाद कृषि क्लीनिक के गुलजार आलम, किसान सुशील चौधरी, मो. निजाम, नारद मंडल, सुषमा देवी सहित कई किसान अपने-अपने खेतों पर उपस्थित रहे।

## विलय होगी अडानी ग्रुप की यह कंपनी, एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सांघी इंडस्ट्रीज के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज मामूली गिरावट के साथ 64.35 रुपये पर आ गए थे। दरअसल, अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स को बड़ी राहत मिली है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की अहमदाबाद बेंच ने अंबुजा सीमेंट्स और उसकी सब्सिडियरी सांघी इंडस्ट्रीज के मर्जर को मंजूरी दे दी है। 9 फरवरी 2026 को एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि ट्रिब्यूनल ने इस स्कीम को शेयरहोल्डर्स, क्रेडिटर्स और



पब्लिक इंटरेस्ट– तीनों के लिहाज से सही ठहराया है। एनसीएलटी ने कहा कि यह मर्जर ऑपरेशनल एफिशिएंसी बढ़ाएगा, संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होगा और किसी भी पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचेगा। यह मर्जर 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी माना जाएगा। दरअसल, अंबुजा सीमेंट्स ने दिसंबर 2023 में सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया था, जिसकी एंटरप्राइज वैल्यू करीब 5,185 करोड़ थी। इस डील को पूरी तरह कंपनी के इंटरनल एक्रूअल्स से फंड किया गया था और अंबुजा के पास सांघी में 54.51त्न हिस्सेदारी है। बड़ा कदम उठाते हुए अपनी दो सब्सिडियरी कंपनियों (सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज) को खुद में मर्ज करने का ऐलान किया। मर्जर स्कीम के तहत सांघी इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों को हर 100 शेयर (10 फेस वैल्यू) के बदले अंबुजा सीमेंट्स के 12 इक्विटी शेयर (2 फेस वैल्यू) मिलेंगे।

## ऑटो स्टॉक ने 1 साल में किया पैसा डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर ऑटो स्टॉक फोर्स मोटर्स के शेयरों में आज सोमवार को बड़ी उछाल देखन को मिली। कंपनी के शेयर दिन में 5 प्रतिशत की तेजी के साथ 52 वीक हाई पर पहुंच गएथे। इस उछाल के पीछे की वजह कंपनी की तरफ से किया जा रहा एक अधिग्रहण है। बता दें, वीरा टेनरीज़ के 100 प्रतिशत अधिग्रहण के लिए फोर्स मोटर्स ने आज एक स्न्र् साइन किया है। बीएसई में फोर्स मोटर्स का शेयर आज 21650.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 22436 रुपये के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया। यह कंपनी का 52 वीक हाई है। फोर्स मोटर्स की तरफ से वीरा टेनरीज़ के अधिग्रहण के लिए 175 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस डील के पूरा होने के बाद फोर्स मोटर्स के पास वीरा टेनरीज़ का 100 प्रतिशत हिस्सा हो जाएगा। तीसरी तिमाही में वीरा टेनरीज़ का नेट प्रॉफिट सालाना आधार

FORCE

252 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 406.10 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में फोर्स मोटर्स का नेट प्रॉफिट 115.30 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू की बात करें तो सालाना आधार पर इसमें 12.70 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अक्टूबर से दिसंबर 2025 के दौरान फोर्स मोटर्स का कुल रेवन्यू 2128.60 करोड़ रुपये रहा था। जोकि पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 1889.50 करोड़ रुपये रहा था। फोर्स मोटर्स के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी है। 6 महीने में यह ऑटो स्टॉक 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 239 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 7.97 प्रतिशत की तेजी है। बता दें, एक साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक होल्ड करने पर पैसा दोगुना हो चुका है। तीन साल में फोर्स मोटर्स के शेयरों की कीमतों में 1448 प्रतिशत और 5 साल में 1461 प्रतिशत की तेजी आई है।

# जिस आइडिया पर यकीन करना था मुश्किल

### उस पर लगा दिया दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2001 की बात है। ओनिडा ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन गुल्लू मिरचंदानी ने एक बेडरूम स्टार्टअप पर बड़ा दांव खेला। इसका नाम था फ्रैक्टल एनालिटिक्स । यह कंपनी डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली थी। फ्रैक्टल एनालिटिक्स ने मिरचंदानी से पूंजी मांगी। बताया कि वह बैंकों को डेटा के आधार पर वित्तीय फैसले लेने में मदद करेगी। यह कॉन्सेप्ट काफी अकादमिक था। यकीन करना मुकिश्ल था। बैंकों को अपना बहुत सारा क्लाइंट डेटा फ्रैक्टल के साथ शेयर करना पड़ता। लेकिन, हैरानी की बात यह है कि बैंक इस आइडिया पर सहमत हो गए। इस तरह एक नए सेक्टर का जन्म हुआ। मिरचंदानी ने शुरुआत में 60,000 डॉलर (15 लाख रुपये) का चेक दिया। 2006 तक फ्रैक्टल एनालिटिक्स के क्लाइंट्स में एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूटीआई बैंक, कोरियन एक्सचेंज बैंक और जापान का ओसीबीसी बैंक शामिल हो गए। तब कंपनी का रेवेन्यू 30 लाख डॉलर (7.5 करोड़ रुपये) था। अब कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,800 करोड़ रुपये का कुल टर्नओवर दर्ज किया है। इसके उलट वित्त वर्ष



2023-24 में 55 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। फ्रैक्टल एनालिटिक्स अब 2,833.90 करोड़ रुपये का आईपीओ लाई है। इसका प्राइस बैंड 857- 900 रुपये है। इसमें 1,810.40 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल शामिल है। इस आईपीओ के तहत मिरचंदानी जीएलएम ट्रस्ट के जरिए 15.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेंगे। इसकी कीमत 450 करोड़ रुपये है। अन्य शेयरहोल्डर अपाक्स पार्टनर्स (880.9 करोड़ रुपये) और टीपीजी कैपिटल (450 करोड़ रुपये) भी अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं। कंपनी ने अपने रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में आईपीओ का आकार लगभग 42 प्रतिशत घटाकर 4,900 करोड़ रुपये से 2,833.90 करोड़ रुपये कर दिया है, ताकि यह निवेशकों को आकर्षक लगे।

**आईपीओ की रकम का कहां होगा इस्तेमाल:** कंपनी आईपीओ से हासिल रकम का इस्तेमाल रणनीतिक क्षेत्रों में करेगी। लगभग 264.9 करोड़ रुपये अपनी सहायक कंपनी फ्रैक्टल यूएसए में कर्ज चुकाने के लिए निवेश किए जाएंगे। इसके अलावा, 355.1 करोड़ ढ्ढह्रक्र रिसर्च एंड डेवलपमेंट और फ्रैक्टल अल्फा के तहत सेल्स और मार्केटिंग को मजबूत करने के लिए रखे गए हैं। आईपीओ 9 फरवरी, 2026 को निवेश के लिए खुला था। इस मुकाम तक पहुंचने से पहले कंपनी ने काफी मेहनत की है। 2007 में संस्थापकों के बीच विवाद हुआ। गुल्लू मिरचंदानी ने श्रीकांत वेलामकन्नी का समर्थन किया, जो सीईओ बने। दो संस्थापक बाहर चले गए। बाद में वेलामकन्नी के विजन ने कंपनी को आगे बढ़ाया।

### संकटों का किया सामना

2009 में वैश्विक वित्तीय संकट ने कंपनी को बहुत प्रभावित किया। फ्रैक्टल ने जनरल मोटर्स को खो दिया, जो उसके 10 प्रतिशत रेवेन्यू का योगदान करता था। लेकिन, कंपनी ने इस संकट को एक अवसर के रूप में इस्तेमाल किया। अमेरिकी बैंकों को डिफॉल्ट मैनेज करने में मदद की। इसके बाद कंपनी ने कई सेगमेंट्स में फैलने के बजाय अपने क्लाइंट्स के साथ गहराई से काम करने का फैसला किया। 2012 तक कंपनी का रेवेन्यू 1.3 करोड़ डॉलर था। अब यह कुछ क्लाइंट्स के साथ काम कर रही है। 2016 में कंपनी ने मलेशियाई सॉवरेन फंड खजानाह नैशनल से 10 करोड़ डॉलर का निवेश हासिल किया। वेलामकन्नी के नेतृत्व में जोरदार ग्रोथ पिछले कुछ सालों में वेलामकन्नी ने डेटा एनालिटिक्स के लिए एआई स्पेस को अपनाया। यह दांव कंपनी के लिए काम कर गया।


# नई श्रम संहिता से बदलेगी नौकरी की तस्वीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में नई श्रम संहिता लागू होने से पहले ही कामगारों और नियोक्ताओं के बीच उम्मीद का माहौल दिख रहा है। ज्यादातर श्रमिकों को भरोसा है कि नए श्रम कानून लागू होने के बाद कार्यस्थल की स्थितियां सुधरेंगी। काम के घंटे तय होंगे, वेतन भुगतान में पारदर्शिता आएगी और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा। एक बड़े सर्वे में यह दावा किया गया है कि श्रम सुधारों को लेकर जमीनी स्तर पर सकारात्मक सोच बन रही है। नोएडा स्थित वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच यह सर्वे किया। सर्वे के अनुसार करीब 60 फीसदी श्रमिकों का मानना है कि नई श्रम संहिता से काम करने की स्थितियां बेहतर होंगी। 63 फीसदी कामगारों को उम्मीद है कि काम के घंटों के नियमन में सुधार आएगा। यह संस्थान श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करता है। सर्वे में 5,720 श्रमिकों और 715 नियोक्ताओं से बातचीत की गई। सर्वे में 64 फीसदी श्रमिकों ने कहा कि नई व्यवस्था से वेतन भुगतान में पारदर्शिता बढ़ेगी। 54 फीसदी कामगारों को भरोसा है कि सैलरी समय पर मिलेगी। आय सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक संकेत मिले हैं। 68 फीसदी श्रमिकों ने ई–श्रम और कल्याण बोर्ड के जरिए सुविधाओं तक आसान पहुंच की उम्मीद जताई है। बड़ी संख्या में श्रमिकों का मानना है कि डिजिटल सिस्टम से शिकायत और पंजीकरण की प्रक्रिया आसान होगी। करीब 63 फीसदी श्रमिकों का मानना है कि नए श्रम कानूनों से अनुबंध, प्रवासी और गिग यानी अस्थायी काम करने वाले कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेना आसान होगा। अभी तक इन वर्गों को योजनाओं का पूरा फायदा नहीं मिल पाता था। नई श्रम संहिता में इनके लिए अलग प्रावधान जोड़े गए हैं। इससे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सुरक्षा कवच मिलने की उम्मीद बढ़ी सर्वे में शामिल 76 फीसदी नियोक्ताओं ने कहा कि नए श्रम कानूनों से कार्यबल में लचीलापन आएगा, जो कारोबार के लिए जरूरी है।

# यूपीआई से निकल सकेगी पीएफ की रकम

### शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई पेमेंट गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा। सूत्रों ने बताया कि ईपीएफओ के पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं है, इसलिए वह अपने सदस्यों को सीधे ईपीएफ खातों से पैसा निकालने की अनुमति नहीं दे सकता। हालांकि, सरकार चाहती है कि ईपीएफओ की सेवाएं बैंकों के समान स्तर की




हों और सदस्यों को अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाएं मिल सकें। सूत्र ने आगे बताया कि ईपीएफओ एक नया मोबाइल ऐप पेश करेगा, जिसके जरिये सदस्य यूपीआई गेटवे का उपयोग करके पैसे निकालने के साथ ही पासबुक शेष राशि जैसी अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस समय सदस्य अपने ईपीएफ खातों तक पहुंचने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए या तो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) पोर्टल या उमंग ऐप का उपयोग करते हैं।

ये सेवाएं दोनों मंच पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि नया समर्पित ऐप ईपीएफओ ग्राहकों के लिए सेवाओं की पहुंच और वितरण में सुधार करेगा। सूत्र ने बताया कि अंशधारक मोबाइल ऐप के जरिये अपने बैंक खातों में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध पात्र ईपीएफ शेष राशि देख सकेंगे। उन्हें लेनदेन पूरा करने के लिए अपने जोड़े गए यूपीआई पिन का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे बैंक खातों में धन का सुरक्षित हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। सूत्रों के अनुसार, ईपीएफओ फिलहाल इस नई सुविधा के परीक्षण के लिए 100 डमी खातों पर ट्रायल कर रहा है, ताकि किसी भी तकनीकी खामी को दूर किया जा सके और सिस्टम की कार्यक्षमता को बेहतर बनाया जा सके। फिलहाल सदस्यों को अपनी ईपीएफ राशि निकालने के लिए निकासी दावा दाखिल करना होता है, जो समय लेने वाली प्रक्रिया है।

# दुनिया के अमीरों की लिस्ट में उथल-पुथल

### अडानी-अंबानी से लेकर बेजोस तक पर असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में उथल-पुथल नजर आ रही है। खासकर टॉप-20 अरबपतियों की रैंकिंग में बदलाव हुआ है। आज ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजी सूची में मार्क जुकरबर्ग दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। जुकरबर्ग ने जेफ बेजोस को से यह स्थान छीना है। मुकेश अंबानी अब 18वें स्थान पर पहुंच गए और दौलत बढ़ने के बावजूद गौतम अडानी टॉप-20 से बाहर हो गए हैं।

ब्लूमबर्ग की लिस्ट के मुताबिक सोमवार को मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। जबकि, जेफ बेजोस की दौलत 822 मिलियन डॉलर घट गई। इससे जुकरबर्ग 239 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे स्थान पर पहुंच गए। जेफ बेजोस अब 234 अरब डॉलर के साथ 5वें नंबर पर हैं। दौलत बढ़ी पर रैंकिंग नहीं बदली लैरी एलिसन की दौलत में 14.5 अरब



डॉलर का इजाफा हुआ। हालांकि, अब भी वह छठे पोजीशन पर हैं। एलन मस्क का नेटवर्थ भी 4.35 अरब डॉलर बढ़कर अब 676 अरब डॉलर हो गया है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं। लैरी पेज भी दूसरे स्थान पर हैं। इनकी दौलत 1.50 अरब डॉलर बढ़कर अब 278 अरब डॉलर हो गई है। सर्गी ब्रिन के नेटवर्थ में भी 1.42 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह तीसरे स्थान पर काबिज हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट की दौलत 929 मिलियन डॉलर बढ़ी और यह 181 अरब डॉलर के साथ सातवें स्थान पर काबिज हैं। इसी तरह जेनसेन हुआंग की दौलत 3.70 अरब डॉलर बढ़कर अब 157 अरब डॉलर हो गई है और वह 8वें स्थान पर हैं।

अरबपतियों की इस लिस्ट में जिम वॉल्टन नौवें पोजीशन पर हैं और 1.42 अरब डॉलर गंवाने के बावजूद अभी इस पोजीशन पर बने हुए हैं। रॉब वॉल्टन ने भी 1.41 अरब डॉलर का झटका सहा है। इनकी कुल संपत्ति अब 150 अरब डॉलर है। रॉब दुनिया 10वें सबसे अमीर हैं। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में सोमवार को 370 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। इसके बावजूद वह अरबपतियों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए। अब 86 अरब डॉलर के साथ अडानी 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, इन्हें पछाड़ने वाले थॉमस पीटरफी की दौलत में 4.47 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह 93.4 अरब डॉलर के साथ 20वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर मुकेश अंबानी अब 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## 34वीं बार डिविडेंड देने जा रही है केपीआर मिल लिमिटेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केपीआर मिल लिमिटेड ने एक बार डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इसकी जानकारी स्टॉक एक्सचेंज के साथ साझा कर दिया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया है। जोकि 14 फरवरी से पहले ही है। बता दें, कंपनी ने इससे पहले 33 बार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में केपीआर मिल लिमिटेड ने बताया है कि एक रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 13 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित किया है। केपीआर मिल ने निवेशकों को पहली बार 2007 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर दो रुपये का डिविडेंड बांटा था। वहीं, आखिरी बार कंपनी 2025 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 2.50 रुपये का फायदा हुआ था।

KPR
MILL LIMITED


केपीआर मिल ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल नेट प्रॉफिट 208.60 करोड़ रुपये रहा है। प्रॉफिट 202.25 करोड़ रुपये रहा था। सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 218.03 करोड़ रुपये रहा था। यानी तिमाही दर तिमाही के आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में गिरावट आई है। सोमवार को केपीआर मिल के शेयर 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ बीएसई में 980.25 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे।

# एक अप्रैल से लागू होंगे नए नियम

### जबकि कर फॉर्म की संख्या 399 से घटकर 190 हो जाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक अप्रैल से आयकर व्यवस्था में सबसे अहम बदलाव होने जा रहा है। इनकम टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए फॉर्म-16 को भी पहले की तुलना में आधे पेजों को किया जा रहा है। इस बदलाव के तहत आयकर के नियम 511 से घटकर 333 रह जाएंगे। जबकि कर फॉर्म की संख्या 399 से घटकर 190 हो जाएगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की तरफ कहा गया है कि आयकर नियम-2026 और फॉर्मों को मार्च के पहले सप्ताह तक अधिसूचित कर दिया जाएगा, लेकिन उससे पहले आम लोगों और विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं।

एक अप्रैल से लागू होंगे- नए नियम, आयकर अधिनियम 2025 के अनुसार बनाए गए हैं, जो 1 अप्रैल से लागू होंगे। नई व्यवस्था के तहत आईटीआर फॉर्म पहले से भरा होगा। बस फॉर्म भरते वक्त करदाता को देखना होगा कि कहीं कोई संशोधन तो नहीं करना है। अगर करदाता को लगता है कि फॉर्म में दी जा रही जानकारी अधूरी है या फिर कोई बदलाव की जरूरत है तो उसमें संशोधन करके ऑनलाइन सब्मिट कर सकेगा। सूत्रों के अनुसार, नए ढांचे में नौकरी से मिलने वाले अतिरिक्त लाभ से जुड़े बदलाव पुराने और नए यानी दोनों कर व्यवस्थाओं में लागू होंगे। इससे सभी तरह के




करदाताओं को राहत मिलेगी। ड्राफ्ट नियम और फॉर्म 15 दिनों तक (22 फरवरी) सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान आम लोग और विशेषज्ञ अपनी राय और सुझाव दे सकते हैं। प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने की कोशिश - विभाग का कहना है कि इससे नियम बनाने की प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। नए नियमों की भाषा को आसान बनाया गया है। समझ बढ़ाने के लिए कई जगह फॉर्मूले और टेबल जोड़े गए हैं और पुराने नियमों में मौजूद बेवजह की दोहराव वाली बातों को हटाया गया है। कर फॉर्म को भी सरल बनाया गया है, जिससे करदाताओं पर बोझ कम हो। सभी फॉर्म में एक जैसी जानकारी को मानक बनाया गया है, जिससे बार-बार जानकारी भरने की जरूरत न पड़े। नए स्मार्ट फॉर्म में ऑटोमैटिक मिलान और भरी हुई जानकारी की सुविधा होगी। इससे रीयल-टाइम डेटा मिलान और जांच में मदद मिलेगी। हालांकि, इसके कारण नियोक्ताओं, टैक्स सलाहकारों, रजिस्ट्रार और कंपनियों को अपने सिस्टम में जल्दी बदलाव करना होगा।

### एचआरए की श्रेणी-1 में बेंगलुरु समेत तीन और शहर

मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने के लिए श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है। इस सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं। मसौदे में क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियमों में क्रिप्टो-संपत्ति सेवा प्रदाताओं के लिए विस्तृत रिपोर्टिंग और जांच-पड़ताल की जिम्मेदारियों का भी प्रस्ताव है।

### करदाता संख्या बढ़ाना उद्देश्य

सीबीडीटी के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि नए कानून और नियमों का मुख्य उद्देश्य कर भरने वाले लोगों की बढ़ाना और कर भरने की प्रक्रिया को आसान बनाना है। फिलहाल देश में करीब 9 करोड़ लोग आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं, जबकि करीब 12 करोड़ लोग अलग-अलग तरीकों से कर देते हैं। इससे पता चलता है कि कई लोग अभी भी नियमित रूप से रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं। इसलिए हमारा लक्ष्य यह है कि धीरे-धीरे ज्यादा लोगों को रिटर्न फाइलिंग से जोड़ा जाए। नए व्यवस्था में फॉर्म को इसी लिए आसान बनाया गया है।

**शून्य टीडीएस और सैलरी वाला टीडीएस फार्म अलग :** टीडीएस से जुड़े कई फॉर्म्स की नंबरिंग भी बदली गई है। अब कम या शून्य टीडीएस के लिए आवेदन फॉर्म 128 में किया जाएगा, जबकि सैलरी से जुड़ा टीडीएस सर्टिफिकेट अब फॉर्म 130 कहलाएगा। इसके साथ ही, टीडीएस रिटर्न के पुराने फॉर्म 24क्यू, 26क्यू और 27क्यू को भी नया नंबर दिया गया है।

**सालाना कर विवरण यानी 26एएस का नाम अब फार्म 168 :=** सालाना टैक्स स्टेटमेंट, जिसे आमतौर पर फॉर्म 26एएस कहा जाता है, अब फॉर्म 168 के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह, वित्तीय लेनदेन की जानकारी देने वाला फॉर्म 61ए अब फॉर्म 165 हो जाएगा। इसके साथ ही विदेश भेजे जाने वाले पैसों से जुड़े फॉर्म्स में भी बदलाव किया गया है।

**ऑडिट और अंतरराष्ट्रीय टैक्स फॉर्म को जोड़ा गया:** कई ज्यादा इस्तेमाल होने वाले ऑडिट और अंतरराष्ट्रीय टैक्स फॉर्म्स को एक साथ जोड़ा गया है या उनका नंबर बदल दिया गया है। अब टैक्स ऑडिट रिपोर्ट, जो पहले 3सीए, 3सीबी और 3सीडी फॉर्म में भरी जाती थी, वह अब एक ही फॉर्म 26 में दी जाएगी। ट्रांसफर प्राइसिंग से जुड़ी ऑडिट रिपोर्ट अब फॉर्म 3सीईबी की जगह फॉर्म 48 में दी जाएगी। वहीं, मिनिमम अल्टरनेट टैक्स (एमएटी) से जुड़ा सर्टिफिकेट अब फॉर्म 29बी की जगह फॉर्म 66 में जमा किया जाएगा। टैक्स रेजिडेंसी सर्टिफिकेट के लिए फॉर्म 10एफए की जगह फॉर्म 42 का इस्तेमाल करना होगा।

**ड्राफ्ट के साथ नए फॉर्म टेम्पलेट भी जारी:** इस ड्राफ्ट के साथ नए फॉर्म टेम्पलेट भी जारी किए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तक इस्तेमाल हो रहे पुराने फॉर्म नंबर कई दशकों में बदलते-बदलते काफी जटिल हो गए थे। नई नंबरिंग से टैक्स फाइल करते समय होने वाली उलझन कम होगी। नई व्यवस्था से टैक्स से जुड़ी जानकारी को डिजिटल सिस्टम के साथ बेहतर तरीके से जोड़ा जा सकेगा।





# अदिति राव हैदरी ने बताई बॉलीवुड से दूरी की वजह

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी हाल ही में 'गांधी टॉक्स' में विजय सेतुपति के अपोजिट नजर आईं। अमर उजाला से खास बातचीत में उन्होंने बताया कि यह साइलेंट फिल्म उनके लिए कितनी खास थी? बातचीत के दौरान अदिति ने आर्ट फिल्मों की किस्मत पर बात की। साथ ही बीते कुछ साल में हिंदी फिल्मों में कम काम करने का कारण भी खुलकर बताया।

**गांधी टॉक्स के लिए हामी भरने की सबसे बड़ी वजह क्या रही?**

मेरा हमेशा से सपना रहा कि मैं किसी मूक फिल्म में काम करूं। जब गांधी टॉक्स मेरे पास आई, तो मैं सच में बेहद खुश हुई। फिल्म की टीम ने इसे और भी दिलचस्प बना दिया। जिस तरह किशोर (निर्देशक) ने इसका ढांचा बनाया, रहमान ने शानदार संगीत दिया और विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी व सिद्धार्थ जाधव जैसे बेहतरीन कलाकार मिले। सबने मिलकर इस फिल्म को खास बना दिया। इसके अलावा मेरे किरदार को लेकर किशोर ने साफ कहा था कि यह सिर्फ एक लव इंटरेस्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि कहानी का भावनात्मक हिस्सा भी है।

**एक मूक फिल्म में अभिनय करना कितना मुश्किल होता है?**

एक्टर होने के नाते हर फिल्म अपने आप में चुनौती होती है पर मूक फिल्म की चुनौतियां थोड़ी अलग ही होती हैं। इसमें संवाद ही नहीं होते। सब कुछ आपकी बॉडी लैंग्वेज, आपकी आखों और भीतर क्या महसूस हो रहा है उस पर निर्भर करता है। बिन कुछ कहे अपनी भावनाएं दिखाने की यह प्रक्रिया मुझे बहुत पसंद है।

**आज का दर्शक प्रयोगात्मक फिल्में देखता है? या फिर जज करते हुए आगे बढ़ जाता है?**

यह सच है कि मूक फिल्म कई लोगों के लिए नई चीज है, इसलिए इसकी पेस थोड़ी धीमी है। दुर्भाग्य से, हम फिल्मों को थिएटर में बढ़ने ही नहीं देते क्योंकि हम शुक्रवार के अंत तक ही फिल्म की किस्मत का फैसला कर देते हैं। सच तो यह है कि ऐसी फिल्मों को समय चाहिए। इन्हें ध्यान देकर महसूस करना पड़ता है।

**चार साल में हमने आपको ज्यादा हिंदी फिल्मों में नहीं देखा। क्या वजह रही?**

बात बस इतनी सी है कि अगर मुझे अच्छा काम मिलेगा तो ही मैं हिंदी फिल्में करूंगी। सच्चाई यह है कि हम जैसे लोग जो बाहर से बॉलीवुड में आते हैं, हमें हर फिल्म के साथ बॉलीवुड में खुद को साबित करना पड़ता है और मैं यह बिना किसी शिकायत या नकारात्मकता के कह रही हूं। ऐसा कभी नहीं होता कि हमने पांच फिल्मों के कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए हों। हमें हर नई फिल्म में खुद को फिर से प्रूव करना पड़ता है। मैं 2011 से काम कर रही हूं और मेरा मानना है कि टैलेंट अपना रास्ता खुद बना लेता है। बाकी मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे देश के कई शानदार निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला।

# युवाओं के साथ काम कर खुद को जवान महसूस करता हूं


नेटफ्लिक्स के कार्यक्रम में वेब सीरीज 'फैमिली बिजनेस' की स्टार कास्ट ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेता विजय वर्मा और अनिल कपूर ने फिल्म के कलाकारों और टीम की तारीफ की। अभिनेता विजय वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास है। मुझे अपने फेवरेट डायरेक्टर हंसल मेहता के साथ पहली बार काम करने का मौका मिला है। हंसल ने कमाल का काम किया है। उनका काम करने का तरीका बिल्कुल लेटेस्ट है। इस सीरीज में मेरा किरदार बेहद शानदार है। इसमें मैंने पहली बार विक्रम के साथ काम किया है और अनिल तो एवरग्रीन है ही। हमेशा उदार, सबसे डैशिंग, सबसे शानदार और सबसे कम उम्र के एक्टर जिनके साथ मैंने काम किया। उनकी एनर्जी और काम के प्रति जोश देखकर मजा आता है। रिया और नंदीश के साथ भी पहली बार शूटिंग की और बहुत मस्ती हुई। इस प्रोजेक्ट में कई 'पहली बार' वाली चीजें हुईं। अभिनेता अनिल कपूर ने भी अपनी खुशी जाहिर की। सबसे पहले उन्होंने शो की होस्ट जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर के काम की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'जैमी, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। याद है, मैंने आपको सबसे पहले कॉल किया था, जब आपने करियर भी शुरू नहीं किया था।' इसके बाद अभिनेता ने टीम की सराहना करते हुए कहा, 'यहां मौजूद सभी लोग, विजय, हंसल, विक्रम, प्रोड्यूसर, मेरा पुराना दोस्त आकाश और बाकी सभी कलाकार। आप सभी के साथ काम करके बहुत मजा आया। ये सभी युवा कलाकार मुझे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। जैसा कि मैं कहता हूं, मेरा मुकाबला बढ़ रहा है। इनके साथ मुकाबला करके मैं खुद को जवान महसूस करता हूं। आप सभी युवाओं के साथ काम करके बहुत अच्छा लगता है।'

# भूमि पेडनेकर की 'दलदल' बनी ग्लोबल ओटीटी हिट







भूमि पेडनेकर कभी भी तयशुदा फॉर्मूले पर चलने वाली कलाकार नहीं रही हैं। उनकी फिल्मोग्राफी साफ दिखाती है कि वह ग्लैमर और ज़रूरत से ज़्यादा ड्रामा से दूर, अलग और दमदार कहानियों को चुनती हैं। अपनी पहली फिल्म से ही भूमि ने दम लगा के हईशा, टॉयलेट: एक प्रेम कथा, पति पत्नी और वो, बधाई दो, थैंक यू फॉर कमिंग, शुभ मंगल सावधान, बाला, भीड़, भक्षक, सांड की आंख जैसी फिल्मों के ज़रिए समाज से जुड़े मुद्दों पर बात करने की हिम्मत दिखाई है। अब उनकी ग्लोबल ओटीटी हिट सीरीज़ दलदल भी इसी कड़ी का हिस्सा है। भूमि की फिल्मों और शोज़ में दिखावा कम और कंटेंट ज़्यादा होता है। यही वजह है कि दर्शक उनकी कहानियों से जुड़ते हैं और बार-बार उन्हें देखना चाहते हैं। दलदल के ओटीटी हिट बनने के साथ भूमि ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए माध्यम नहीं, बल्कि कला और अभिनय सबसे ज़रूरी है। बड़े पर्दे पर अपनी मजबूत पहचान बनाने के बाद, भूमि ने अमेज़न प्राइम की टॉप-ट्रेंडिंग साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर दलदल के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ साबित की है। यह सीरीज़ अमेरिका, यूके, यूएई समेत कई देशों में ट्रेंड कर रही है और दुनियाभर में सराही जा रही है। इसकी सफलता भूमि की बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाती है और उन्हें भारत की सबसे भरोसेमंद और निडर अभिनेत्रियों में शामिल करती है। दलदल को मिल रही वैश्विक सराहना यह भी दिखाती है कि भूमि हमेशा कंटेंट और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को प्राथमिकता देती हैं। जहां कई कलाकार ऐसे किरदारों से हिचकते हैं जिनमें शारीरिक बदलाव, गहरी भावनात्मक तैयारी और व्यक्तित्व में बदलाव की जरूरत होती है, वहीं भूमि ने इन्हें अपनी ताकत बना लिया है। सिनेमाघरों से लेकर दुनियाभर के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म तक, भूमि ऐसा काम कर रही हैं जो खुद बोलता है। दलदल की सफलता के साथ यह साफ है कि भूमि सतीश पेडनेकर हर बार बड़ा जोखिम लेती हैं और उसे पूरी मजबूती से निभाती हैं।



# नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी के साथ काम करने पर बोले अक्षय

भारतीय सिनेमा में जब किसी अभिनेता को बड़े फिल्मकारों और कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो वह अनुभव उनके करियर को बदलने वाला साबित होता है। इस कड़ी में अभिनेता अक्षय ओबेरॉय को नीरज पांडे-रितेश शाह के निर्देशन और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिला, जो उनके लिए सीखने और प्रेरणा लेने वाली यात्रा बन गई। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने अनुभवों को साझा किया। आईएएनएस से बात करते हुए अक्षय ओबेरॉय ने कहा, ''नीरज पांडे के साथ काम करना मेरे करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा है। वह जिस जॉनर में फिल्म बनाते हैं, उसमें उनकी पकड़ और समझ अनोखी है। सेट पर हर दिन उनके साथ काम करना किसी मास्टरक्लास से कम नहीं होता। उनकी सटीकता, कहानी पर पकड़ और विजुअल बनाने का तरीका मुझे लगातार सीखने का अवसर देता रहा है। मेरा मानना है कि इस फिल्म ने मुझे एक बेहतर अभिनेता बनने में मदद की है और मेरी कला को और निखारा है।'' फिल्म के निर्देशक रितेश शाह को लेकर अक्षय ने कहा, ''उनके काम की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह किरदारों और भावनाओं को गहराई से समझते हैं। उनके निर्देशन में हर सीन में एक वास्तविकता और वजन आता है। मैंने उनके साथ काम करते हुए हर सीन को अधिक संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से निभाने की कला सीखी। यह अनुभव मेरे लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी रहा।'' मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन साझा करने के अनुभव को भी अक्षय ने प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने कहा, ''मनोज बाजपेयी सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक पूरी संस्था हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और काम के प्रति जुनून पूरी टीम को प्रभावित करता है। ऐसे कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सीखने और खुद को बेहतर बनाने का अवसर रहा। इस अनुभव के लिए मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं। मेरा दर्शकों से आग्रह है कि वह इस फिल्म को देखें और अभिनय का आनंद ले।'' अक्षय ओबेरॉय जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' में भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। इसमें कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम किरदार निभा रही हैं। फिल्म को गीतू मोहनदास ने निर्देशित किया है और इसे कन्नड़ और अंग्रेजी में एक साथ शूट किया गया है। इसके अलावा, इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कई अन्य भाषाओं में डब करने की योजना है। 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ओवरनाइट ऑडिशन से ओवरनाइट स्टारडम ने कैसे बदली पुलकित सम्राट की ज़िंदगी

**भारतीय टेलीविज़न में ओवरनाइट सक्सेस बहुत कम लोगों को मिलती है और उन्हीं बेहद कम लोगों में एक नाम पुलकित सम्राट का भी शामिल है। जी हाँ, एक साधारण से टीवी ऑडिशन, जिसे उन्होंने थोड़ी हिचकिचाहट के साथ स्वीकार किया था, वही आगे चलकर ना सिर्फ उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, बल्कि उसी ने उन्हें हर घर का चहिता चेहरा भी बना दिया।**

खुद को वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर देखनेवाले पुलकित सम्राट अपने करियर की शुरुआत टीवी नहीं करना चाहते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि डेली सोप्स ज़्यादातर मेलोड्रामा तक ही सीमित रहते हैं। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और मंजूर था और उसी ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया। इस सिलसिले में पुलकित सम्राट कहते हैं, 'मुझे याद है मैंने साफ कहा था कि मैं टीवी सीरियल टाइप का काम नहीं करना चाहता, बल्कि मैं कुछ अलग और वर्सेटाइल करना चाहता था। लेकिन फिर कास्टिंग टीम ने मुझे समझाया कि यह किरदार बाकी टीवी रोल्स से अलग है। इसमें गहराई के साथ कुछ नया करने का मौका था और सबसे अहम बात यह थी कि मुझे एकता कपूर से मिलने का अवसर मिलने वाला था। इसी बात ने मुझे मुंबई आने के लिए राज़ी कर लिया और मैं रातों-रात दिल्ली से मुंबई आ गया।' गौरतलब है कि एकता कपूर पहले ही पुलकित की तस्वीरें देख चुकी थीं और उनसे मुलाकात के बाद वे निश्चिंत हो चुकी थी कि उनके सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लक्ष्य वीरानी वही होंगे। ऐसे में मुंबई आते ही उनकी ग्रूमिंग शुरू हुई। उन्हें नया हेयरकट दिया गया और स्क्रीन टेस्ट कराया गया और फुटेज देखते ही उनके नाम पर मोहर लगाते हुए एकता कपूर ने कहा, 'ओके, डन। रेडी।'

हालांकि इस बड़ी सफलता के बीच भी पुलकित को रह-रहकर अपना परिवार याद आ रहा था, जिन्हें वे बिना बताए दिल्ली छोड़कर मुंबई चले आए थे। उनसे मिलने की तड़प और अपनी कामयाबी की खबर देने के लिए उन्होंने पीठ दर्द का बहाना बनाते हुए एक रात के लिए दिल्ली लौटने की इजाज़त मांगी और पहुँच गए अपने पैरेंट्स से मिलने। दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पैरेंट्स को देखते ही वे भावुक हो उठे। उस घटना को याद करते हुए पुलकित बताते हैं, 'आंखों में आंसू लिए मैं उनके गले लगा। शब्द बहुत काम थे, बस थी तो भावनाएं। हालांकि कुछ ही घंटों बाद मैं फिर से मुंबई लौट आया लेकिन इस बार एक नए आत्मविश्वास और बदली हुई ज़िंदगी के साथ लौटा था।'

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पुलकित की एंट्री बेहद खास रही थी। शो की जेनरेशन लीप के साथ उन्हें लॉन्च किया गया था और वे 'वो कृष्णा है' गीत के साथ सीधे दर्शकों के दिलों में उतर गए। गौर करनेवाली बात ये भी है कि यह किसी टीवी किरदार के लिए बनाए गए शुरुआती फुल-लेंथ लॉन्च सॉन्ग्स में से एक था। और इस तरह मौनी रॉय के साथ मिलकर वह नई पीढ़ी का चेहरा बने। इस सिलसिले में पुलकित कहते हैं, 'रातों-रात मैं एक जाना-पहचाना नाम बन चुका था और फिर उसके बाद मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## 'ग्लोरी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रहे हैं पुलकित

'फुकरे' की लोकप्रियता के बाद 'तैश', 'सनम रे' और 'राहु केतु' में अलग-अलग तरह के किरदार निभाते हुए फिलहाल वे 'ग्लोरी' से न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रहे हैं, बल्कि पहली बार बॉक्सर का किरदार निभाते हुए अपने करियर को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। फिलहाल पुलकित सम्राट की यह कहानी बताती है कि कभी-कभी एक सही मौका पूरी ज़िंदगी बदल देता है, लेकिन उस मौके को आगे ले जाने के लिए मेहनत, धैर्य और सही फैसले सबसे ज़रूरी होते हैं।

# सचिन ने अंडर-19 कप्तान आयुष को अपनी टेस्ट जर्सी दी

## बोले- मेहनत करते रहो, लोगों के बहकावे में मत आओ

**मुंबई (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे जिम्बाब्वे से भारत लौटने के बाद सचिन तेंदुलकर से मिले। इससे पहले, मुंबई एयरपोर्ट पर कप्तान आयुष म्हात्रे समेत सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। म्हात्रे का पूरा परिवार उनके माता-पिता उन्हें लेने एयरपोर्ट पहुंचे थे।



**सचिन के घर पहुंचे म्हात्रे-** म्हात्रे भारत वापस लौटने के बाद सोमवार को महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के घर पहुंचे। आयुष म्हात्रे को सचिन तेंदुलकर से एक खास तोहफा मिला। तोहफा में सचिन ने अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की,साथ ही उन्होंने अपने हाथ से लिखा हुआ एक संदेश भी दिया।

वीडियो में सचिन ने म्हात्रे से कहा, यह वही जर्सी थी जिसे उन्होंने अपनी अंतिम टेस्ट सीरीज में पहना था। वो आगे कहते है, लगातार मेहनत करते रहो। ध्यान केंद्रित रखो। लोगों के बहकावे में मत आओ। अभ्यास करते रहो। एकाग्रता बनाए रखना जरूरी है। चाहे जो भी हो, ध्यान भटकाने वाली चीजें बहुत होंगी।

**म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया-** म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। लिखा, मैं आपको स्क्रीन पर देखते हुए बड़ा हुआ। आज मैं आपके घर पर खड़ा हूं और आपकी यात्रा का एक हिस्सा अपने हाथों में थामे हुए हूं। इस सम्मान के लिए आपका धन्यवाद, सर। मैं इसे उसी आदर और सम्मान के साथ संभालकर रखूंगा, जैसे आपने सालों तक भारतीय क्रिकेट को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया।

**टीम इंडिया छठी बार टूर्नामेंट की चैंपियन बनी-** अंडर-19 क्रिकेट में दुनिया की सबसे सफल टीम भारत फिर से वर्ल्ड चैंपियन बन गई है। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे में खेला गया अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीत लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया रिकॉर्ड छठी बार टूर्नामेंट की चैंपियन बनी।

## ट्रैविस हेड का दिलचस्प खुलासा

# अभिषेक की गेंदबाजी का करना चाहते हैं सामना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान एक दिलचस्प खुलासा किया है। सनराइजर्स हैदराबाद में उनके ओपनिंग पार्टनर रहे अभिषेक शर्मा को लेकर हेड ने कहा कि वह टूर्नामेंट में उनके खिलाफ बल्लेबाज़ी करना चाहते हैं और चाहते हैं कि अभिषेक उन्हें गेंदबाज़ी करें।



**रैपिड-फायर राउंड में दिया मज़ेदार जवाब-** आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले एक रैपिड-फायर राउंड के दौरान ट्रैविस हेड से कई सवाल पूछे गए। जब उनसे पूछा गया कि वह किस गेंदबाज़ के खिलाफ मुकाबला करना चाहते हैं, तो उन्होंने बिना झिझक अभिषेक शर्मा का नाम लिया। अभिषेक भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव के पास मौजूद विकल्पों में से एक हैं, हालांकि वह नियमित रूप से गेंदबाज़ी नहीं करते।

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद मानी शहबाज सरकार, 15 फरवरी को मुकाबला

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को श्रीलंका के राष्टपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फोन कर भारत के खिलाफ मैच खेलने की अपील की थी। इसके अलावा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से मुकाबला खेलने की सिफारिश की थी।

दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि उसने टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले खेलने पर सहमति जता दी थी।




### पाकिस्तान सरकार की पोस्ट

पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्टपति अनुर कुमार दिसानायके के बीच फोन पर बातचीत हुई। श्रीलंकाई राष्टपति ने श्रीलंका में प्रस्तावित भारत-पाकिस्तान मैच खेलने का अनुरोध किया। श्रीलंका के राष्टपति ने कहा कि आतंकवाद के मुश्किल दौर में पाकिस्तान ने श्रीलंकाई क्रिकेट का पूरा समर्थन किया था। उसी भावना से पाकिस्तान से सहयोग की अपील करते हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्रीलंकाई राष्टपति की भावनाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से चर्चा के बाद अंतिम फैसला श्रीलंका को बता दिया जाएगा। श्रीलंका मुश्किल समय में पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। हाल ही में श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान दौरा रद्द न कर अहम सहयोग दिखाया।

### पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने 3 शर्तें रखी थीं

बैठक में आईसीसी की ओर से सीईओ संजोग गुप्ता वर्चुअल तरीके से जुड़े। भारत से खेलने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने तीन शर्तें रखीं। पहली, आईसीसी की कुल कमाई में पाकिस्तान का हिस्सा बढ़ाया जाए। दूसरी, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज बहाल कराई जाए। तीसरी, मैदान पर हैंडशेक प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू किया जाए। दरअसल, एशिया कप के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था।

### पाकिस्तान सरकार ने कहा था- वर्ल्ड कप खेलेंगे, लेकिन भारत से नहीं

पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

### हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा- एसएलसी

7 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। इसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा। इसमें कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। मेल पर श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा कहा, हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।

### भारतीय टीम तय समय पर श्रीलंका जाएगी

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी से पहले श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।

### भारत-पाक मैच पर बोले बीसीसीआई सचिव राजीव शुक्ला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक फैसला

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारत-पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2026 मैच को लेकर बने गतिरोध के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने सभी पक्षों से बातचीत कर एक ऐसा बेहद अच्छा और संतुलित समाधान निकाला, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला वापस ले लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला अब 15 फरवरी को कोलंबो में तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश और श्रीलंका के समझाने के बाद अपने पहले के बहिष्कार के फैसले से पीछे हटने का निर्णय लिया।

मीडिया से बातचीत में राजीव शुक्ला ने कहा, मैं बीसीसीआई की ओर से आईसीसी चेयरमैन (जय शाह) और अन्य पदाधिकारियों का धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा समाधान निकाला। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से चर्चा के बाद, सभी पक्षों की बात सुनकर यह फैसला लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय क्रिकेट के हित में बेहद अहम है। क्रिकेट चलना चाहिए और अब वर्ल्ड कप एक बड़ी सफलता होगा। यह आईसीसी की बड़ी उपलब्धि है। यहां तक कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी आईसीसी की सराहना की है।

#### क्रिकेट सबसे ऊपर

राजीव शुक्ला ने जोर देते हुए कहा कि अंततः क्रिकेट सबसे महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखकर संतुलित फैसला लिया है।

**बांग्लादेश की अपील से साफ हो गया था पाकिस्तान का रुख-** यह लगभग तय हो गया था कि पाकिस्तान बहिष्कार वापस ले लेगा, जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने ढाका से बयान जारी कर पाकिस्तान से खेल के व्यापक हित में मैच खेलने की अपील की।

# रोहित-कोहली ए प्लस से डिमोट होकर ग्रेड-बी पर खिसके

## गिल, बुमराह और जडेजा को ग्रेड ए में जगह मिली, बीसीसीआई की रिटेंशन लिस्ट जारी



**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को ए प्लस ग्रेड से डिमोट करके बी ग्रेड में डाल दिया है। बोर्ड ने सोमवार को 2025-26 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल प्लेयर्स की लिस्ट जारी की। ए प्लस ग्रेड को समाप्त कर दिया गया है।

रोहित और कोहली के साथ बुमराह और जडेजा भी पिछले साल ए प्लस ग्रेड में शामिल थे। ताजा लिस्ट में इन दोनों को ग्रेड ए में शामिल रख गया है। वहीं, टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ग्रेड ए में बरकरार रखे गए हैं। ग्रेड बी में टी-20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा 10 अन्य खिलाड़ियों को रखा गया है। ग्रेड सी में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह समेत 17 खिलाड़ी हैं।

बोर्ड ने रिटेन खिलाड़ियों को 3 ग्रेड में बांटा है। इनमें ए-बी और सी शामिल हैं। बोर्ड ने अभी तक नए ग्रेड मॉडल की सैलरी स्ट्रक्चर के बारे में कुछ नहीं कहा है। कुछ दिन पहले इसे बदलने की बात कही जा रही थी। पिछले साल ए प्लेस ग्रेड में शामिल प्लेयर्स को 7 करोड़ रुपए सालाना मिलते थे। वहीं, ग्रेड ए में 5 करोड़, ग्रेड बी में 3 करोड़ और ग्रेड सी में 1 करोड़ रुपए दिए जाते थे। मेंस कैटेगरी में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए में 3, ग्रेड बी में 11 और ग्रेड सी में 17 खिलाड़ी रखे गए हैं।

### रोहित-कोहली को ग्रेड-ए से बाहर क्यों किया?

रोहित और कोहली अब केवल वनडे खेल रहे हैं। इस वजह से दोनों को ग्रेड बी में डाला गया है। दोनों दिग्गजों ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया था। उसके बाद मई 2024 में टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

## बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन बनाए, 2 विकेट भी झटके

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें मैच में नामीबिया पर 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम ने ग्रुप ए के मैच में 157 रन का टारगेट 18 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया।



दिल्ली के अरुण जेटली स्टडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए नामीबिया ने 20 ओवर में 8 विकेट 156 रन बनाए।

नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 18 रन पर नाबाद लौटे। कॉलिन एकरमैन ने 32 और माइकल लेविट ने 28 रन बनाए।

नामीबिया की ओर से निकोल लोफ्टी-ईटन ने 42, जॉन फ्राइलिनक ने 30 और जेजे स्मिट ने 15 बॉल पर 22 रन बनाए। लोगान वैन बीक और बास डी लीडे ने 2-2 विकेट लिए। आर्यन दत्त और फ्रेड क्लासन को 1-1 विकेट मिला। विलेम मायबर्ग और रूबेन ट्रम्पेलमैन रन आउट हुए।

### नीदरलैंड जीत से ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के नंबर-2 पर आया

इस जीत के साथ नीदरलैंड की टीम ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर आ गई है। टीम के पास दो मैच में एक जीत के साथ 2 अंक हैं। भारत और पाकिस्तान के पास भी 2-2 अंक हैं। भारत का नेट रन रेट नीदरलैंड से ज्यादा है, जबकि पाकिस्तान का नेट रन रेट कम है।

# खेल जगत में शोक की लहर, कार हादसे में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज संभाजी पाटिल का निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** जूनियर विश्व कप 2016 के स्वर्ण पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाज संभाजी पाटिल का सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। यह हादसा मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर पालघर जिले में हुआ। संभाजी पाटिल की उम्र महज 27 वर्ष थी। उनके असामयिक निधन से भारतीय निशानेबाजी और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

**अभ्यास के लिए जाते समय हुआ हादसा-** एक अधिकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब संभाजी पाटिल अपने दोस्त के साथ कार से निशानेबाजी के अभ्यास के लिए जा रहे थे। कार उनके दोस्त और साथी निशानेबाज यश चौधरी चला रहे थे, जबकि संभाजी पाटिल चालक की बगल वाली सीट पर बैठे थे।



**तेज रफ्तार में ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश-** अधिकारी ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही कार ने बाईं ओर से एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि संभाजी पाटिल को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में यश चौधरी को भी चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है।

संभाजी पाटिल भारतीय निशानेबाजी के उभरते हुए सितारे माने जाते थे। उन्होंने 2016 में अजरबैजान में आयोजित जूनियर विश्व कप में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पाटिल से भविष्य में बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही थी।



# डी कॉक ने धोनी की बराबरी की

## टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा डिसमिसल किए, मुन्से स्कॉटलैंड के टॉप स्कोरर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार को 3 मुकाबले में खेले गए। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा डिसमिसल करने के मामले में महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली। वहीं बल्लेबाजी में स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुन्से अपनी टीम के लिए टॉप स्कोरर बन गए। टूर्नामेंट के पहले मैच में स्कॉटलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 73 रन से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने ओमान पर 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से मात देकर अपने अभियान की शुरुआत की।

### 1. टी-20 वर्ल्डकप में किसी एसोसिएट टीम ने पहली बार 200+ रन बनाए

स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया रिकॉर्ड बना दिया। इटली के खिलाफ कोलकाता में टीम ने 4 विकेट पर 207 रन बनाए, जो किसी भी एसोसिएट टीम का पहला 200+ स्कोर है। इससे पहले हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड यूएसए (197/3 बनाम कनाडा, 2024) के नाम था। एसोसिएट टीम यानी वे टीमें जो आईसीसी फुल मेंबर नहीं हैं।

**टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत-** टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड ने रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली। टीम ने इटली को 73 रन से हराया। इससे पहले उसका सबसे बड़ा जीत अंतर 2022 में आया था, जब टीम ने होबार्ट में वेस्टइंडीज को 42 रन से हराया था।

### मुन्से-जोन्स की स्कॉटलैंड के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट पार्टनरशिप

टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड जॉर्ज मुन्से और माइकल जोन्स के नाम दर्ज हो गया है। दोनों ने ईडन गार्डन्स में पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।इससे पहले भी मुन्से-जोन्स की जोड़ी इंग्लैंड के खिलाफ 90* रन की ओपनिंग साझेदारी कर चुकी है, जो लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। वहीं दूसरी बड़ी साझेदारी में मैथ्यू क्रॉस-रिची बेरिंगटन (92 रन) और मुन्से-मैकमुलेन (89 रन) शामिल हैं।

### टी-20 में पहली बार जिम्बाब्वे पेसर ने 9 विकेट लिए

कोलंबो में ओमान के खिलाफ जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों ने 9 विकेट लिए। यह पहली बार है जब टी-20 इंटरनेशनल में जिम्बाब्वे के तेज बॉलर्स ने एक पारी में 9 विकेट लिए हैं। इस मैच में रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैडली इवांस ने 3-3 विकेट झटके।

## संक्षिप्त समाचार

### चेहरा छिपाया तो भी खैर नहीं, चाल से पकड़े जाएंगे गुनहगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेहरा ढंककर या वारदात के बाद भेष बदलकर सालों तक पुलिस को चकमा देने वाले अपराधियों के लिए अब छिपना आसान नहीं होगा। पुलिस अब बदमाशों की चाल देखकर उनकी पहचान कर लेगी। इसके लिए पुलिस गेट एनालिसिस तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। अब तक इस तकनीक का उपयोग मेडिकल की जांच के दौरान डॉक्टर करते थे। अब यह तकनीक पुलिस का सशक्त हथियार बनने जा रही है। बीते साल पुलिस हत्या की एक गुत्थी भी इस तकनीक से सुलझा चुकी है। इसके अलावा



पुलिस दो और तकनीकों का इस्तेमाल भी बढ़ा रही है। गेट एनालिसिस तकनीक का इस्तेमाल अब तक मेडिकल क्षेत्र में किया जाता रहा है। अमूमन फिजियोथेरेपिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ खिलाड़ियों की बीमारियां का पता लगाने के लिए उनके चलने के तरीके का अध्ययन करते थे। इसमें एथलीट को कहां दर्द है? या चलने में क्या दिक्कत आ रही है? इसका विश्लेषण किया जाता है। दरअसल, हर इंसान के चलने का तरीका अलग होता है। चाल के दौरान शरीर के किसी हिस्से का झुकाव, हाथ का अंदाज और पैरों का झुकाव ये सभी चीजें किसी एक व्यक्ति की दूसरे से अलग होती हैं। पुलिस इसी तकनीक की से अपराधियों की पहचान कर रही है। हत्या का केस सुलझाने में मददगार तकनीक दिल्ली पुलिस ने तिमारपुर इलाके में हुई 32 वर्षीय यूपीएससी अभ्यर्थी रामकेश मीना की हत्या के मामले को सुलझाने में पहली बार गेट एनालिसिस तकनीक का इस्तेमाल किया। मामले की जांच में चलने के पैटर्न का वैज्ञानिक विश्लेषण कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा। रामकेश की हत्या उसकी लिव-इन पार्टनर ने दो साथियों के साथ मिलकर की थी। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं था। जिसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर कुछ संदिग्धों की सूची तैयार की। इसके बाद सीसीटीवी में दिखाई दे रहे संदिग्धों के चलने की गति, कदमों का संतुलन और शरीर की बनावट का उन संदिग्धों से मिलान किया, तो वे पूरी तरह मेल खा गए।

### दो जगहों पर अप्रैल से शुरू हो सकती है जनगणना, 17 मास्टर ट्रेनर हो रहे तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में जनगणना कराने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में अप्रैल महीने में एनडीएमसी और दिल्ली कैंट क्षेत्र में जनगणना शुरू हो सकती है। मई से एमसीडी क्षेत्र में जनगणना होगी। बता दें कि, जनगणना हर 10 साल में मनाया जाने वाला एक ऐसा राष्ट्रीय उत्सव है, जिसमें देश के हर हिस्से में रहने वाले हर नागरिक को शामिल किया जाता है। गणना की बारीकी सीखेंगे 17 ट्रेनर : जनगणना करने वालों को ट्रेनिंग देने के लिए दिल्ली में 17 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं। इन्हें चार दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वह जनगणना करने एवं इससे संबंधित सवालों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे। सूत्रों का कहना है कि आगामी अप्रैल माह में एनडीएमसी एवं दिल्ली छावनी क्षेत्र में जनगणना शुरू हो सकती है। वहीं, मई महीने से एमसीडी क्षेत्र में जनगणना शुरू हो सकती है। केंद्र सरकार की ओर से देशभर में जनगणना करवाई जा रही है। इस कड़ी में अगले तीन महीनों में दिल्ली के भीतर भी जनगणना शुरू करने की तैयारी है। दिल्ली में अलग-अलग जिलों के 17 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 11 से 13 फरवरी और 16 फरवरी को दिया जाएगा। इनमें शिक्षक, लेक्चरर, तहसीलदार, टेक्निकल अधिकारी आदि शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि, मास्टर ट्रेनर इस प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक जिले में उन कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे जो जनगणना करने जाएंगे। इस प्रशिक्षण से उनके सवालों का समाधान होगा ताकि जनगणना करते समय उन्हें कोई परेशानी न आए। उनका प्रशिक्षण पूरा होने के बाद ही जनगणना का कार्य प्रत्येक जिले में शुरू किया जाएगा।

# जनकपुरी हादसा: 2 ठेकेदारों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जनकपुरी इलाके में डीजेबी के गड्ढे में गिरने से हुई बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस का ऐक्शन जारी है। दो ठेकेदारों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है, जबकि उप ठेकेदार की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। इस मामले में गिरफ्तार एक मजदूर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया कि जनकपुरी इलाके में खुले में बने डीजेबी के गड्ढे में गिरने से 25 साल के बाइक सवार की मौत के मामले में दो ठेकेदारों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं। पुलिस ने तीसरे आरोपी की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी है और एक मजदूर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मजदूर पर समय पर अधिकारियों को घटना की सूचना नहीं देने का आरोप है।

अधिकारी ने बताया कि ठेकेदार भाइयों हिमांशु गुप्ता और कविश गुप्ता के खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं। अधिकारी ने यह भी बताया कि उप ठेकेदार राजेश कुमार प्रजापति की पुलिस हिरासत एक दिन के लिए बढ़ा दी गई



है। मजदूर योगेश कथित तौर पर उस समय घटनास्थल पर मौजूद था जब बाइक सवार गड्ढे में गिरा। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शुक्रवार तड़के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा सीवर के काम के लिए खोदे गए लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी गिर गए। पुलिस ने पहले बताया था कि योगेश को एक सुरक्षा गार्ड द्वारा सतर्क किए जाने के बाद घटना की जानकारी मिली, लेकिन उसने अधिकारियों को सूचित नहीं किया और इसके बजाय प्रजापति को फोन किया। आरोप है कि उसने रात में पीड़ित के परिवार को भी गुमराह किया जब वे उसे ढूंढने आए थे। निष्कर्ष निकाला गया कि मौत का कारण चोट के कारण सांस रुकने से हुआ था। किसी कठोर और भारी वस्तु के प्रभाव से छाती पर दबाव पड़ने और साथ ही पीड़ित के गड्ढे में गिरने के बाद मिट्टी से मुंह और नाक के अवरुद्ध होने के कारण हुआ था।

### ठेकेदारों की तलाश जारी

प्रजापति को घटना की सूचना मिलने से घंटों पहले ही गिरने की जानकारी होने के बावजूद पुलिस या आपातकालीन एजेंसियों को सूचित नहीं करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। योगेश को बाद में उत्तर प्रदेश में गिरफ्तार किया गया। जनकपुरी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत आरोपियों और डीजेबी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि जिन ठेकेदारों के खिलाफ गैर इरादतन चेतावनी जारी की गई है, उन्हें ढूंढने के प्रयास जारी हैं।

# 'हमने इसे जिंदगी से एक्जिट कर दिया'; लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने लिया बवाना में हुई कारोबारी की हत्या का जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बवाना में हुई एक युवा कारोबारी की हत्या लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने करवाई थी। लॉरेंस गैंग से जुड़े रणदीप मलिक और अनिल पंडित ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। बता दें कि, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार दोपहर एक फैक्ट्री के बाहर अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े सरेआम 35 वर्षीय प्लास्टिक कारोबारी वैभव गांधी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बताया था कि बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में तीन से चार हथियारबंद व्यक्ति बाइक पर आए और प्लास्टिक कारोबारी वैभव गांधी पर कई राउंड गोलियां चलाई थीं। कारोबारी ने खुद को बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उनका पीछा किया और फायरिंग करते रहे। पुलिस के मुताबिक, उसे दोपहर करीब 12:51 बजे महाराजा अग्रसेन अस्पताल से सूचना मिली कि



गोलीबारी में घायल एक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मृतक की पहचान बवाना निवासी वैभव गांधी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद, पुलिस टीमें हॉस्पिटल और घटनास्थल पर पहुंचीं। घटना के पीछे की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है। अधिकारी ने आगे कहा कि हम हमलावरों की पहचान करने और हत्याकांड की तह तक पहुंचने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रहे हैं। घटना से पहले और बाद में आरोपियों की मूवमेंट का पता लगाने के लिए आस-पास की फैक्ट्रियों और सड़कों के फुटेज भी स्कैन किए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस की ऑपरेशन विंग की स्पेशल यूनिट्स समेत कई टीमें बनाई गई हैं और उन्हें संभावित ठिकानों पर छापेमारी करने और इसमें शामिल लोगों को पकड़ने के लिए भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि हत्या के पीछे का मकसद पता लगाने की भी कोशिश की जा रही है, जिसमें यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह हत्याकांड बिजनेस की दुश्मनी, आपसी रंजिश या किसी और झगड़े से जुड़ा था।

### एनएचआरसी ने दिल्ली सरकार और पुलिस कमिश्नर को भेजे नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) इस साल जनवरी के पहले दो हफ्ते में दिल्ली से 800 से अधिक लोगों के लापता होने की खबरों के बाद ऐक्शन में आ गया है। एनएचआरसी ने सोमवार को बताया कि उसने पुलिस आंकड़ों के हवाले से जनवरी के पहले 15 दिनों में राजधानी में 807 लोगों के लापता होने की मीडिया में आई खबरों का स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने कहा कि यदि खबर में दी गई जानकारी सच है, तो इससे मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठते हैं। आयोग ने यहां जारी एक बयान में कहा, इसलिए, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। बयान के मुताबिक आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में राष्ट्रीय राजधानी में 807 लोग लापता हो गए। इनमें 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल हैं। पुलिस ने 235 लोगों का पता लगा लिया है और 572 लोग अब भी लापता हैं। मीडिया में 5 फरवरी को आई खबरों के मुताबिक, 2025 में दिल्ली में कुल 24,508 लोग लापता हुए जिनमें से 60 प्रतिशत महिलाएं थीं। पुलिस 15,421 लापता लोगों का पता लगाने में सफल रही, जबकि 9,087 मामले अनसुलझे रहे। डेटा ने किशोरों के बीच बढ़े हुए जोखिम को भी उजागर किया है, जिसमें 2016 से हर साल 5,000 से अधिक किशोर, जिनमें से लगभग 3,500 लड़कियां हैं, लापता हो रहे हैं। पुलिस डेटा के अनुसार, 1 से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोग लापता हुए, यानी हर दिन औसतन 54 लोग लापता हुए। 6 फरवरी को जारी एक आधिकारिक बयान में पुलिस ने कहा कि जनवरी 2026 में पिछले वर्षों की इसी अवधि की तुलना में लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट की संख्या में गिरावट आई है।

### अब अफसरों का तैयार होगा रिपोर्ट कार्ड, फाइलें लटकाईं तो मिलेंगे माइनस मार्क्स

*__नई दिल्ली, एजेंसी।__ भारत सरकार ने हाल ही में सिविल सेवकों की जवाबदेही तय करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार ने यूनियन सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों के लिए एक विस्तृत स्कोरकार्ड सिस्टम लागू किया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब अधिकारियों का मूल्यांकन केवल आकलन से नहीं, बल्कि तय मानकों के आधार पर अंकों के जरिए किया जाएगा। कैबिनेट सचिवालय की ओर से शुरू की गई इस प्रणाली में मेरिट और लापरवाही दोनों को स्पष्ट मापदंडों पर परखा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों को 100 अंकों के पैमाने पर आंका जाएगा। इसमें दर्जनों पैरामीटर शामिल हैं। खास बात यह है कि इस रिपोर्ट कार्ड में नेगेटिव मार्किंग और डिस्क्रेशनरी मार्क्स की भी व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मौकों पर सरकारी कामकाज में देरी खत्म करने पर जोर दे चुके हैं। इसी दिशा में यह नई व्यवस्था लागू की गई है। सरकार का कहना है कि उचित मूल्यांकन से नागरिकों, बिजनेस और स्टार्टअप को इजाजत, ग्रांट और लाइसेंस जैसी प्रक्रियाओं में तेजी मिलेगी। कैबिनेट सचिव टी वी सोमनाथन ने सितंबर, अक्टूबर और नवंबर 2025 के लिए तैयार पहला प्रशासनिक रिपोर्ट कार्ड जनवरी 2026 में सेक्रेटरी स्तर के अधिकारियों को भेज दिया है। मूल्यांकन के मानकों में फाइल निपटान को सबसे ज्यादा 20 अंक दिए गए हैं। इसके बाद आउटपुट और गतिविधियों को 15 अंक तथा योजनाओं और कैपिटल प्रोजेक्ट्स पर खर्च को भी 15 अंक का वेटेज दिया गया है। अन्य मानकों में जन शिकायत निवारण, कैबिनेट नोट की तैयारी, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप द्वारा मॉनिटर किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स की समय पर पूर्ति, और पे एंड अकाउंट्स ऑफिस तथा चीफ कंट्रोलर ऑफ अकाउंट्स द्वारा बिलों की समय पर मंजूरी शामिल हैं।*

*__नेगेटिव मार्किंग भी मिलेगी :__ इस रिपोर्ट कार्ड में 12 नेगेटिव अंक का प्रावधान है। ये अंक विदेशी दौरों या आयोजनों पर अत्यधिक खर्च, सचिव स्तर पर फाइलों के लंबे समय तक लंबित रहने और माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज को भुगतान में देरी जैसी स्थितियों में दिए जा सकते हैं। इसके अलावा 5 डिस्क्रेशनरी अंक का भी प्रावधान रखा गया है, जिन्हें कैबिनेट सचिव किसी सेक्रेटरी या डिपार्टमेंट के असाधारण कार्य या विशेष योगदान के लिए दे सकते हैं।*

# भारत को रोकने की कोशिश, तेल खरीद को लेकर अमेरिका पर भड़का रूस

**मास्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने टीवी ब्रिक्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिका पर निशाना साधा और कहा कि भारत और दूसरे पार्टनर्स को रूस से तेल खरीदने से रोकने की कोशिशें हो रही हैं। इस बात की जानकारी स्पुतनिक ने सोमवार को दी।



रूस के विदेश मंत्री ने पिछले साल अलास्का में हुई शांति वार्ता जैसे कई मामलों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वॉशिंगटन ने टैरिफ, बैन और सीधे रोक जैसे जबरदस्ती वाले तरीकों का इस्तेमाल करते हुए आर्थिक दबदबा बनाने का लक्ष्य रखा है।

लावरोव ने कहा, वे (अमेरिका) हमसे कहते हैं कि यूक्रेन की समस्या का हल होना चाहिए। एंकरेज में हमने अमेरिका का प्रपोजल मान लिया। यूएस की स्थिति हमारे लिए जरूरी थी। उनका प्रपोजल मानकर, ऐसा लगता है कि हमने यूक्रेनी मुद्दे को सुलझाने का काम पूरा कर लिया है और एक बड़े पैमाने पर और आपसी फायदे वाले सहयोग की ओर बढ़ रहे हैं। अभी तक, असलियत बिल्कुल उलटी है।

उन्होंने आगे कहा, नए बैन लगाए गए हैं, यूएन कन्वेंशन ऑन लॉ ऑफ द सी का उल्लंघन करते हुए खुले समुद्र में टैंकरों के खिलाफ जंग छेड़ी जा रही है। वे भारत और हमारे दूसरे साझीदारों को सस्ते, किफायती रूसी एनर्जी रिसोर्स (यूरोप पर लंबे समय से बैन है) खरीदने से बैन करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें बहुत ज्यादा कीमतों पर यूएस एलएनजी खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। आर्थिक दबदबा बनाने का टारगेट उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने लिए आर्थिक दबदबा बनाने का लक्ष्य रखा है। बड़े देशों तक अपने एनर्जी सोर्स पहुंचाने के लिए अमेरिका उनके रास्तों पर कंट्रोल करना चाहता है। लावरोव ने कहा कि टैरिफ, सेंक्शन, सीधे रोक लगाना और कुछ लोगों को दूसरों से जुड़ने से रोकना, ये कदम अपने मकसद को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें इन सब बातों का ध्यान रखना होगा और भारत, चीन, इंडोनेशिया और ब्राजील की तरह अमेरिका जैसी बड़ी ताकतों सहित सभी देशों के साथ सहयोग के लिए खुले रहना होगा। हम ऐसी स्थिति में हैं जहां अमेरिकी खुद ही रास्ते में बनावटी रुकावटें खड़ी कर रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को कहा कि भारत के एनर्जी से जुड़े फैसले देश के हित से ही तय होते रहेंगे। मिसरी ने कहा कि भारत तेल और गैस सेक्टर में इंपोर्टर है और एक डेवलपिंग इकॉनमी होने के नाते, उसे अपने रिसोर्स की उपलब्धता और महंगाई पर आयात निर्भरता के असर के बारे में पता होना चाहिए।

# शबाना महमूद ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती हैं, कश्मीरी मूल की हैं

**लंदन, एजेंसी।** एपस्टीन फाइल्स विवाद में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। लेबर पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। हालांकि स्टार्मर ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। शबाना महमूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर मूल की है। 2025 में गृह मंत्री बनने वाली वह पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने कहा कि यह नियुक्ति गलत थी। मैकस्वीनी ने माना कि उन्हें पता



था कि मंडेलसन ने जेफ्री एपस्टीन का जेल जाने के बाद भी समर्थन किया था। मंडेलसन पर ये भी आरोप है कि उन्होंने ब्रिटेन के बिजनेस सेक्रेटरी रहते हुए एपस्टीन को मार्केट से जुड़ी संवेदनशील जानकारी शेयर की थी। मैकस्वीनी ने कहा कि इस फैसले से पार्टी, देश और राजनीति पर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है। वहीं विपक्ष का कहना है।

# अंटार्कटिका में बह रहा है खून का झरना

**अंटार्कटिका, एजेंसी।** अंटार्कटिका की बर्फीली चादरों के बीच एक ऐसा अद्भुत प्राकृतिक नज़ारा है, जिसे देखकर पहली नजर में लगता है जैसे बर्फ के अंदर से खून बह रहा हो। इसे ब्लड फॉल्स कहा जाता है। यह झरना दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। इसका गहरा लाल रंग असल में लोहे से भरे अत्यधिक खारे पानी की वजह से बनता है, जो लगभग 50 लाख सालों से ग्लेशियर की मोटी बर्फ के नीचे कैद है। ब्लड फॉल्स अंटार्कटिका के सबसे सूखे इलाकों में गिने जाने वाले मैकमर्डो ड्राई वैली में स्थित है। यह झरना टेलर ग्लेशियर से धीरे-धीरे बहकर लेक बॉनी में गिरता है। चारों ओर बर्फ के सफेद परिदृश्य में लाल झरना बेहद आकर्षक दिखता है। इसका पता सबसे पहले 1911 में भू-विज्ञानी थॉमस ग्रिफ़िथ टेलर ने लगाया था। तापमान -19एष्ट तक गिरने के बावजूद यह झरना बहता रहता है, जो वैज्ञानिकों के लिए एक सदी से भी बड़ा रहस्य बना हुआ है।

**क्या है लाल रंग का कारण-** इस झरने का लाल रंग खून या लाल शैवाल की वजह से नहीं है। इसका कारण एक प्राचीन सब-ग्लेशियल झील है, जो लाखों साल पहले समुद्र के पानी से बनी थी और ग्लेशियर के बढ़ने के कारण ऑक्सिजन और सूरज की रोशनी से कट गई। झील के पानी में लोहे के अयनों की मात्रा बहुत अधिक है। पानी का नमक समुद्री पानी की तुलना में दोगुना है, इसलिए यह अत्यधिक ठंड और दबाव में भी जमता नहीं। जब यह खारा पानी ग्लेशियर की दरार से बाहर आता है और ठंडी हवा से मिलता है, तो लोहे का ऑक्सीकरण होता है और पानी फेरिक ऑक्साइड में बदलकर लाल रंग का हो जाता है। इस कारण झरना बिल्कुल ताजा खून बहते दिखता है। शुरू में वैज्ञानिकों को लगा कि यह लाल रंग लाल शैवाल के कारण है। लेकिन 21वीं सदी में हुई रिसर्च, खासकर 2017 में की गई ड्रिलिंग स्टडी ने यह साबित कर दिया कि लाल रंग रसायन विज्ञान का नतीजा है,।

# इटली में कैश वैन लूटने की कोशिश, लुटेरों ने हाईवे पर किया बम धमाका और पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग

**रोम, एजेंसी।** इटली के पुगलिया से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां नकाबपोश बदमाशों ने किसी हॉलीवुड फिल्म की तर्ज पर एक कैश वैन को लूटने की कोशिश की। नकाबपोश इन लूटेरों ने न केवल हाईवे के बीचों-बीच एक गाड़ी को बम से उड़ा दिया, बल्कि पुलिस को रोकने के लिए उन पर कलाश्निकोव राइफलों से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की।

पुलिस की मुस्तैदी के चलते लूट की यह बड़ी कोशिश नाकाम रही। इस घटना के दौरान पुलिस ने तुरंत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गैंग के बाकी लूटेरे रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की गाड़ी छीनकर फरार हो गए। दक्षिणी इटली के पुगलिया में हाईवे पर हथियारबंद लुटेरों ने





कैश वैन पर रोंगते खड़े कर देने वाला हमला किया। लुटेरों ने ट्रैफिक को रोकने के लिए जलती हुई गाड़ियों का इस्तेमाल किया और बख्तरबंद गाड़ी को तोड़ने के लिए मिलिट्री-ग्रेड विस्फोटक का इस्तेमाल किया।

बाकी आरोपियों की तलाश जारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कैश वाहन रोकने के लिए लुटेरों ने कई वाहनों का उपयोग किया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद वे वैन के दरवाजे नहीं खोल सके। इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ। फरार होते समय पुलिस ने कम से कम दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। जिनकी तलाशी जारी है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

## साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी है सावधानियां






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को जीजीएसईएसटीसी, कांड्रा चास के सभागार में साइबर सुरक्षा विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर छात्रों, युवाओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षाविद, छात्र एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

**डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा समय की आवश्यकता : आइजी**

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) सुनील भास्कर ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। शिक्षा, बैंकिंग, शासन, संचार एवं मनोरंजन सहित लगभग हर क्षेत्र में इंटरनेट का व्यापक उपयोग हो रहा है, किंतु इसके साथ ही साइबर अपराधों की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी वेबसाइट एवं लिंक, ओटीपी एवं केवाईसी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, फर्जी प्रोफाइल तथा व्यक्तिगत डेटा की चोरी जैसी बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। आइजी ने आम नागरिकों से इंटरनेट का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की।

**छात्रों, युवाओं और अभिभावकों की अहम भूमिका**

आइजी ने विशेष रूप से छात्रों और युवाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित, सीमित एवं जिम्मेदार उपयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जहां अभिव्यक्ति का माध्यम हैं, वहीं इसके दुरुपयोग से मानसिक, सामाजिक और कानूनी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने, उन्हें डिजिटल शिष्टाचार एवं साइबर सुरक्षा के मूलभूत नियमों की जानकारी देने का आग्रह किया।

**साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां**

आइजी श्री भास्कर ने साइबर अपराधों से बचाव हेतु मजबूत पासवर्ड के उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स को अपडेट रखने तथा किसी भी अज्ञात या संदिग्ध लिंक, कॉल, ई-मेल एवं मैसेज से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की किसी भी घटना की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज की जा सकती है। अंत में उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के लिए नागरिकों की सजगता जरूरी : एसपी**

मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग आज के समय की बड़ी आवश्यकता है। साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी डिजिटल गतिविधियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए आमजन को अधिक सतर्क और जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से ओटीपी साझा न करने, अज्ञात कॉल या लिंक से बचने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन ऑफर से दूर रहने की अपील की। एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से साइबर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**डिजिटल सशक्तिकरण के साथ साइबर सुरक्षा अनिवार्य : डीडीसी**

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शासन, शिक्षा और सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाया है। हालांकि, इसके सुरक्षित उपयोग के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं और छात्रों से जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की निरंतर शिक्षा देने का आग्रह किया।

**सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उद्देश्य और इतिहास पर प्रकाश**

कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के महत्व, इसके उद्देश्य एवं इतिहास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के जिम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हुए मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, प्राइवेसी सेटिंग्स एवं डिजिटल सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर,जीजीएसईएसटीसी के निदेशक - प्राचार्य आदि ने भी अपना वक्तव्य रखा।

**सामूहिक प्रयास से ही संभव है सुरक्षित डिजिटल भविष्य**

कार्यक्रम के समापन पर यह संदेश दिया गया कि सुरक्षित डिजिटल भविष्य के निर्माण के लिए प्रशासन, पुलिस, शैक्षणिक संस्थानों, अभिभावकों और नागरिकों के सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से ही एक जागरूक, सशक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

---

**नगरपालिका आम चुनाव**

# पेड न्यूज पर रहेगी कड़ी नजर, स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मीडिया की भूमिका अहम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर मंगलवार को सूचना भवन में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा प्रेस ब्रिफिंग का आयोजन किया गया। प्रेस ब्रिफिंग में निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निदेशों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी गई। कार्यक्रम में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा पेड न्यूज की रोकथाम के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) की भूमिका और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रेस ब्रिफिंग के दौरान पोस्टर, पंपलेट एवं अन्य प्रचार सामग्री के मुद्रण से संबंधित दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि सभी मुद्रित प्रचार सामग्री पर प्रिंटर एवं प्रकाशक का नाम व पता अंकित करना अनिवार्य है। इसके उल्लंघन को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन माना जाएगा। इस अवसर पर मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों से 23 फरवरी को मतदान करने की अपील की गई। बताया गया कि मतदान पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक होगा। मीडिया से अनुरोध किया गया कि वे अधिक से अधिक मतदाताओं तक मतदान की तिथि एवं समय की जानकारी पहुंचाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करें। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मीडिया संस्थानों से निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता करते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मौके पर मीडिया कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## नप (आम) निर्वाचन के तहत वाहन जांच के दौरान 2 लाख 70 हजार रुपये बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बैरिकेटिंग लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चिटाही मंदिर चेक पोस्ट पर सोमवार द्वितीय पाली में वाहन जांच के दौरान कुल 2,70,000 (दो लाख सत्तर हजार रुपये) नकद बरामद किए गए। बरामद नकद राशि में अलग - अलग 1,98,500 रुपए एवं 71,500 रुपए शामिल हैं। वाहन जांच के दौरान संबंधित दो अलग - अलग व्यक्तियों द्वारा उक्त राशि के संबंध में कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके पश्चात नियमानुसार राशि को जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई। मामले की सूचना जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं संबंधित निवार्ची पदाधिकारी को दे दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अवैध धन के उपयोग पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या नियंत्रण कक्ष को दें।

---

**संक्षिप्त समाचार**

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर



क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 31 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिला अप्रेंटिस संघ के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## आईडीबीआई बैंक ने मिथिला पब्लिक स्कूल को दिया सीलिंग फैन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईडीबीआई बैंक, बोकारो ने मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल को दस सीलिंग फैन प्रदान किए। शाखा प्रमुख प्रवीन कुमार एवं उनके सहयोगी शशिकान्त ने बताया कि अपने समाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए बैंक के द्वारा स्कूल परिवार को सहयोग किया गया है। उन्होने कहा कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिले । इधर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने भी सहयोग के लिए बैंक के प्रति अभार व्यक्त किया। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बैंक की भूमिका की सराहना करते हुए सामाजिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक की कार्यों कि सराहना पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को और अधिक गुणवता पूर्ण शिक्षा देने की बात कही। सचिव दिलीप कुमार झा ने बताया कि गर्मी के मौसम में ये पंखे बच्चों की पढ़ाई में आने वाली परेशानियों को कम करेंगे। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के साथ-साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो द्वारा आयोजित 58वां विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल, बोकारो के विद्यार्थियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मान सह बधाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव सुनील मोहन ठाकुर, सदस्य भवन निर्माण अबिनाश कुमार ह्यअविह्न ने संयुक्त रूप से बच्चों को सम्मानित किया। मौके पर राजेंद्र कुमार ने कहा कि वह विद्यार्थी जरूर सफल होता है जो अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, उन्होंने कहा कि सफलता की योजना और उसके समन्वय की योजना मन में होती है और इच्छाशक्ति उसे पूर्ण करने में मदद करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईमानदारी से भागीदारी करना ही एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। छात्रों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्धा विद्यालय में आयोजित हो तो भाग अवश्य लेना चाहिए।

---

# हरियाणा से लाई गई 145 पेटी अवैध शराब जब्त




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 145 पेटी अवैध शराब से लदा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक, बोकारो को गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चास के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। मिर्धा चेक नाका के पास सघन वाहन जांच के दौरान पिंड्राजोरा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही सफेद रंग की पिकअप को रोकने का इशारा किया गया। लेकिन चालक वाहन को सड़क पर खड़ा कर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान वाहन से 145 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। प्रत्येक पेटी में 750 एमएल की 12 बोतलें थीं। शराब हरियाणा से लाकर अवैध रूप से यहां खपाने की तैयारी थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितेश प्रधान, उम्र 30 वर्ष, पिता-इन्द्रजीत प्रधान, ग्राम-बागलता, थाना-कवाली, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर लिया है तथा आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

# डीडीसी ने मैट्रिक -इंटर परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी द्वारा प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा चास स्थित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था, सीसीटीवी, केंद्र पर तैनात दंडाधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को अनुशासित एवं सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के तीसरे दिन आयोजित विषयों की जानकारी ली। डीडीसी ने केंद्राधीक्षक से छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# सभी कोषांगों से समन्वय कर कम्यूनिकेशन प्लान तैयार करें : उपायुक्त अजय नाथ झा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को लेकर जिले में निर्वाचन तैयारियों चरम पर है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डीईओ सह डीसी ने सभी कोषांगों को निर्वाचन से संबंधित दायित्वों का सही, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित (जीरो एरर) निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**कोषांगों को दिए गए प्रमुख निर्देश**

सभी कोषांग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समग्र कम्यूनिकेशन प्लान तैयार करें। मतपेटियों की आपात मरम्मति हेतु चास नगर निगम क्षेत्र के लिए 04 टीम, फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के लिए 02 टीम गठित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण कोषांग को द्वितीय चरण के प्रशिक्षण की तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया, जो आगामी 13 फरवरी से प्रारंभ होगा। सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद को सामाग्री कोषांग को 10 फरवरी तक मेडिकल किट उपलब्ध कराने का निर्देश, साथ ही पर्ची पर उसकी उपयोगिता स्पष्ट रूप से अंकित करने को कहा गया।

**इन कोषांगों की हुई क्रमवार समीक्षा**

बैठक में निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था सह आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना प्रौद्योगिकी कोषांग एवं नियंत्रण कक्ष कोषांग की क्रमवार कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।

**आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन अनिवार्य**

डीईओ सह डीसी ने सभी पदाधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कर का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के चुनाव कार्यालय उद्घाटन में शामिल होने का व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च में जुटेगा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 अंतर्गत चास नगर निगम (वर्ग-ख) क्षेत्र अंतर्गत महापौर पद के लिए चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थी अविनाश कुमार द्वारा भगवती कॉलोनी, चास में स्थापित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा पिछले दिनों किया गया। मा. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के चास आगमन, कार्यक्रम में शामिल होने तथा वापसी के दौरान हुए व्यय को संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ा जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) के निर्देश पर निवार्ची पदाधिकारी, चास नगर निगम सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ), चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक, चास नगर निगम को विधिवत प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

---

# 12 फरवरी की प्रस्तावित आम हड़ताल में भारतीय मजदूर संघ व संबद्ध यूनियन शामिल नहीं : विनोद कुमार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ के महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित आम हड़ताल में उनका यूनियन शामिल नहीं है। यह हड़ताल का कुछ ट्रेड यूनियनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा ने आह्वान किया है। यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। बीएमएस चारों श्रम संहिताओं का स्वागत करता है, किंतु उनमें से एक संहिताओं से संबंधित कुछ बिंदुओं पर अपनी आपत्तियां और चिंताएं भी व्यक्त करता रहा है। बीएमएस ने स्पष्ट किया है कि वेतन संहिता,सामाजिक सुरक्षा तथा ऑक्युपेशनल हेल्थ संहिता ऐतिहासिक और क्रांतिकारी है जबकि शेष एक संहिता की कुछ धाराओं को लेकर चिंताएं हैं। इन मुद्दों को 13 और 21 नवंबर को भारतीय मजदूर संघ एवं श्रम मंत्री के साथ हुई वार्ता में विस्तार से चर्चा के पश्चात श्रम मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार भारतीय मजदूर संघ द्वारा उठाए गए आपत्तियों पर उचित समाधान निकालेगी। इसके अतिरिक्त बीएमएस ने श्रम से संबंधित विभिन्न विषयों पर सरकार के समक्ष कई अन्य मांगे भी रखी हैं। श्रम मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया है कि इन मुद्दों पर भी समुचित रूप से विचार कर समाधान किया जाएगा।

**इस हड़ताल का कुछ ट्रेड यूनियनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा ने किया आह्वान**

---

# पुलिस सुरक्षा के बीच हत्या आरोपी विनोद खोपड़ी के अवैध निर्माण पर चला बीएसएल का बुलडोजर







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जेल में बंद हत्या आरोपी चास नगर निगम महापौर पद के प्रत्याशी विनोद कुमार द्वारा बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 6 में किए गए अवैध निर्माण को आज ध्वस्त कर दिया गया। बुलडोजर की कार्रवाई बोकारो स्टील प्लाट के संपदा न्यायालय के आदेश पर की गई है। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान बोकारो स्टील के नगर प्रशासन विभाग के जीएम एके सिंह, डीएसपी सिटी आलोक रंजन और मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि 20 से अधिक अपराधिक मामलों में जेल में बंद विनोद कुमार के अवैध निर्माण को आज न्यायालय के आदेश पर ध्वस्त किया गया। यह एक मैसेज है की जो भी गलत काम करेगा उसके ऊपर कार्रवाई होगी। वही नगर प्रशासन के जनरल मैनेजर एके सिंह ने बताया कि इस जमीन पर विनोद कुमार का अवैध कब्जा था। इस कब्जे को लेकर संपदा न्यायालय में मामला चला। संपदा न्यायालय के आदेश पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है।

---

**बोकारो पुलिस अलर्ट मोड में, सघन वाहन जांच जारी**

# बोकारो पुलिस को प्रेस लिखे एक काले रंग की गाड़ी की है तलाश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी में इन दिनों खासकर रात को पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारी स्वयं वाहन जांच में जुटे हुए है। विदित हो कि बोकारो स्टील सिटी में इन दिनों भय का माहौल बना हुआ है। पिछले 15 दिनों में घर से गायब दो महिलाओं का पुलिस ने शव बरामद किया, जबकि सेक्टर 12 से बाजार जाने की कह कर घर से निकली महिला रिंकू देवी का अभी तक पुलिस पता नहीं लगा पाई है। इसी बीच दो दिन पूर्व नगर के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम के निकट एक काली रंग की गाड़ी जिस पर प्रेस लिखा था, जिसमें तीन महिलाएं सवार थीं। उन महिलाओं ने स्टेडियम के पास से पैदल गुजर रही युवती को घर छोड़ देने की बात कह गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। युवती के मोबाइल पर उसी वक्त कॉल आ जाने के बाद वह संदिग्ध गाड़ी तेजी से आगे बढ़ गई। पुलिस उस गाड़ी की भी तलाश में जुटी हुई है। इन घटनाओं के बाद बोकारो में तरह तरह की चर्चा है। महिलाओं और युवतियों ने भय व्याप्त है। इस बीच अंधेरा होते ही नगर में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। चौक चौराहों पर वाहन जांच की जा रही है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन नगर वासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उन्होंने कहा, भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com